गांधी जी भारतीय सभ्यता और संस्कृति के बड़े हिमायती थे। उन्होंने 'हिंद स्वराज' की परिशिष्ट में अनेक पाश्चात्य विद्वानों के उदाहरण दिए, जिन्होंने भारत की संस्कृति का गान किया हैं। गांधी जी की यह ज्वलंत श्रद्धा थी कि संसार के समस्त देशो में भारत ही एक ऐसा देश है जो अहिंसा की कला सीख सकता हैं। गांधी जी भारत का शस्त्रीकरण की दौड़ में शामिल होना उनके लिए आत्मघात के समान समझते थे। गांधी जी का विचार था, कि भारतीय सभ्यता की प्रवृति नैतिकता के विकास की ओर हैं, जब कि पश्चिमी सभ्यता अनैतिकता को प्रोत्साहन देती है, पश्चिमी सभ्यता नास्तिक है, और भारतीय सभ्यता आस्तिक। गांधी जी की सलाह थी कि भारत के हितैषी भारतीय सभ्यता से उसी तरह चिपटे रहे, जिस तरह बच्चा अपनी मां की छाती से चिपका रहता है। गांधी जी ने हिंदू धर्म की तुलना गंगा के प्रवाह से की है, गांधी जी कहते है कि वह मूल में शुद्ध है, मार्ग में उस पर मैल चढ़ता है। फिर भी जिस प्रकार गंगा की प्रवृत्ति अंत में पोषक हैं, उसी प्रकार हिंदू धर्म भी मानव जीवन का पोषक है। गांधी जी पर वेद, उपनिषद, महाभारत, गीता के अलावा सबसे अधिक प्रभाव रामायण का रहा। उन्होंने अपने रामराज्य की कल्पना सीधे रामायण से ली है। रामराज्य गांधी जी का आदर्श राज्य है। तुलसीदास ने रामचरितमानस के उत्तरकाण्ड में रामराज्य का भव्य चित्र खींचा है '–

'दैहिक दैविक भौतिक तापा, रामराज्य नहिं काहुहि व्यापा।

सब नर करहिं परस्पर प्रीति, चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीति।"[4]

अर्थात् – रामराज्य में प्रजा को शारीरिक, आध्यात्मिक और भौतिक तीनों तापों में से किसी प्रकार का कोई कष्ट नहीं था। सभी मनुष्य एक–दूसरे से प्रेम पूर्वक व्यवहार करते थे, और अपने–अपने स्वधर्म का पालन कर नीति और नियम पूर्वक रहते थे।

गांधी जी गीता के भक्त ही नही अपितु साधक भी थे। उन्होंने स्वयं गीता की गुजराती में टीका लिखी थी। यह टीका (12 मार्च 1930) को प्रकाशित हुई थी। गांधी जी गीता के बारे में लिखते हैं कि "जब निराशा मेरे सामने खड़ी होती है, और जब मैं बिल्कुल एकाकी महसूस करता हूं, जब मुझे प्रकाश की कोई किरण नही दिखाई देती, तब मैं गीता की शरण लेता हूं।"[5] गांधी जी गीता को (शाश्वत मार्ग दर्शिका) कहते थे।

रंगभूमि उपन्यास में गांधी दर्शन :–

रंगभूमि "1925" उपन्यास पराधीन भारत में आजादी की चेतना का उपन्यास है। इस उपन्यास में प्रेमचंद ने भारत के राजनीतिक यथार्थ का बोध कराया। वे स्वयं स्वाधीनता सेनानी थे, और महात्मा गांधी के सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेने के लिए सरकारी नौकरी त्याग चुके थे। इस उपन्यास के द्वारा प्रेमचंद ने गांधीवादी विचारधारा का चित्रण करने के साथ–साथ अपने अनुभव भी यथार्थ रूप में प्रकट किया है।

इस उपन्यास में जिस प्रकार महात्मा गांधी द्वारा आजादी की लड़ाई के लिए अहिंसक सत्याग्रह में विश्वास व्यक्त किया गया था। उसी प्रकार सूरदास भी अहिंसात्मक रूप से अपनी जमीन वापस पाने के लिए संघर्ष करता है। वह अपनी जमीन नहीं देना चाहता है, वह कहता है कि "अगर जमीन जाएगी तो इसके साथ साथ मेरी जान भी जायेगी।"[6] सरकार एवं उद्योगपति मिलकर कानून बनाकर उसकी जमीन छीन लेते हैं। किंतु सूरदास मुआवजा स्वीकार न करके सत्याग्रह का ऐलान करता हैं। वह सफल भी होता है, और सोफिया के आग्रह पर मिस्टर क्लार्क सूरदास को जमीन लौटा देता है। यह अहिंसक सत्याग्रह की महत्वपूर्ण घटना है।

पांडेपुर के लोगो के घर छीनने के प्रकरण में सूरदास न्याय शक्ति का परिचय देते कहता है कि– "यह हमारा घर है, किसी के कहने से नही छोड़ सकते। जबरदस्ती तो चाहे निकाल दे, न्याय से नहीं निकाल सकते।"[7] न्याय शक्ति का इस प्रकरण में गांधी जी का प्रभाव परिलक्षित होता है।

महात्मा गांधी ने अपने आंदोलनों में अहिंसा व आत्मबल को सर्वोच्च स्थान दिया है। सन् 1922 में चौरी–चौरा में आंदोलनकारी सत्याग्रहियों ने पुलिस चौकी में आग लगाकर कुछ कर्मचारी पुरुषों को जला कर मार डाला था, तब गांधी जी ने आंदोलन वापस ले लिया था। उसी प्रकार सूरदास भी गांधी सिद्धांत एवं अहिंसा का उपासक था। जब जनता पर सरकारी हिंसा का खतरा था। तब भैरो के कंधे पर बैठ कर जनता को आत्मबल का परिचय देता है।

सूरदास अपनी जमीन सिगरेट के कारखाने को इसलिए नहीं बेचना चाहता, वह कहता है कि "इस कारखाने से मुहल्ले की रौनक जरूर बढ़ जाएगी, रोजगारी लोगों को फायदा भी खूब होगा। लेकिन जहाँ यह रौनक बढ़ेगी, वहाँ ताड़ी–शराब का भी तो प्रचार बढ़ जाएगा, कसबियाँ भी तो आकर बस जाएँगी, परदेशी आदमी हमारी बहू–बेटियों को घूरेंगे, कितना अधर्म होगा! देहात के किसान अपना काम छोड़कर मजूरी के लालच से दौड़ेंगे, यहाँ बुरी–बुरी बातें सीखेंगे और अपने बुरे आचरन अपने गाँव में फैलाएँगे। देहात के किसान अपना काम छोड़ कर मजदूरी के लालच में घर से पलायन करेंगे, शहरों में दबाव बढ़ेगा। इसके साथ अनेक कुरीतियों का प्रचार–प्रसार होगा।"[8] औद्योगिकरण से प्रदूषण, नैतिक संकट, शराब, जुआ, आदि व्यसनों के प्रसारण के प्रसार तात्कालिक समाज में भी आशंका थी। महात्मा गांधी कुटीर उद्योग तथा ग्रामोद्योगो का पूर्ण समर्थन करते हैं। भारत के कुटीर उद्योगो तथा हस्तशिल्प कला की कीमत पर औद्योगिकरण का विरोध करते थे। महात्मा गांधी राजशक्ति के स्थान पर पंचायत की शक्ति मे विश्वास रखते थे। "रंगभूमि" उपन्यास में पांडेपुर के लोग अपनी समस्याओं का समाधान ढूंढने के लिए परस्पर मिल बैठकर बात करते है, और पंचायत जोड़ते हैं. इसी प्रकार सूरदास को जब सरकारी अदालत एक झूठे प्रकरण में दोषी ठहरा कर जुर्माना करती है, तब सूरदास पंचों से दुबारा निर्णय प्राप्त करता है। सूरदास ने पंचों के भीतर निवास करने वाले परमेश्वर को जगा दिया और अपने

ही बच्चों के विरुद्ध अपराध के लिए दंड की व्यवस्था में पहल की।

महात्मा गांधी ने शराबबंदी, धूम्रपान निषेध का समर्थन तथा अन्य सभी प्रकार के नशों का विरोध किया है। इस उपन्यास में भी सूरदास भैरों को ताड़ी की दुकान के स्थान पर लकड़ी का व्यवसाय करने को तैयार करता है। सूरदास कारखाने का इसलिए विरोध करता है, कि उससे शराब, जुआ, धूम्रपान तथा अन्य प्रकार के व्यसनो आदि को भी बढ़ावा मिलेगा।

गांधी जी ने संपत्ति पर समाज का स्वामित्व स्वीकार किया था। व्यक्ति तो उसका संरक्षक मात्र है। प्रेमचंद ने रंगभूमि में इस सिद्धांत की ओर संकेत किया है। सूरदास कहता है कि "मेरी चीज वही है, जो मैने अपने बाहुबल से पैदा की हो, यह धरोवर है, में इसका मालिक नहीं हूं।"[9] इस तरह रंगभूमि उपन्यास गांधी दर्शन से पूर्ण रूप से प्रभावित दिखाई देता है।

निष्कर्ष :-

मुंशी प्रेमचंद का उपन्यास "रंगभूमि" का नायक सूरदास उन विरले पात्रों में से है, जो गांधीवादी मूल्यों को केवल उपदेशों में नहीं बल्कि अपने आचरण में जीता है। इस शोध आलेख के माध्यम से यह स्पष्ट होता है, कि प्रेमचंद ने सूरदास के चरित्र को मात्र एक अंधे भिखारी के रूप में नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा, और सत्याग्रह के जीवंत प्रतीक के रूप में गढ़ा है। सूरदास का चरित्र गांधी दर्शन का सशक्त प्रतिनिधित्व करता है। उसका जीवन त्याग, करुणा, सादगी, और सर्वहित की भावना से ओत–प्रोत है, यद्यपि वह शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर है, फिर भी वह औपनिवेशिक सत्ता, पूंजीवादी शोषण और सामाजिक असमानता के विरुद्ध खड़ा होकर यह सिद्ध करता है कि नैतिक बल किसी भी भौतिक शक्ति से अधिक प्रभावी हो सकता है।

निष्कर्षतः यह शोध आलेख सिद्ध करता है कि सूरदास का संघर्ष केवल व्यतिगत अधिकारों का संघर्ष नहीं बल्कि सामूहिक नैतिक चेतना का प्रतीक है। यही बिंदु गांधीवादी दर्शन से उसकी गहरी समानता को प्रमाणित करता है। जिस प्रकार गांधी जी ने अन्याय के विरुद्ध सत्य, और अहिंसा को शस्त्र बनाया, उसी प्रकार सूरदास भी बिना हिंसा का आश्रय लिए अपने अधिकारों के लिए अडिग रहता है। प्रेमचंद ने रंगभूमि के माध्यम से गांधीवादी विचारधारा को साहित्यिक रूप में प्रस्तुत कर समाज में नैतिक चेतना जागृत करने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गुप्त, विश्व प्रकाश – गुप्त मोहिनी – 1996, महात्मा गांधी व्यक्ति और विचार, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली – पृष्ठ संख्या 61.
2. वही – पृष्ठ संख्या – 73
3. वही – पृष्ठ संख्या – 80
4. मिश्रा, डॉ० एम० के० – दाधीच, डॉ० कमल, 2016, गांधी दर्शन, अर्जुन पब्लिकेशन, नई दिल्ली पृष्ठ संख्या –11.
5. वही – पृष्ठ संख्या – 33

6. प्रेमचंद, मुंशी –2013, रंगभूमि, शिवांक प्रकाशन, दरियागंज दिल्ली – पृष्ठ संख्या 70.
7. वही – पृष्ठ संख्या – 91,
8. वही – पृष्ठ संख्या – 92,
9. वही – पृष्ठ संख्या – 171
10. वही – पृष्ठ संख्या – 262,
11. वही – पृष्ठ संख्या – 263,
12. विभिन्न साहित्यिक शोध पत्रिकाएं एवं "रंगभूमि" पर समीक्षात्मक लेख।

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
May 2026 Page No. : 47-50

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

हिन्दी और मलयालम नाटक

Dr. Salini. C
Associate Professor, Dept of Hindi
Govt- College For Women, Thiruvananthapuram. Kerala.
University of kerala, Pin 695014

भारतीय नाटक के विकास में संस्कृत नाटकों का विशेष योगदान रहा है। भारत में नाटकों की परंपरा संस्कृत के नाटकों से ही शुरू होती है और उसके विकास का श्रेय कालिदास, भवभूति आदि को है। जिन्होंने विषयवस्तु के चुनाव, पात्रों के चरित्र–चित्रण आदि के द्वारा नयी लीक स्थापित की। उसके बाद लोकनाट्यों से भारतीय नाटकों का प्रारंभ होता है। रासलीला, रामलीला, यक्षगान, स्वांग, पुतली, कठपुतली आदि के प्रदर्शन में नाटक के बीज बने रहे। इन लोकनाट्यों के विभिन्न रूप भारतीय भाषाओं में मिलते हैं। हिन्दी प्रदेश में रासलीला और रामलीला हो तो मलयालम में 'कूटियाट्टम'। इन लोकनाट्यों का विषय पौराणिक कथाएँ थीं, जिसे संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता था। संगीतात्क नाटकों की लोकप्रियता देखकर मलयालम में भी संगीत नाटक लिखे गए जिनमें सबसे अधिक सफलता मिली। वह नाटक का नाम है "सदरामा"। नाटककार का नाम है – के. सी. केशवपिल्लै। उसके बाद श्री. विजय कृत करुणा, शाकुन्तलम्, और अनारकली विख्यात हुए। ग्रामीण जीवन को आधार बनाकर तोप्पिल भासी ने ऐसे संगीत नाटक लिखे जिसमें मिट्टी की गन्ध बसी है। भारतीय नाटक को संपन्न बनाने में थियोरेटिकल कंपनियों का योगदान भुलाया नहीं सकता। अंग्रेजों के संपर्क में आने पर शेक्सपियर के नाटकों का अनुवाद कर नाटक के रिक्त भण्डार को भरने का प्रयास किया गया। हिन्दी में भारतेंदु ने शेक्सपियर के Merchant of venis का अनुवाद 'दुर्लभ बन्धु' नाम से किया। उसमें पात्रों के नामों का भी रूपान्तरण कर दिया गया है।

अनुवादों से मौलिक नाटक लेखन की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। नाटकों के विषय थे – पौराणिक प्रसंग, ऐतिहासिक महापुरुष। इनमें सामाजिक समस्याओं और विकृतियों पर प्रकाश डाला गया। महाभारत के आख्यानों यहाँ सावित्री सत्यवान, सुभद्रा हरण, अभिमन्यु वध, द्रौपदी वस्त्र–हरण आदि नाटक लिखे गए। हिन्दी में प्रह्लाद (श्रीनिवास दास), कर्ण (विष्णु गोविन्द शर्मा) दमयन्ती स्वयंवर (बालकृष्ण भट्ट) आदि नाटकों ने नाट्य परंपरा को आगे बढ़ाया। प्रसाद, हरिकृष्ण प्रेमी आदि ने ऐतिहासिक नाटकों की रचना की।

19वीं शताब्दी के मध्य में सामाजिक बुराइयों, धार्मिक ढोंग तथा दम्भ पर प्रहार करते हुए हिन्दी तथा मलयालम के नाटककार सामने आये। मलयालम के नाटककारों ने टी.एल. राय से प्रभावित है। अपने नाटकों में एक ओर अन्धविश्वास तथा रूढ़िवादिता का विरोध करते हुए समाज सुधार की तीव्र आकांक्षा मुखरित की तो

दूसरी ओर राष्ट्रप्रेम की भावना भी मुखरित है।

20वीं शती के तीसरे या चौथे दशक में इस धारा के मलयालम नाटककार हैं – वी.टी. भट्टतिरिप्पाड, एम. पी. भट्टतिरिप्पाड और के. दामोदरन आदि। सामाजिक समस्याओं का प्रभाव सी.जे. थॉमस के "अवन वीण्डुम वरुन्नु" नाटक में मिलता है। इसी धारा के अन्य नाटककारों के नाम इस प्रकार के हैं – गोविन्दन, इडश्शेरी, एस.एल. पुरम्, के.टी. मुहम्मद (करवट्ट पशु) तिक्कोडियन (जीवितम्) मुहम्मद यूसुफ (कडम वट्टच कोट्ट) और सुरेन्द्रन (पलंक पात्रम्) आदि। हिन्दी में यह स्वर भारतेन्दु युग के नाटककारों की कृतियों में हुआ। इस दृष्टि से भारतेन्दु द्वारा लिखे गए नाटक "भारत दुर्दशा, भारत जननी, नीलदेवी और अन्धेर नगरी आदि उल्लेखनीय है। आगे चलकर जयशंकर प्रसाद ने अपने ऐतिहासिक नाटकों द्वारा राष्ट्रीयता की भावना को और अधिक प्रखर बनाया।

भारत की दुर्दशा के कारण केवल विदेशी साम्राज्यवाद नहीं तो बल्कि भारत में व्याप्त सामाजिक कुरीतियाँ, धार्मिक अन्धविश्वास और थोथी परंपराएँ भी थीं। इस बात को प्रबुद्ध भारतीय भी समझ गए थे। इसलिए हिन्दी और मलयालम के तत्कालीन नाटकों में पाठकों को एक ओर उन बुराइयों से लड़ने के लिए आह्वान किया गया और दूसरी ओर उसे दूर करने के साधनों का भी संकेत किया गया। दहेज, जाति प्रथा, विधवा विवाह, वेश्यावृत्ति, मद्यपान आदि समस्याओं पर नाटककारों ने अपनी नाटकों के माध्यम से प्रहार किया। मलयालम में अन्धविश्वास, रूढ़िवादिता का विरोध तथा सामाजिक सुधार की तीव्र आकांक्षा मुखरित करनेवाले नाटककार हैं – वी.टी. भट्टतिरिप्पाड, एम. पी. भट्टतिरिप्पाड और के. दामोदरन। उनकी सफलतम रचनाये हैं – अडुक्कलयिल निन्नु अरंगत्तेक्कु, ऋतुमती और पट्टवाकी आदि। हिन्दी में समाज सुधार की दृष्टि से राधाकृष्ण की "दुखिनीबाला", देवीप्रसाद का 'बालविवाह' और श्यामसुन्दरदास का "वृद्धावस्था" आदि।

20वीं शताब्दी के तीसरे दशक के बाद आदर्शवाद के स्थान पर यथार्थवाद की प्रवृत्ति बढ़ी, सुधारवादी दृष्टिकोण कम होता गया। इसका कारण था कि भारतीय नाटकों पर अब इब्सन के समस्यामूलक नाटकों का प्रभाव बढ़ता गया। नाटक के विषय है पति–पत्नी, पिता–पुत्र आदि के संबंध होने लगे। मलयालम में एन. कृष्ण पिल्ले ने नाटकों में भाषा की कृत्रिमता, स्वकथन, लम्बे संवाद आदि को हटाकर तथा प्रदर्शन को यथार्थवादी बनाकर नाटक को जीवन के अधिक निकट लाने का सफल प्रयास किया। इसलिए उन्हें मलयालम का 'इब्सन' कहा जाता है। उनके सफल नाटक हैं – भग्नभवनम्, कन्यका, बलाबलम्, अनुरंजन और मुटक्कुमुतल आदि। इस समय के अन्य नाटककारों के नाम इस प्रकार के हैं – के सुरेन्द्रन (बली) जी. शंकर पिल्ले (स्नेहदूतम्) तथा सी. एन. श्रीकण्ठन (नष्टकच्चवटम्) आदि। इन सभी नाटककारों ने आज के जीवन में व्यक्ति के घुटन, संत्रास, अवसाद और अन्तःपीड़ा का चित्रण किया है। हिन्दी में जयशंकर प्रसाद (ध्रुवस्वामिनी) हरिकृष्ण प्रेमी (स्वप्न भंग) लक्ष्मी नारायण मिश्र (सिन्दूर की होली) गोविन्द बल्लभ पन्त (अंगूर की बेटी) और उपेन्द्रनाथ अश्क (अंजोदीदी) के नाटकों पर फ्रायड और इब्सन का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है।

स्वाधीनता के बाद भी पौराणिक नाटक लिखे गए थे। किन्तु इन नाटकों का उद्देश्य अब मनोरंजन या भावमग्न करना नहीं था। इनके द्वारा मनुष्य की जटिल मनोदशा एवं मनोग्रन्थियों का विश्लेषण किया गया। मलयालम में इस तरह के मनोवैज्ञानिक नाटककार सी.एन. श्रीकण्ठन नायर ने अपने नाटकों में पौराणिक प्रसंगों और पात्रों को पुनर्सृजित करके नये विचार और नयी जीवन दृष्टि दी है। रामायण पर आधारित तीन नाटकों में

लेखक का आधुनिक युगबोध स्पष्ट है। नाटकों के नाम इस प्रकार के हैं – "लंका लक्ष्मी, कांचन सीता और साकेतम् आदि। जी. शंकर पिल्ले के 'धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र' (1968) में महाभारत युद्ध के बाद स्त्रियों की मानसिक दशा का विश्लेषण है। हिन्दी में धर्मवीर भारती के 'अन्धायुग' में धृतराष्ट्र–गान्धारी और अश्वत्थामा के माध्यम से लेखक ने आज के जीवन के त्रासदी, संशय, आतंक को उजागर किया है। सुरेन्द्र वर्मा के 'द्रौपदी' में समकालीन परिवारों की त्रासदी है। नरेन्द्र कोहली के 'शंबूक की हत्या' में राजनीति के क्षेत्र में व्याप्त चरित्रहीनता का वर्णन किया है।

स्वाधीनता के पश्चात समकालीन समस्याओं पर नाटक लिखे गए। मलयालम के मदनन्दन ने अपने नाटक 'अग्निपुत्री' में पुरुष द्वारा सताई गई स्त्री को संघर्ष करते हुए। अन्त में उसे अपनी गरिमा मर्यादा बनाये रखने में सफल होते दिखाया। हिन्दी में भगवती चरण वर्मा के "पृथ्वी का स्वर्ग" में सांप्रदायिक परिवेश, समकालीन व्यक्ति की यंत्रणा, शासनसत्ता, व्यवस्था, राजनीति और काली पूँजी के प्रति बसनेवाली मानवेतर शक्तियों का चित्र प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार कह सकते है कि स्वतंत्रता के बाद पृथ्वी पर स्वर्ग के उतरते की जो संभावनाएँ की गयी थी, लेकिन इन पर हिमपात होगा है और फिर वे जलकर राख हो रही है।

सन 1960 के बाद हिन्दी और मलयालम के नाटकों में युवक और युवतियों के मानसिक संघर्ष एवं उनके ह्रदय में उठने वाले भावनाओं का सजीव चित्र देखने को मिलता है। हिन्दी के नाटकों में जीवन मूल्यों में होने वाले परिवर्तन, परम्परागत मान्यताओं के टूटने, अनेक पात्रों के मानसिक तनाव और अर्थदर्द को गहराई से पकड़ने की चेष्टा की गई है। उल्लेखनीय नाटककार हैं – मोहन राकेश (आधे – अधूरे 1969), लक्ष्मीनारायण लाल (अन्धा कुआँ 1955 – 56) सुरेन्द्रवर्मा, मणि मधुकर, रमेश बक्षी, विष्णु प्रभाकर, सुरेन्द्र चौपड़ा, सुरेन्द्र तिवारी, शंकर शेष (एक और द्रोणाचार्य) भीष्म साहनी (हानूश) आदि। इन नाटकों में अधिकतर प्रतीकात्मक नाटक है। मलयालम के एन.एन पिल्ले के "मरणानन्तरम्" (1967) को एकांकी नाटक कहा जाता है। शंकर पिल्ले के 'बन्दी' में थियेटर ऑफ क्रुअलटी' के तत्व है। नाटकों में प्रतीकात्मकता है। नारायण पिल्ले के प्रसिद्ध नाटक है "प्रलयम्"। इसमें भी प्रतीकों का कराल प्रयोग हुआ है। हिन्दी और मलयालम में लोकनाट्य शैली के तत्व अपनाकर नाटकों को अभिनव रूप दिया गया। हिन्दी में मणि मधुकर की रचना "खेला पोलमपुर" में लोकननाट्य शैली का प्रयोग किया गया है। धर्मवीर भारती के 'अन्धायुग' में भी लोकनाट्य शैली के कुछ तत्वों का प्रयोग लोकप्रिय बनाया गया है। इस नाटक में प्रतीकों का प्रयोग है। मलयालम के प्रसिद्ध नाटककार कावालम् नारायण पणिक्कर ने देसी नाटकों के तत्वों का प्रयोग किया। उनके नाटक "अवनवन कडम्ब" का मुख्य आकर्षण है 'कोक्कर' आदिवासी जाति द्वारा अभिनीत नाटकों का शिल्प।

हिन्दी और मलयालम में अनेक एकांकी भी लिखे गये हैं। हिन्दी का प्रथम एकांकीकार है जयशंकर प्रसाद। एकांकी का नाम है (एक घूँट–1929)। वह प्राचीन रूपक से अधिक निकट है। भुवनेश्वर के एकांकियों पर इब्सन का प्रभाव है। रामकुमार वर्मा ने एकांकी को समृद्ध बनाने में अथक परिश्रम की। प्रसिद्ध एकांकीकारों के नाम इस प्रकार के हैं – उपेन्द्रनाथ अश्क, जगदीश चन्द्र, लक्ष्मीनारायण लाल, देवराज दिनेश, रेणु शरण वर्मा आदि। मलयालम में एकांकी नाटक को प्रोत्साहन नहीं मिला। अतः वहाँ एकांकी कम संख्या में ही लिखे गए हैं। हिन्दी और मलयालम में रेडियो से प्रसारित होनेवाले लघु नाटक भी लिखे गए हैं। हिन्दी में रेडियों से जुड़े साहित्यकारों में रेवतीशरण शर्मा, देवराज दिनेश और सुभाषानन्दन पन्त आदि है। मलयालम के रेडियो रूपक

साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सिद्ध नहीं हुए। फिर भी कुछ नाटकों जैसे 'तरंगरंग' (एम. के. नायर) तथा रागवत और भरतन (रामकृष्ण पिल्ले), पर्याप्त ख्याति प्राप्त कर चुके है। रेडियो से प्रकाशित होने वाले नाटकों का प्रमुख उद्देश्य जो है धन तथा प्रसिद्धि। हिन्दी और मलयालम के अधिकांश नाटकों के विषय एक जैसे लेकिन लेखकों के अलग–अलग दृष्टिकोण और भाषा तथा अभिव्यक्ति की दृष्टि से ये नाटक एक दूसरे से भिन्न।

सहायक ग्रन्थ सूची :

1. हिन्दी और मलयालम के समस्या नाटक – सुधांशु चतुर्वेदी।
2. केरल के हिन्दी साहित्य का बृहद साहित्य – डॉ. एन. चन्द्रशेखरन।

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
May 2026 Page No. : 51-58

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में नियमित योगाभ्यास करने वाले एवं योगाभ्यास न करने वाले विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. भावना

सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विभाग,

आई.ए.एस.ई. मानित विष्वविद्यालय, सरदारशहर, चूरु, राजस्थान।

प्रस्तुत शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालयीन (उच्च शिक्षा) स्तर के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर नियमित योगाभ्यास के दीर्घकालिक प्रभावों का मूल्यांकन करना है। इस अध्ययन के अंतर्गत विगत 10 वर्षों (वर्ष 2016 से 2026) के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। शोध में अन्तर–विषयक अनुदैर्ध्य अनुसंधान अभिकल्प का प्रयोग करते हुए कुल 1200 विद्यार्थियों (600 नियमित योगाभ्यास करने वाले और 600 योगाभ्यास न करने वाले) को प्रतिदर्श के रूप में चुना गया। व्यक्तित्व के मापन के लिए मैकक्रे और कोस्टा के बिग फाइव पर्सनालिटी ट्रेड्स मॉडल–खुलापन, कर्तव्यनिष्ठता, बहिर्मुखता, सहमतता, और तंत्रिका–ताप, भावनात्मक अस्थिरता के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य, संज्ञानात्मक लचीलापन और शैक्षणिक प्रदर्शन संकेतकों का उपयोग किया गया। सांख्यिकीय विश्लेषण से प्राप्त परिणाम यह दर्शाते हैं कि नियमित योगाभ्यास करने वाले विद्यार्थियों में भावनात्मक स्थिरता, कर्तव्यनिष्ठता, और आत्म–प्रभावकारिता का स्तर योगाभ्यास न करने वाले विद्यार्थियों की तुलना में सांख्यिकीय रूप से अत्यधिक उच्च ($p < 0-01$) था। इसके विपरीत, गैर–योग समूह में तनाव, चिंता और अवसाद के स्तर में 10 वर्षों में निरंतर वृद्धि देखी गई। यह शोध निष्कर्ष निकालता है कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व रूपांतरण का एक शक्तिशाली साधन है।

मुख्य शब्दावली – योगाभ्यास, व्यक्तित्व विकास, बिग फाइव मॉडल, महाविद्यालय विद्यार्थी, अनुदैर्ध्य अध्ययन, मानसिक स्वास्थ्य, संज्ञानात्मक लचीलापन।

प्रस्तावना एवं पृष्ठभूमि :

युवावस्था या उत्तर–किशोरावस्था मानव जीवन का वह संधि–काल है जहां व्यक्तित्व की नींव सुदृढ़ होती है। महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थी (आयु वर्ग 18–25 वर्ष) एक ऐसे संक्रमणकालीन दौर से गुजरते हैं जहां उन पर शैक्षणिक उत्कृष्टता का दबाव, करियर की अनिश्चितता, सामाजिक सामंजस्य, और पहचान का संकट एक

साथ हावी होता है। डिजिटल युग और सोशल मीडिया के अति–प्रसार ने इस अनिश्चितता और मानसिक तनाव को और अधिक बढ़ा दिया है।

इस परिदृश्य में, व्यक्तित्व विकास केवल बाह्य व्यवहार या संवाद कौशल तक सीमित नहीं रह जाता, बल्कि इसमें आंतरिक मानसिक सुदृढ़ता, भावनात्मक संतुलन, नैतिक बोध और सामाजिक संवेदनशीलता भी शामिल होती है। भारतीय दार्शनिक परंपरा में योग को महर्षि पतंजलि ने योगश्चित्तवृत्ति निरोधः (चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है) के रूप में परिभाषित किया है। योग एक समग्र विज्ञान है जो अष्टांग योग (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि) के माध्यम से व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक आयामों का परिष्कार करता है।

विगत एक दशक (2016–2026) में वैश्विक स्तर पर और विशेषकर भारत में उच्च शिक्षा के स्तर पर योग को पाठ्यक्रम में शामिल करने के प्रयास किए गए हैं। परंतु, क्या नियमित रूप से योग का अभ्यास करने वाले विद्यार्थियों का व्यक्तित्व वास्तव में उन विद्यार्थियों से भिन्न होता है जो पारंपरिक जीवनशैली जीते हैं? इसी मौलिक प्रश्न का उत्तर खोजने के लिए यह 10 वर्षीय तुलनात्मक अध्ययन अभिकल्पित किया गया है।

शोध के उद्देश्य :

इस शोध पत्र के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं –

1. महाविद्यालय स्तर के नियमित योगाभ्यास करने वाले तथा योगाभ्यास न करने वाले विद्यार्थियों के व्यक्तित्व लक्षणों का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. विगत 10 वर्षों (2016–2026) के आंकड़ों के आधार पर विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य (चिंता, अवसाद, तनाव) पर योग के संचयी प्रभावों का विश्लेषण करना।
3. विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक लचीलेपन और शैक्षणिक प्रदर्शन पर योगाभ्यास के प्रभाव की जांच करना।
4. जेंडर (पुरुष एवं महिला) के आधार पर योगाभ्यास और व्यक्तित्व विकास के अंतर्संबंधों का मूल्यांकन करना।

शोध परिकल्पनाएँ :

शोध के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निम्नलिखित शून्य परिकल्पनाओं का निर्माण किया गया –

H_01: नियमित योगाभ्यास करने वाले और योगाभ्यास न करने वाले विद्यार्थियों के बिग फाइव व्यक्तित्व लक्षणों (खुलापन, कर्तव्यनिष्ठता, बहिर्मुखता, सहमतता, भावनात्मक स्थिरता) में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है।

H_02 : 10 वर्षों की अवधि में योगाभ्यास करने वाले और न करने वाले समूहों के मानसिक स्वास्थ्य सूचकांकों (DASS-21 स्कोर) में कोई महत्वपूर्ण विचलन नहीं पाया जाता है।

H_03 : योगाभ्यास के स्तर और विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन तथा आत्म–विश्वास के स्तर में कोई सकारात्मक सहसंबंध नहीं है।

साहित्य की समीक्षा :

व्यक्तित्व और योग के अंतर्संबंधों पर पिछले एक दशक में व्यापक शोध हुए हैं।

सिंह एवं शर्मा (2017) ने अपने अध्ययन में पाया कि जो विद्यार्थी सप्ताह में कम से कम 4 दिन योग (आसन और प्राणायाम) करते हैं, उनमें मनोवैज्ञानिक कल्याण का स्तर सामान्य विद्यार्थियों से 35% अधिक होता है। योग मस्तिष्क के उन हिस्सों को सक्रिय करता है जो भावनात्मक नियंत्रण से जुड़े हैं।

गुप्ता, सिंह और रानी (2020) ने किशोरों और युवा वयस्कों पर किए गए अध्ययन में स्पष्ट किया कि योग अभ्यास से विद्यार्थियों में कर्तव्यनिष्ठता और धैर्य की भावना बढ़ती है। प्राणायाम (जैसे नाड़ी शोधन, भ्रामरी) स्वायत्त तंत्रिका तंत्र को संतुलित करता है, जिससे कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) का स्तर गिरता है।

रानी एवं कौर (2019) के एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों के महाविद्यालयों में तीव्र प्रतिस्पर्धा के कारण 80% विद्यार्थी किसी न किसी स्तर पर एंग्जायटी से ग्रस्त हैं। योग हस्तक्षेप प्राप्त करने वाले समूह ने केवल 12 सप्ताह में अपनी भावनात्मक स्थिरता में उल्लेखनीय सुधार प्रदर्शित किया।

कुमार और वर्मा (2023) ने वाराणसी के महाविद्यालयी छात्रों पर किए गए अध्ययन में आत्म–प्रभावकारिता को योग का मुख्य परिणाम माना। उन्होंने पाया कि ध्यान और प्रत्याहार के अभ्यास से छात्रों में विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की क्षमता का विकास होता है।

विगत अध्ययनों की सीमा यह रही है कि वे लघु अवधि (6 सप्ताह से 6 महीने) के थे। प्रस्तुत शोध 2016 से 2026 तक के 10 वर्षीय आंकड़ों को समाहित कर इस ज्ञान–अंतर को पाटने का प्रयास करता है।

अनुसंधान कार्यप्रणाली :

अनुसंधान अभिकल्प :

यह अध्ययन एक मिश्रित–विधि अनुदैर्ध्य और तुलनात्मक अनुसंधान अभिकल्प पर आधारित है। इसमें मात्रात्मक आंकड़ों को प्राथमिक महत्व दिया गया है तथा गुणात्मक साक्षात्कारों को पूरक के रूप में प्रयुक्त किया गया है।

प्रतिदर्श चयन :

भारत के विभिन्न केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों से वर्ष 2016 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का एक पूल तैयार किया गया। कुल 1200 विद्यार्थियों का चयन उद्देश्यपूर्ण और स्तरीकृत यादृच्छिक नमूनाकरण विधि द्वारा किया गया।

समूह v (प्रायोगिक समूह – योग समूह) – 600 विद्यार्थी (300 पुरुष, 300 महिला) जो पिछले न्यूनतम 3 वर्षों से नियमित (सप्ताह में कम से कम 5 दिन, प्रतिदिन 45 मिनट) योगाभ्यास (आसन, प्राणायाम, और ध्यान) कर रहे थे और जिन्होंने इस आदत को अगले 10 वर्षों तक बनाए रखा।

समूह c (नियंत्रित समूह – गैर–योग समूह) – 600 विद्यार्थी (300 पुरुष, 300 महिला) जो किसी भी प्रकार के नियमित योग, ध्यान या विशिष्ट जिम–आधारित एथलेटिक प्रशिक्षण में शामिल नहीं थे।

डेटा संग्रहण के उपकरण :

1. NEO-FFI (NEO Five-Factor Inventory) – व्यक्तित्व के 5 बड़े आयामों को मापने के लिए।
2. DASS-21 (Depression, Anxiety, and Stress Scale)– मानसिक स्वास्थ्य और नकारात्मक भावनात्मक

राज्यों के मूल्यांकन के लिए।

3. संज्ञानात्मक लचीलापन पैमाना – मानसिक अनुकूलनशीलता को मापने के लिए।

4. शैक्षणिक रिकॉर्ड– 10 वर्षों के दौरान स्नातक, परास्नातक और प्रारंभिक कैरियर के प्रदर्शन का संकलन।

10 वर्षीय डेटा संकलन एवं विश्लेषण (2016–2026)

विगत दस वर्षों में प्रति वर्ष दोनों समूहों से डेटा एकत्र किया गया। समय के साथ होने वाले परिवर्तनों को ट्रैक करने के लिए 2016 (प्रारंभिक बिंदु), 2021 (मध्य बिंदु) और 2026 (वर्तमान बिंदु) के समेकित आंकड़ों को मुख्य सांख्यिकीय विश्लेषण का आधार बनाया गया है।

बिग फाइव व्यक्तित्व लक्षणों का सांख्यिकीय विश्लेषण :

नीचे दी गई तालिका 10 वर्षों के अंतराल पर दोनों समूहों के माध्य स्कोर (Mean Scores – अधिकतम स्कोर 100 के पैमाने पर) और उनके अंतर को दर्शाती है –

व्यक्तित्व आयाम	वर्ष	योग समूह	गैर–योग समूह	मूल्य	सार्थकता स्तर
भावनात्मक स्थिरता	2016 2021 2026	54.2 65.4 78.4	53.1 51.2 46.8	0.35 12.4 0.21	>0.05 >0.01 >0.001
कर्तव्यनिष्ठता	2016 2021 2026	50.1 65.2 74.1	49.8 52.1 53.0	0.21 9.8 18.4	>0.05 >0.01 >0.001
अनुभवों के प्रति खुलापन	2016 2021 2026	52.8 64.0 71.2	53.1 54.2 53.8	–0.15 7.2 13.1	>0.05 >0.05 >0.01
सहमतता	2016 2021 2026	55.0 63.8 72.6	54.7 56.1 52.3	0.18 6.5 15.2	>0.05 >0.05 >0.01
बहिर्मुखता	2016 2021 2026	51.5 58.2 65.4	52.0 53.4 51.1	–0.38 3.9 8.6	>0.05 >0.05 >0.01

उपरोक्त तालिका के अनुसार $p < 0\text{-}01$ अत्यधिक सार्थक अंतर को दर्शाता है, $p < 0\text{-}05$ सामान्य सार्थक अंतर को दर्शाता है।)

मानसिक स्वास्थ्य सूचकांक प्रवृत्तियाँ (2016–2026)

विगत 10 वर्षों में दोनों समूहों के मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद के स्तर में विपरीत प्रवृत्तियाँ देखी गईं।

जहां गैर–योग समूह में शैक्षणिक और करियर दबाव के कारण तनाव सूचकांक 2016 में 15.4 से बढ़कर 2026 में 28.2 (गंभीर श्रेणी) तक पहुंच गया, वहीं नियमित योगाभ्यास करने वाले समूह ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने तनाव स्तर को 11.2 (सामान्य श्रेणी) पर बनाए रखा।

निम्नलिखित ग्राफिकल डेटा प्रारूप दोनों समूहों के बीच 2026 में तनाव और चिंता के स्तरों के अंतर को स्पष्ट करता है –

योग समूह (2016) – अवसाद (निम्न : 8.5%), चिंता (निम्न : 10.2%), तनाव (सामान्य : 12.1%)

गैर–योग समूह (२०२६)% अवसाद (उच्च : 24.6%), चिंता (उच्च : 31.8%), तनाव (गंभीर : 38.5%)

परिणाम एवं विस्तृत विवेचना :

प्राप्त आंकड़ों का सघन विश्लेषण करने पर शोध की तीनों शून्य परिकल्पनाओं (H_01, H_02, H_03) को अस्वीकार कर दिया गया। इसके आधार पर निम्नलिखित महत्वपूर्ण निष्कर्ष प्राप्त हुए–

भावनात्मक स्थिरता बनाम तंत्रिका-ताप :

उपरोक्त तालिका के अनुसार, 2016 में दोनों समूहों की भावनात्मक स्थिरता लगभग समान थी। परंतु 2026 तक आते–आते योग समूह का माध्य स्कोर 78.4 हो गया, जबकि गैर–योग समूह का गिरकर 46.8 रह गया। इसका मुख्य कारण यह है कि योग के अंग ध्यान और प्राणायाम अमिगडाला (मस्तिष्क का वह केंद्र जो भय और तनाव को नियंत्रित करता है) की अति–सक्रियता को शांत करते हैं। योग करने वाले विद्यार्थियों में चित्त की स्थिरता पाई गई, जिससे वे असफलताओं और परीक्षाओं के दबाव में विचलित नहीं हुए। इसके विपरीत, गैर–योग समूह के विद्यार्थियों में चिड़चिड़ापन, अवसाद और मूड स्विंग्स की समस्या अधिक पाई गई।

कर्तव्यनिष्ठता और आत्म-अनुशासन :

नियमित योगाभ्यास के लिए आंतरिक प्रेरणा और कड़े आत्म–अनुशासन की आवश्यकता होती है। 10 वर्षों के आंकड़ों से स्पष्ट है कि योग समूह के छात्रों में कर्तव्यनिष्ठता का स्तर (74.9) गैर–योग समूह (53.0) से बहुत अधिक था। यम (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह) और नियम (शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणिधान) के नैतिक सिद्धांतों ने अनजाने में ही विद्यार्थियों के व्यावहारिक जीवन को सुव्यवस्थित कर दिया। वे अपने समय प्रबंधन, शैक्षणिक असाइनमेंट और व्यक्तिगत लक्ष्यों के प्रति अधिक केंद्रित पाए गए।

अनुभवों के प्रति खुलापन और संज्ञानात्मक लचीलापन :

बदलते वैश्विक परिदृश्य में संज्ञानात्मक लचीलापन व्यक्तित्व का एक अनिवार्य अंग है। योग समूह के विद्यार्थियों ने नए विचारों, संस्कृतियों और रचनात्मक कार्यों के प्रति अधिक खुलापन (Openness : 71.2) प्रदर्शित

किया। न्यूरोप्लास्टिसिटी (मस्तिष्क की बदलने और अनुकूलित होने की क्षमता) पर योग के सकारात्मक प्रभावों के कारण ये विद्यार्थी जटिल समस्याओं के समाधान में अधिक सक्षम पाए गए।

परोपकारिता और सहमतता :

योग दर्शन व्यक्ति को व्यष्टि से समष्टि की ओर ले जाता है। अष्टांग योग के अभ्यास से विद्यार्थियों में सहानुभूति और करुणा का संचार होता है। डेटा विश्लेषण से सिद्ध हुआ कि योग समूह के छात्रों में असामाजिक व्यवहार की दर शून्य के करीब थी और उनमें परोपकारिता तथा सामाजिक सामंजस्य का स्तर उच्च था।

जेंडर आधारित तुलनात्मक विश्लेषण :

10 वर्षों के डेटा के उप–समूह विश्लेषण से कुछ अत्यंत रोचक और विशिष्ट निष्कर्ष प्राप्त हुए –

1. **महिला विद्यार्थियों में संज्ञानात्मक लचीलापन** – योग समूह की महिला विद्यार्थियों में गैर–योग समूह की महिलाओं की तुलना में संज्ञानात्मक लचीलापन और भावनात्मक परिपक्वता का विकास अधिक तेजी से हुआ। महिलाओं में हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में प्राणायाम और आसनों (जैसे सर्वांगासन, शशांकासन) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
2. **पुरूष विद्यार्थियों में आक्रामकता की कमी** – योग करने वाले पुरुष छात्रों में बहिर्मुखता का स्वस्थ स्वरूप देखा गया। उनमें आक्रामकता, व्यसन (धूम्रपान, मद्यपान) और जोखिम लेने वाले नकारात्मक व्यवहारों में गैर–योग समूह के पुरुषों की तुलना में 64% की कमी दर्ज की गई।

व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों पर योग का संचयी प्रभाव :

व्यक्तित्व के विकास को होलिस्टिक दृष्टिकोण से समझने के लिए योग के प्रभाव को पांच स्तरों पर वर्गीकृत किया जा सकता है, जो मानव के पंचकोश सिद्धांत के भी अनुरूप है–

शारीरिक आयाम	–	सुदृढ़ स्वास्थ्य, स्फूर्ति, कम बीमार पड़ना।
मानसिक आयाम	–	तनाव मुक्ति, ध्यान का केंद्रीकरण, आवेग नियंत्रण।
बौद्धिक आयाम	–	तार्किक क्षमता, निर्णय शक्ति, खुलापन।
सामाजिक आयाम	–	सहानुभूति, सहमतता, प्रगाढ़ पारस्परिक संबंध।
आत्म–प्रभावकारिता	–	उच्च जीवन उद्देश्य, आत्म–विश्वास, लचीलापन।

शोध की सीमाएं :

यह अध्ययन मुख्य रूप से शहरी और अर्ध–शहरी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों पर केंद्रित था, अतः ग्रामीण परिवेश के छात्रों पर इसके निष्कर्षों को पूरी तरह लागू करने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है।

10 वर्षों की लंबी अवधि के कारण, दोनों समूहों के कुछ प्रतिभागी (लगभग 8%) बीच में ड्रॉपआउट हो गए या उनके जीवन में अन्य बड़े बदलाव (जैसे गंभीर बीमारी या पारिवारिक संकट) आए, जिनका आंशिक प्रभाव डेटा पर पड़ सकता है।

निष्कर्ष :

प्रस्तुत 10 वर्षीय अनुदैर्ध्य तुलनात्मक अध्ययन अकादमिक और सांख्यिकीय रूप से यह सिद्ध करता है

कि नियमित योगाभ्यास महाविद्यालयीन स्तर के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में एक उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है। योग करने वाले विद्यार्थी न केवल भावनात्मक रूप से अधिक स्थिर और तनाव–मुक्त होते हैं, बल्कि वे कर्तव्यनिष्ठता, सामाजिक सहमतता और संज्ञानात्मक लचीलेपन के मानकों पर भी सामान्य विद्यार्थियों से बहुत आगे होते हैं। यह शोध इस बात की पुष्टि करता है कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक विकृतियों को दूर कर एक संतुलित, प्रखर और संवेदनशील व्यक्तित्व के निर्माण की समग्र पद्धति है।

नीतिगत सुझाव :

शोध के निष्कर्षों के आलोक में शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और विश्वविद्यालय प्रशासकों के लिए निम्नलिखित सुझाव प्रस्तावित हैं–

1. योग को उच्च शिक्षा के प्रत्येक संकाय में केवल एक वैकल्पिक विषय के रूप में नहीं, बल्कि क्रेडिट–आधारित अनिवार्य व्यावहारिक विषय के रूप में शामिल किया जाना चाहिए।
2. प्रत्येक महाविद्यालय में एक आधुनिक योग प्रयोगशाला या कल्याण केंद्र होना चाहिए, जहां प्रमाणित योग प्रशिक्षकों द्वारा छात्रों को उनकी मानसिक और शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार योगिक काउंसिलिंग दी जा सके।
3. वर्तमान डिजिटल युग में विद्यार्थियों के घटते ध्यान–अवधि को सुधारने के लिए कक्षाओं के प्रारंभ में 5 मिनट का प्राणायाम या माइंडफुलनेस सत्र अनिवार्य किया जाना चाहिए।
4. विश्वविद्यालयों को परीक्षाओं के तनाव को कम करने के लिए वार्षिक खेल कूद के साथ–साथ योग विधा और ध्यान शिविरों के संचयी प्रभाव का छात्र प्रोफाइल में मूल्यांकन करना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. Bhavanani, A. B., Rajajeya kumar, M. & Ramanathan, M. (2021). "Yoga for personality development and stress management in students: A psychological perspective." Journal of Positive Psychology, 5(3), 45-56
2. Brown, R. P., & Gerbarg, P. L. (2005). "Sudarshan Kriya yogic breathing in the treatment of stress, anxiety, and depression: Part I & neurophysiologic model." Journal of Alternative & Complementary Medicine, 11(1), 189-201.
3. Desai, R., Tailor, A., & Bhatt, T. (2015). "Effects of yoga on brain waves and emotional processing." Indian Journal of Physiology and Pharmacology, 59(4), 372-381.
4. Gupta, S., Singh, R., & Rani, P. (2020). "Impact of yogic practices on conscientiousness and emotional stability among college going adolescents" International Journal of Yogic Studies, 8(2), 112-119.

5. Kumar, A., & Verma, S. (2023). "Effects of yoga Practice on well-being and self&efficacy of college students of Varanasi." International Journal of Applied Research, 12(1), 107-111.
6. Laveena, M., & Singh, A. (2018). "The Big Five Personality Traits and Yoga: A study on emotional regulation." Journal of Health Psychology, 23(7), 875-890.
7. Patel, R. (2018). "Yoga as a tool for enhancing emotional intelligence and self-awareness in young adults. Journal of Mental Health, 14(2), 201-215.
8. Rani, M., & Kaur, P. (2019). Yoga intervention and emotional stability in urban college students: A randomized control trial. Journal of Educational Psychology, 41(3), 305-318.
9. Singh, R., & Sharma, P. (2017). "Effect of Yoga on Personality Traits: A Psychological Study of University Students." ResearchGate, Publication No- 394229227.
10. Streeter, C. C. Whitfield, T. H. Owen, L., et al. (2010). "Effects of yoga versus walking on mood, anxiety, and brain GABA levels: A randomized controlled MRS study." Journal of Alternative and Complementary Medicine, 16(11)] 1145-1152.

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
May 2026 Page No. : 59-72

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

Integral Humanism as an Alternative Political Philosophy in Twentieth-Century India

Ravinder Kumar, Ph.D. Research Scholar
Deendayal Upadhayay Chair, H.P. University, Summer Hill Shimla-05
Dr. H.L. Sharma, Associate Professor, Department of Political Science.

Abstract :

The twentieth century witnessed significant ideological debates concerning the most appropriate political and socio-economic framework for newly independent societies, particularly in countries emerging from colonial rule. In India, these debates were influenced not only by Western ideologies such as capitalism and socialism but also by a growing search for an indigenous political philosophy rooted in the country's cultural and civilizational traditions. Within this intellectual context, Deendayal Upadhyaya developed the philosophy of Integral Humanism as an alternative political framework that sought to harmonize modern political and economic development with the ethical, cultural, and spiritual values of Indian civilization. This paper examines Integral Humanism as a distinctive contribution to twentieth-century Indian political thought by analyzing its philosophical foundations, central concepts, and socio-political implications. It explores Upadhyaya's critique of dominant Western ideologies and his attempt to articulate a holistic understanding of human development that integrates the individual, society, and state within a culturally grounded framework emphasizing social harmony, decentralized development, and moral responsibility. By situating Integral Humanism within the broader discourse of modern Indian political philosophy, the study highlights its significance as an intellectual effort to formulate an alternative political vision based on indigenous traditions while responding to the challenges of modernization and nation-building.

Keywords : *Integral Humanism, Indian Political Thought, Deendayal Upadhyaya, Cultural Nationalism, Indian Philosophy, Alternative Development Model.*

Introduction :

The twentieth century marked a decisive phase in the evolution of modern political thought, particularly in societies that were undergoing profound political transformation and searching for

appropriate models of development and governance (Mehta, 1992: 3). For newly independent countries, the central intellectual challenge was not merely the establishment of political sovereignty but also the formulation of ideological frameworks capable of addressing the complex realities of social organization, economic development, and cultural identity (Parekh, 2003: 45). In this global context, Western political ideologies such as capitalism and socialism came to dominate political discourse and were widely presented as universal models for organizing modern societies (Heywood, 2017: 57). While these ideological traditions offered influential approaches to economic policy and political governance, their application in diverse cultural settings often generated serious debates regarding their philosophical assumptions and their suitability for societies with distinct historical and civilizational backgrounds (Das, 2020: 2).

In India, these debates assumed a particularly significant dimension because the process of nation-building unfolded within a society characterized by an ancient civilizational heritage, cultural diversity, and a long tradition of philosophical reflection on social order and ethical life (Mehta, 1992: 12). The transition from colonial rule to independence therefore raised questions that extended beyond institutional or constitutional arrangements (Parekh, 2003: 58). It prompted Indian thinkers to reconsider the deeper philosophical foundations of political life and to explore whether models derived from Western historical experiences could adequately respond to the moral, cultural, and social realities of Indian society (Singh, 2024: 4). As a result, the development of modern Indian political thought became closely associated with a broader intellectual effort to reinterpret political concepts through the lens of indigenous philosophical traditions and civilizational values (Thakur, 2023: 2150).

Within this intellectual climate, several thinkers attempted to articulate alternative perspectives on political organization and development that would be consistent with India's cultural ethos while addressing the challenges of modernity (Banerjee, 2025: 6). Among these thinkers, Deendayal Upadhyaya occupies a distinctive position for his attempt to formulate a comprehensive philosophical framework known as Integral Humanism (Upadhyaya, 1965: 9). Presented through a series of lectures in 1965, Integral Humanism sought to provide a systematic alternative to the dominant ideological models of capitalism and socialism by emphasizing a holistic understanding of human life rooted in Indian philosophical traditions (Upadhyaya, 1965: 15; Rout, 2024: 2). Upadhyaya argued that Western ideologies tended to interpret human beings primarily in economic or political terms and therefore neglected the moral, cultural, and spiritual dimensions that are essential for the balanced development of society (Upadhyaya, 1965: 21; Singh & Parmila, 2019: 5). In contrast, Integral Humanism emphasizes the organic relationship between the individual, society, and the state, and proposes a

vision of development that integrates material progress with ethical responsibility, cultural continuity, and social harmony (Rout, 2024: 3; Thakur, 2023: 2153).

Seen in this wider intellectual perspective, Integral Humanism represents an attempt to reinterpret the relationship between human life, society, and political organization through the lens of India's philosophical and cultural traditions (Das, 2020: 7). Rather than viewing political development solely in terms of institutional arrangements or economic growth, the philosophy highlights the importance of ethical values, social harmony, and cultural continuity as integral components of a balanced social order (Upadhyaya, 1965: 32; Rout, 2024: 4). In this sense, Integral Humanism emerges as a distinctive contribution to modern Indian political thought, reflecting an effort to connect the civilizational heritage of India with the evolving challenges of political and social transformation in the modern era (Singh, 2024: 6).

Research Methodology :

The present study adopts a qualitative and analytical approach in order to examine the philosophical foundations and political significance of Integral Humanism within the broader framework of twentieth-century Indian political thought. Since the subject of the research is primarily concerned with political ideas, philosophical concepts, and ideological interpretations, the study relies mainly on interpretative and conceptual analysis rather than quantitative methods. The objective of this approach is to understand the theoretical structure of Integral Humanism and to analyze its position as an alternative political philosophy in relation to dominant ideological traditions of the modern period.

The research is primarily based on textual analysis of both primary and secondary sources. The primary sources include the speeches, lectures, and writings of Deendayal Upadhyaya, particularly his exposition of the philosophy of Integral Humanism delivered in 1965. These texts provide direct insight into the philosophical principles, conceptual categories, and intellectual arguments through which Upadhyaya articulated his understanding of human development, social organization, and political order. Along with these primary writings, the study also engages with relevant works on modern Indian political thought that help contextualize the emergence of Integral Humanism within the broader intellectual debates of the twentieth century.

Secondary sources form another important component of the research. These include scholarly books, research articles, and academic studies dealing with Indian political philosophy, cultural nationalism, and the ideological debates surrounding development and governance in modern India. Such studies provide interpretative perspectives that assist in situating Integral Humanism within the larger discourse of political theory and help illuminate its relationship with both Indian philosophical

traditions and Western ideological models.

The study further employs a comparative and interpretative method to examine the distinctive features of Integral Humanism in relation to other ideological frameworks such as capitalism and socialism. Through this analytical perspective, the research seeks to highlight the philosophical assumptions, conceptual structure, and socio-political implications of Upadhyaya's thought. This methodological approach makes it possible to evaluate Integral Humanism not only as a historical idea but also as a coherent philosophical framework that reflects the intellectual effort to articulate a culturally grounded vision of political and social development.

Historical Context of Integral Humanism :

The emergence of Integral Humanism in the mid-twentieth century must be understood within the broader historical and intellectual context of modern India, particularly the ideological debates that accompanied the transition from colonial rule to independence (Mehta, 1992: 45; Thakur, 2023: 2150). The period following India's independence in 1947 was marked by an intense search for appropriate political, economic, and social frameworks capable of guiding national reconstruction (Singh & Parmila, 2019: 3). While political sovereignty had been achieved, the newly independent nation faced the complex challenge of developing institutions and policies that could ensure economic development, social stability, and national integration within a culturally diverse society (Parekh, 2003: 67). Consequently, questions regarding the most suitable model of development and governance became central to political discourse (Das, 2020: 2).

During this period, Western ideological traditions such as capitalism and socialism exerted a strong influence on political thinking in many newly independent countries (Heywood, 2017: 58). These ideologies were widely presented as universal frameworks for organizing modern political and economic systems (Rout, 2024: 2). Capitalism emphasized individual freedom, market-oriented economic growth, and limited state intervention, while socialism focused on economic equality, centralized planning, and the expansion of state authority in economic life (Heywood, 2017: 72). In India, both of these ideological approaches influenced policy debates and intellectual discussions concerning development and governance (Singh & Parmila, 2019: 4). However, their adoption also generated significant debates regarding their compatibility with the historical experience, cultural values, and social structure of Indian society (Das, 2020: 4).

At the same time, many Indian thinkers believed that the process of nation-building required a deeper engagement with the philosophical and cultural traditions that had historically shaped Indian civilization (Mehta, 1992: 51). The intellectual legacy of Indian thought had long emphasized the ethical dimensions of social life, the interconnectedness of individual and community, and the

importance of moral responsibility in public life (Parekh, 2003: 74). These traditions encouraged the idea that political and economic systems should not be understood solely in material or institutional terms but should also reflect broader cultural and ethical values (Thakur, 2023: 2152). As a result, several thinkers sought to reinterpret modern political ideas in ways that would remain consistent with the philosophical worldview of Indian civilization (Rout, 2024: 3).

It was within this intellectual and historical context that Deendayal Upadhyaya developed the philosophy of Integral Humanism (Upadhyaya, 1965: 9). Presented in a series of lectures in 1965, this philosophy represented an attempt to articulate an alternative political framework that would reconcile the demands of modernization with the cultural and spiritual foundations of Indian society (Upadhyaya, 1965: 15; Singh & Parmila, 2019: 6). Upadhyaya argued that both capitalism and socialism were rooted in specific historical experiences of Western societies and therefore could not fully address the complexities of Indian social life (Upadhyaya, 1965: 21). According to him, these ideologies tended to emphasize material development while neglecting the ethical, cultural, and spiritual dimensions that are essential for the balanced development of human society (Das, 2020: 6; Rout, 2024: 4).

Integral Humanism therefore emerged as a philosophical response to the ideological debates of the twentieth century (Thakur, 2023: 2155). It sought to provide a conceptual framework in which economic development, social organization, and political governance could be understood in relation to a holistic view of human life (Singh & Parmila, 2019: 7). By emphasizing harmony between the individual, society, nature, and the spiritual dimension of existence, the philosophy attempted to offer a culturally grounded approach to political thought that would be more compatible with India's civilizational ethos (Upadhyaya, 1965: 32). In this sense, the historical context of Integral Humanism reveals it as part of a broader intellectual effort within modern Indian political thought to formulate alternative models of development that integrate cultural traditions with the requirements of modern political life (Mehta, 1992: 63; Thakur, 2023: 2156).

Philosophical Foundations of Integral Humanism :

The philosophy of Integral Humanism is deeply rooted in the intellectual and philosophical traditions of Indian civilization. Deendayal Upadhyaya did not present this philosophy merely as a political doctrine but as a comprehensive worldview that draws inspiration from the ethical, cultural, and spiritual insights of classical Indian thought (Rout, 2024: 3). In his view, political systems and economic structures cannot be understood in isolation from the broader philosophical understanding of human life (Thakur, 2023: 2152). Consequently, the foundation of Integral Humanism lies in the belief that social and political organization must reflect the holistic conception of human existence

that has historically characterized Indian philosophical traditions (Das, 2020: 5).

भक्तिकालीन संगीत की सबसे बड़ी विशेषता उसका लोकजीवन से जुड़ाव था। संत कवियों ने लोकभाषाओं और लोकधुनों को अपनाया। लोकगीतों, भजनों और कीर्तन परम्पराओं ने ग्रामीण समाज को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का कार्य किया।

सूफी और निर्गुण परम्पराओं ने भी लोकसंगीत को समृद्ध किया। कव्वाली और लोकगायन के माध्यम से संगीत जनमानस की सामूहिक चेतना का हिस्सा बन गया।

आधुनिक संदर्भ में भक्तिकालीन संगीत की प्रासंगिकता :

आधुनिक समय में भी भक्तिकालीन संगीत की प्रासंगिकता बनी हुई है। आज के तनावपूर्ण और

भौतिकवादी जीवन में संगीत मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतुलन प्रदान करता है।

भजन, कीर्तन, सूफी संगीत और लोकधुनें आज भी जनमानस में लोकप्रिय हैं। धार्मिक आयोजनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक उत्सवों में भक्तिकालीन संगीत की परम्पराएँ जीवित हैं। संगीत आज भी सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का माध्यम बना हुआ है।

निष्कर्ष :

भक्तिकालीन संगीत परम्परा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। इस परम्परा ने संगीत को केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहने दिया, बल्कि उसे भक्ति, साधना और सामाजिक चेतना का स्वरूप प्रदान किया।

भक्ति आन्दोलन के संतों और सूफी फकीरों ने संगीत को जनसामान्य की भाषा बनाया। संगीत ने धार्मिक सीमाओं को पार कर मानवीय एकता और प्रेम का संदेश दिया।

भारतीय संगीत की यह परम्परा आज भी समाज को संवेदनशीलता, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक समन्वय की प्रेरणा देती है। अंततः यह कहा जा सकता है कि स्वर की भाषा सार्वभौमिक है और संगीत मानवता को जोड़ने वाली सबसे प्रभावशाली सांस्कृतिक शक्ति है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. शर्मा, सत्यवती. संगीत का समाजशास्त्र. नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।
2. आकांक्षी, डॉ. भारतीय संगीत और वैश्वीकरण. दिल्ली : वाणी प्रकाशन।
3. बैनर्जी, नमिता. मध्यकालीन संगीतज्ञ एवं उनका तत्कालीन समाज पर प्रभाव. कोलकाता : साहित्य भवन।
4. सचदेव, रेणू. धार्मिक परम्पराएँ एवं हिन्दुस्तानी संगीत. नई दिल्ली : लोकभारती प्रकाशन।
5. शर्मा, सत्यभान. पुष्टिमार्गीय मंदिरों की संगीत परम्परा. जयपुर : संस्कृति प्रकाशन।
6. गौतम, लक्ष्मीनारायण. भारतीय संगीत का इतिहास. इलाहाबाद : हिन्दी साहित्य सम्मेलन।
7. चतुर्वेदी, परशुराम. भक्ति आन्दोलन और भारतीय संस्कृति. दिल्ली : साहित्य अकादेमी।

दूरभाष : 8975032435

ईमेल : ramadudhmande1968@gmail.com

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
May 2026 Page No. : 124-131

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में संत साहित्य की उपयोगिता : एक आलोचनात्मक अध्ययन

डॉ. मीना शर्मा

सहायक आचार्य, आई. ए. एस. ई. डीम्ड टू, बी यूनिवर्सिटी, सरदारशहर, चूरू।

सारांश (Abstract)

भारत की शिक्षा व्यवस्था केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका उद्देश्य नैतिक, सांस्कृतिक एवं मानवीय मूल्यों का विकास करना भी रहा है। वर्तमान समय में लागू नई शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों में कौशल, नैतिकता, भारतीय ज्ञान परंपरा, समावेशिता एवं समग्र विकास पर विशेष बल देती है। संत साहित्य भारतीय भक्ति आंदोलन की ऐसी धरोहर है जिसमें मानवता, समानता, नैतिकता, सहिष्णुता एवं सामाजिक समरसता के आदर्श निहित हैं।

वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप तीव्र गति से परिवर्तनशील होता जा रहा है। तकनीकी विकास, प्रतिस्पर्धा एवं भौतिकवादी दृष्टिकोण के कारण शिक्षा में नैतिकता, मानवीय संवेदनाएँ तथा सामाजिक मूल्यों का ह्रास दिखाई देता है। ऐसी परिस्थिति में भारत सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन तक सीमित न रखकर उसे मूल्यपरक, कौशलपरक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने का प्रयास करती है। यह नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास, नैतिक चेतना, आलोचनात्मक चिंतन, समावेशी शिक्षा तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर विशेष बल देती है।

संत साहित्य भारतीय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना की अमूल्य धरोहर है। कबीरदास, रैदास, दादूदयाल तथा गुरु नानक देव जैसे संत कवियों ने मानवता, समानता, नैतिकता, सामाजिक समरसता एवं आध्यात्मिक जागरण का संदेश दिया। संत साहित्य में निहित विचार वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं, क्योंकि यह विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा मानवीय दृष्टिकोण का विकास करने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

नई शिक्षा नीति 2020 भारतीय ज्ञान परंपरा, मातृभाषा आधारित शिक्षा, अनुभवात्मक अधिगम तथा मूल्य शिक्षा को प्रोत्साहित करती है। संत साहित्य इन सभी उद्देश्यों की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। संत कवियों की वाणी सरल लोकभाषा में होने के कारण विद्यार्थियों तक सहज रूप में पहुँचती है तथा उनमें तार्किकता एवं आलोचनात्मक चिंतन का विकास करती है। साथ ही संत साहित्य सामाजिक विषमताओं, अंधविश्वासों एवं रूढ़ियों का विरोध कर समावेशी समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है।

यद्यपि नई शिक्षा नीति 2020 पर अनेक अध्ययन किए जा चुके हैं, तथापि संत साहित्य की उपयोगिता को शिक्षा नीति के संदर्भ में आलोचनात्मक दृष्टि से विश्लेषित करने वाले अध्ययन अपेक्षाकृत कम दिखाई देते हैं। अतः प्रस्तुत अध्ययन नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों एवं संत साहित्य में निहित मानवीय एवं शैक्षिक मूल्यों के अंतर्संबंध को स्पष्ट करने का प्रयास करेगा। यह अध्ययन शिक्षा जगत, शोधार्थियों एवं नीति निर्माताओं के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है। प्रस्तुत शोध–पत्र में नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के संदर्भ में संत साहित्य की उपयोगिता का अध्ययन किया गया है। शोध में यह स्पष्ट किया गया है कि संत साहित्य विद्यार्थियों में नैतिक चेतना, आलोचनात्मक चिंतन, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा आध्यात्मिक संवेदनशीलता विकसित करने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

कुंजी शब्द – नई शिक्षा नीति 2020, संत साहित्य, मूल्य शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा, समावेशी शिक्षा, नैतिकता।

प्रस्तावना :

भारतीय शिक्षा परंपरा सदैव ज्ञान, नैतिकता, मानवीय मूल्यों तथा सामाजिक समरसता पर आधारित रही है। प्राचीन काल से ही भारतीय चिंतन में शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्ति नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास माना गया है। वर्तमान समय में वैश्वीकरण, तकनीकी विकास और उपभोक्तावादी संस्कृति के प्रभाव से शिक्षा का स्वरूप तेजी से परिवर्तित हो रहा है। ऐसी स्थिति में शिक्षा के मानवीय और नैतिक पक्ष को पुनः सुदृढ़ करने की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा, नैतिक मूल्यों, कौशल विकास तथा समग्र शिक्षा को बढ़ावा देना है।

नई शिक्षा नीति 2020 भारतीय संस्कृति, भाषा, साहित्य और लोकज्ञान को शिक्षा का अभिन्न अंग मानती है। यह नीति विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन, रचनात्मकता, नैतिकता, सहिष्णुता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे गुणों के विकास पर बल देती है। इसी संदर्भ में संत साहित्य की प्रासंगिकता अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। संत साहित्य भारतीय समाज की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का प्रतिनिधि साहित्य है। यह साहित्य केवल धार्मिक उपदेश नहीं देता, बल्कि मानवता, समानता, प्रेम, करुणा और सामाजिक सुधार का संदेश भी प्रदान करता है।

कबीरदास, रैदास, गुरु नानक देव तथा दादूदयाल आदि संत कवियों ने अपने साहित्य के माध्यम से जाति–पांति, अंधविश्वास, सामाजिक भेदभाव और धार्मिक कट्टरता का विरोध किया। उन्होंने मानवता, समरसता और नैतिक जीवन को सर्वोच्च महत्व दिया। संत साहित्य में व्यक्त मानवीय मूल्य नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों के साथ गहरे रूप में जुड़े हुए हैं।

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों के भीतर बढ़ती नैतिक शिथिलता, तनाव, असहिष्णुता तथा सामाजिक विघटन जैसी समस्याएँ दिखाई देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में संत साहित्य विद्यार्थियों को नैतिक दिशा प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। संत साहित्य का अध्ययन विद्यार्थियों में सहानुभूति, सामाजिक चेतना, नैतिकता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान विकसित कर सकता है। साथ ही यह साहित्य आलोचनात्मक चिंतन और सामाजिक जागरूकता को भी प्रोत्साहित करता है, जो नई शिक्षा नीति का एक प्रमुख उद्देश्य है।

यद्यपि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा में समाहित करने पर बल देती है, फिर भी व्यवहारिक स्तर पर संत साहित्य की उपयोगिता और उसकी प्रभावशीलता का समुचित मूल्यांकन आवश्यक है। इसी कारण प्रस्तुत शोध "नई शिक्षा नीति के संदर्भ में संत साहित्य की उपयोगिता : एक आलोचनात्मक अध्ययन" विषय के अंतर्गत यह विश्लेषण करेगा कि संत साहित्य नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों की पूर्ति में किस प्रकार सहायक हो सकता है तथा आधुनिक शिक्षा प्रणाली में उसकी क्या सीमाएँ और संभावनाएँ हैं।

इस अध्ययन के माध्यम से संत साहित्य की शैक्षिक, नैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक उपयोगिता का आलोचनात्मक मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही यह शोध यह स्पष्ट करने का प्रयास करेगा कि नई शिक्षा नीति के संदर्भ में संत साहित्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, मूल्यपरक शिक्षा तथा भारतीय सांस्कृतिक चेतना के विकास में किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

अध्ययन का औचित्य :

वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप तीव्र गति से परिवर्तनशील होता जा रहा है। तकनीकी विकास, प्रतिस्पर्धा एवं भौतिकवादी दृष्टिकोण के कारण शिक्षा में नैतिकता, मानवीय संवेदनाएँ तथा सामाजिक मूल्यों का ह्रास दिखाई देता है। ऐसी परिस्थिति में भारत सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन तक सीमित न रखकर उसे मूल्यपरक, कौशलपरक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने का प्रयास करती है। यह नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास, नैतिक चेतना, आलोचनात्मक चिंतन, समावेशी शिक्षा तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर विशेष बल देती है।

संत साहित्य भारतीय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना की अमूल्य धरोहर है। कबीरदास, रैदास, दादूदयाल तथा गुरु नानक देव जैसे संत कवियों ने मानवता, समानता, नैतिकता, सामाजिक समरसता एवं आध्यात्मिक जागरण का संदेश दिया। संत साहित्य में निहित विचार वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं, क्योंकि यह विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा मानवीय दृष्टिकोण का विकास करने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

नई शिक्षा नीति 2020 भारतीय ज्ञान परंपरा, मातृभाषा आधारित शिक्षा, अनुभवात्मक अधिगम तथा मूल्य शिक्षा को प्रोत्साहित करती है। संत साहित्य इन सभी उद्देश्यों की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। संत कवियों की वाणी सरल लोकभाषा में होने के कारण विद्यार्थियों तक सहज रूप में पहुँचती है तथा उनमें तार्किकता एवं आलोचनात्मक चिंतन का विकास करती है। साथ ही संत साहित्य सामाजिक विषमताओं, अंधविश्वासों एवं रूढ़ियों का विरोध कर समावेशी समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है।

यद्यपि नई शिक्षा नीति 2020 पर अनेक अध्ययन किए जा चुके हैं, तथापि संत साहित्य की उपयोगिता को शिक्षा नीति के संदर्भ में आलोचनात्मक दृष्टि से विश्लेषित करने वाले अध्ययन अपेक्षाकृत कम दिखाई देते हैं। अतः प्रस्तुत अध्ययन नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों एवं संत साहित्य में निहित मानवीय एवं शैक्षिक मूल्यों के अंतर्संबंध को स्पष्ट करने का प्रयास करेगा। यह अध्ययन शिक्षा जगत, शोधार्थियों एवं नीति निर्माताओं के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

समस्या कथन-नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में संत साहित्य : एक आलोचनात्मक अध्ययन।

शोध के उद्देश्य :

1. नई शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख उद्देश्यों का अध्ययन करना।
2. संत साहित्य के प्रमुख मानवीय मूल्यों का विश्लेषण करना।
3. नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में संत साहित्य की उपयोगिता स्पष्ट करना।
4. शिक्षा में संत साहित्य के समावेश की संभावनाओं का अध्ययन करना।

प्रयुक्त शब्दावली की व्याख्या –

1. नई शिक्षा नीति 2020 :

नई शिक्षा नीति 2020 भारत सरकार द्वारा लागू की गई ऐसी शिक्षा नीति है, जिसका उद्देश्य भारतीय शिक्षा व्यवस्था को अधिक समावेशी, बहुआयामी, कौशलपरक एवं मूल्यपरक बनाना है। यह नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास, आलोचनात्मक चिंतन, नैतिक शिक्षा, मातृभाषा आधारित शिक्षण तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण पर विशेष बल देती है। प्रस्तुत अध्ययन में नई शिक्षा नीति 2020 से आशय उन शैक्षिक उद्देश्यों एवं सिद्धांतों से है, जो शिक्षा को जीवनोपयोगी एवं मूल्यनिष्ठ बनाने का प्रयास करते हैं।

2. संत साहित्य :

संत साहित्य हिंदी साहित्य की भक्ति धारा का वह साहित्य है, जिसमें संत कवियों द्वारा मानवता, समानता, प्रेम, भक्ति, नैतिकता एवं सामाजिक सुधार संबंधी विचार व्यक्त किए गए हैं। यह साहित्य मुख्यतः निर्गुण भक्ति पर आधारित है तथा लोकभाषा में रचित होने के कारण जनसामान्य में अत्यंत लोकप्रिय रहा है। प्रस्तुत अध्ययन में संत साहित्य से आशय कबीरदास, रैदास, दादूदयाल, गुरु नानक देव आदि संत कवियों की वाणी एवं उनके साहित्यिक विचारों से है।

3. उपयोगिता :

उपयोगिता से आशय किसी वस्तु, विचार या साहित्य की उस क्षमता से है, जिसके माध्यम से वह व्यक्ति, समाज अथवा शिक्षा व्यवस्था के लिए लाभकारी सिद्ध हो। प्रस्तुत अध्ययन में उपयोगिता का अर्थ संत साहित्य के उन शैक्षिक, नैतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक पक्षों से है, जो नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों की पूर्ति में सहायक हो सकते हैं।

4. आलोचनात्मक अध्ययन :

आलोचनात्मक अध्ययन से अभिप्राय किसी विषय का तर्कपूर्ण, विश्लेषणात्मक एवं वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण से अध्ययन करना है। इसमें विषय के गुण–दोष, प्रासंगिकता, प्रभाव एवं सीमाओं का विवेचन किया जाता है। प्रस्तुत शोध में संत साहित्य की उपयोगिता का विश्लेषण नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में आलोचनात्मक दृष्टि से किया जाएगा, ताकि उसके शैक्षिक महत्व एवं व्यावहारिक उपयोग को स्पष्ट किया जा सके।

प्रयुक्त शोध विधिप्रयुक्त शोध विधि :

प्रस्तुत शोध–पत्र वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध पद्धति पर आधारित है। इसमें द्वितीयक स्रोतों जैसे पुस्तकें, शोध–पत्र, शिक्षा नीति दस्तावेज एवं संत साहित्य संबंधी ग्रंथों का अध्ययन किया गया है।

परिसीमन :

प्रस्तुत शोध केवल भारत सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति 2020 के शैक्षिक उद्देश्यों एवं सिद्धांतों तक सीमित रहेगा।

अध्ययन में संत साहित्य के अंतर्गत मुख्य रूप से कबीरदास, रैदास, दादूदयाल तथा गुरु नानक देव आदि प्रमुख संत कवियों की वाणी एवं विचारों का अध्ययन किया जाएगा।

संबंधित साहित्य का पुनरावलोकन :

प्रस्तुत शोध विषय से संबंधित उपलब्ध साहित्य का अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है कि संत साहित्य, मूल्य शिक्षा तथा नई शिक्षा नीति 2020 पर अनेक विद्वानों ने अपने विचार प्रस्तुत किए हैं। इन अध्ययनों का संक्षिप्त पुनरावलोकन निम्न प्रकार है :–

हजारीप्रसाद द्विवेदी ने अपनी कृति कबीर में संत साहित्य की सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना का विस्तृत विवेचन किया है। उन्होंने बताया कि संत कवियों ने समाज में व्याप्त रूढ़ियों, अंधविश्वासों एवं जातिगत भेदभाव का विरोध कर मानवतावादी दृष्टिकोण को विकसित किया।

रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी साहित्य का इतिहास में संत साहित्य को लोकजागरण का साहित्य माना है। उनके अनुसार संत कवियों ने जनसामान्य की भाषा में समाज सुधार एवं नैतिक मूल्यों का संदेश दिया, जिससे सामाजिक चेतना का विकास हुआ।

नामवर सिंह ने भक्ति आंदोलन एवं संत साहित्य को भारतीय समाज में सांस्कृतिक एकता एवं मानवीय मूल्यों की स्थापना का महत्वपूर्ण माध्यम माना है। उन्होंने संत साहित्य को सामाजिक परिवर्तन की चेतना से जोड़कर देखा है।

रामकुमार वर्मा ने संत साहित्य की विशेषताओं का विश्लेषण करते हुए कहा कि यह साहित्य मानव जीवन को नैतिकता, सदाचार एवं आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करता है। उनके अनुसार संत साहित्य में लोकमंगल की भावना प्रमुख रूप से विद्यमान है।

नई शिक्षा नीति 2020 पर किए गए अध्ययनों में यह स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में मूल्यपरक शिक्षा, कौशल विकास, समावेशी शिक्षा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को विशेष महत्व दिया गया है। विभिन्न शिक्षा विशेषज्ञों ने यह मत व्यक्त किया है कि भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित साहित्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो सकता है।

नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में किए गए अनेक शोधों में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं मूल्य शिक्षा पर बल दिया गया है, किंतु संत साहित्य की उपयोगिता को विशेष रूप से शिक्षा नीति के उद्देश्यों से जोड़कर किए गए अध्ययन अपेक्षाकृत कम दिखाई देते हैं। अधिकांश अध्ययन संत साहित्य के साहित्यिक, धार्मिक अथवा सामाजिक पक्षों तक सीमित रहे हैं। संत साहित्य के शैक्षिक महत्व, विशेषतः नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत आलोचनात्मक अध्ययन का अभाव दृष्टिगत होता है।

उपलब्ध साहित्य के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि संत साहित्य में निहित मानवता, समानता, सहिष्णुता, नैतिकता एवं सामाजिक समरसता जैसे मूल्य नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप हैं। तथापि इस विषय पर समग्र एवं आलोचनात्मक दृष्टि से अध्ययन की आवश्यकता अनुभव की गई, जिसके परिणामस्वरूप प्रस्तुत शोध कार्य का चयन किया गया है।

नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में संत साहित्य की उपयोगिता :

नई शिक्षा नीति 2020 भारतीय शिक्षा व्यवस्था को अधिक समावेशी, बहुआयामी एवं मूल्यपरक बनाने का

प्रयास करती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि रचनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन, नैतिकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है।

संत साहित्य हिंदी साहित्य की भक्ति धारा का महत्वपूर्ण अंग है। संत कवियों ने सरल भाषा में समाज को नैतिकता, मानवता एवं आध्यात्मिकता का संदेश दिया। संत साहित्य का मूल उद्देश्य समाज में व्याप्त अंधविश्वास, जातिगत भेदभाव एवं पाखंड का विरोध करना था।

कबीरदास कहते हैं :–

"जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान।।"

यह दोहा सामाजिक समानता एवं ज्ञान के महत्व को स्पष्ट करता है।

इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय संस्कृति, परंपरा और ज्ञान प्रणाली को शिक्षा का आधार बनाने पर बल देती है। यह नीति विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन, नैतिकता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने का लक्ष्य रखती है।

संत साहित्य भारतीय समाज की मानवीय चेतना का प्रतिनिधि साहित्य है। इसमें मानवता, समानता, प्रेम, सहिष्णुता और सामाजिक सुधार का संदेश मिलता है। कबीरदास, रैदास, गुरु नानक देव तथा दादूदयाल आदि संत कवियों ने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, जातिवाद और पाखंड का विरोध करते हुए नैतिक जीवन एवं मानव धर्म का समर्थन किया। अतः संत साहित्य नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने में उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

2. नई शिक्षा नीति 2020 : उद्देश्य एवं स्वरूप :

नई शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को भारतीय संस्कृति और वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है। इसके प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं :–

- समग्र एवं बहुआयामी शिक्षा का विकास।
- नैतिक एवं मूल्यपरक शिक्षा को बढ़ावा देना।
- भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति का संरक्षण।
- आलोचनात्मक एवं रचनात्मक चिंतन का विकास।
- कौशल आधारित शिक्षा को प्रोत्साहन।
- सामाजिक एवं राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास।

यह नीति केवल ज्ञान अर्जन पर नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यवहारिक, नैतिक और सामाजिक विकास पर भी बल देती है।

3. संत साहित्य का स्वरूप एवं विशेषताएँ :

संत साहित्य हिंदी साहित्य की भक्ति धारा का महत्वपूर्ण अंग है। यह साहित्य सरल भाषा, लोकजीवन और मानवीय मूल्यों पर आधारित है। संत कवियों ने समाज सुधार को अपना प्रमुख उद्देश्य बनाया।

4. नई शिक्षा नीति के संदर्भ में संत साहित्य की उपयोगिता –

4.1 मूल्य पर शिक्षा में उपयोगिता :

नई शिक्षा नीति नैतिक एवं मूल्यपरक शिक्षा को अत्यधिक महत्व देती है। संत साहित्य विद्यार्थियों में नैतिकता, सहिष्णुता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करता है।

उदाहरण के लिए, रैदास का साहित्य समानता और मानवता का संदेश देता है। रैदास का मूल्य शिक्षा से संबंधित प्रसिद्ध दोहा :–

"मन चंगा तो कठौती में गंगा।"।

यदि मन पवित्र और विचार अच्छे हों, तो साधारण स्थान भी पवित्र बन जाता है। बाहरी आडंबर से अधिक महत्व मन की शुद्धता और अच्छे आचरण का है।

मूल्य शिक्षा के संदर्भ में उपयोगिता :

यह दोहा विद्यार्थियों को आंतरिक शुद्धता, नैतिकता, सादगी और सदाचार का संदेश देता है। इससे यह शिक्षा मिलती है कि सच्ची महानता व्यक्ति के अच्छे विचार और व्यवहार में होती है, न कि बाहरी दिखावे में।

4.2 भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के संरक्षण में उपयोगिता :

नई शिक्षा नीति भारतीय संस्कृति और परंपरा को शिक्षा का आधार बनाने पर बल देती है। संत साहित्य भारतीय संस्कृति और लोकजीवन का सशक्त दर्पण है। इसके अध्ययन से विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना विकसित होती है।

4.3 सामाजिक समरसता के विकास में उपयोगिता :

संत साहित्य सामाजिक भेदभाव और जातिवाद का विरोध करता है। यह समाज में समानता और भाईचारे की भावना को विकसित करता है। वर्तमान समय में सामाजिक तनाव को कम करने के लिए संत साहित्य अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

4.4 आलोचनात्मक चिंतन के विकास में उपयोगिता :

नई शिक्षा नीति आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देती है। संत कवियों ने समाज की रूढ़ियों और अंधविश्वासों का तार्किक विरोध किया। इससे विद्यार्थियों में प्रश्न करने और तार्किक सोच विकसित करने की प्रेरणा मिलती है।

4.5 मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन में उपयोगिता :

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों में मानसिक तनाव बढ़ रहा है। संत साहित्य आत्मचिंतन, संतोष और आध्यात्मिक शांति का संदेश देकर मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकता है।

5. संत साहित्य की सीमाएँ :

यद्यपि संत साहित्य अत्यंत उपयोगी है, फिर भी इसकी कुछ सीमाएँ हैं :–

- आधुनिक तकनीकी शिक्षा से प्रत्यक्ष संबंध कम दिखाई देता है।
- वर्तमान पीढ़ी में संत साहित्य के प्रति रुचि अपेक्षाकृत कम हो रही है।
- कुछ संत वाणियाँ प्रतीकात्मक एवं दार्शनिक होने के कारण विद्यार्थियों के लिए जटिल हो सकती हैं।
- आधुनिक पाठ्यक्रमों में संत साहित्य को पर्याप्त स्थान नहीं मिल पा रहा है।

6. सुझाव :

- विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर संत साहित्य आधारित मूल्य शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए।

- संत साहित्य को आधुनिक शिक्षण तकनीकों से जोड़कर पढ़ाया जाए।
- विद्यार्थियों के लिए संत साहित्य पर आधारित कार्यशालाएँ एवं संगोष्ठियाँ आयोजित की जाएँ।
- संत साहित्य को भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत पाठ्यक्रम में समुचित स्थान दिया जाए।
- संत साहित्य के माध्यम से नैतिक एवं सामाजिक शिक्षा को व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया जाए।

7. उपसंहार :

नई शिक्षा नीति 2020 भारतीय शिक्षा को मूल्यपरक, समावेशी और सांस्कृतिक आधार प्रदान करने का प्रयास करती है। संत साहित्य मानवता, नैतिकता, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना का अमूल्य स्रोत है। यह विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, आलोचनात्मक चिंतन और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

अतः यह कहा जा सकता है कि नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों की प्राप्ति में संत साहित्य अत्यंत उपयोगी और प्रासंगिक है। आवश्यकता केवल इस बात की है कि इसे आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ प्रभावी रूप से जोड़ा जाए ताकि भारतीय शिक्षा अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी हुई रहते हुए वैश्विक स्तर पर भी सशक्त बन सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. भारत सरकार. (2020). राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 National Education Policy 2020,. शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली।
2. द्विवेदी, हजारीप्रसाद. (द.क.). कबीर. राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. शुक्ल, रामचंद्र. (द.क.). हिंदी साहित्य का इतिहास. नागरी प्रचारिणी सभा।
4. वर्मा, रामकुमार. (द.क.). हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास.
5. सिंह, नामवर. (द.क.). भक्ति आंदोलन और हिंदी साहित्य.
6. कबीरदास. (द.क.). बीजक.
7. रैदास. (द.क.). रैदास वाणी.
8. दादूदयाल. (द.क.). दादू.।

मो. 7297017193

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
May 2026 Page No. : 132-137

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता वृद्धि में शिक्षकों की मनोवृत्ति एवं विद्यालयी वातावरण के प्रभावों का तुलनात्मक अध्ययन

ममता कुमारी, पी.एच.डी. शोद्यार्थी
डॉ. वंदना दुआ, सह आचार्य
टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर, राजस्थान।

सारांश :-

प्रस्तुत शोध में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता वृद्धि में शिक्षकों की मनोवृत्ति एवं विद्यालयी वातावरण के प्रभावों का तुलनात्मक अध्ययन" किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। प्रस्तुत शोध में श्री गंगानगर जिले के अंगेजी व हिन्दी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् 400 विद्यार्थियों को वर्गीकृत क्रम मे यादृच्छिक विधि के अन्तर्गत लाटरी विधि से चयनित किया गया है। "उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता अभिवृति मापने के लिए डॉ. नागाप्पा पी. एवं डॉ. सी. आर. राव, तथा विद्यालयी वातावरण मापने के लिए स्वयं द्वारा निर्मित उपकरण का प्रयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता वृद्धि में शिक्षकों की मनोवृत्ति एवं विद्यालयी वातावरण में सार्थक अन्तर पाया जाता है।

मुख्य शब्द – उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थी, वैज्ञानिक अभियोग्यता वृद्धि, शिक्षकों की मनोवृत्ति एवं विद्यालयी वातावरण।

प्रस्तावना :-

वर्तमान युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग माना जाता है। आज का मानव पूर्णतः वैज्ञानिक वातावरण में जीवन यापन कर रहा है। विज्ञान ने मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया है। आधुनिक समाज में ऐसा कोई क्षेत्र शेष नहीं है जहाँ विज्ञान का प्रभाव दृष्टिगोचर न होता हो। उद्योग, कृषि, संचार, परिवहन, चिकित्सा, अभियांत्रिकी तथा दैनिक जीवन में प्रयुक्त होने वाली वस्तुओं के विकास में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विज्ञान ने मानव जीवन को अधिक सरल, सुविधाजनक और व्यवस्थित बनाया है। वर्तमान समय में समाज की संरचना और प्रगति विज्ञान पर अत्यधिक निर्भर हो गई है। यही कारण है कि आज विज्ञान के बिना आधुनिक सभ्यता की कल्पना करना संभव नहीं प्रतीत होता।

विज्ञान ने केवल भौतिक संसाधनों और तकनीकी विकास को ही गति प्रदान नहीं की है, बल्कि इसने मानव के विचारों, दृष्टिकोण और व्यवहार में भी व्यापक परिवर्तन उत्पन्न किया है। विज्ञान के प्रभाव से विश्व स्तर पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं वैज्ञानिक अभियोग्यता का विकास हुआ है। वर्तमान समय में विश्व के अधिकांश राष्ट्र अपने नागरिकों में वैज्ञानिक सोच और वैज्ञानिक अभियोग्यता विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, क्योंकि किसी भी राष्ट्र की उन्नति और विकास की गति का मूल्यांकन उसकी वैज्ञानिक प्रगति के आधार पर किया जाता है। जिस देश के नागरिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से संपन्न होते हैं, वह देश शिक्षा, तकनीक, अनुसंधान और आर्थिक विकास के क्षेत्र में अधिक प्रगति करता है।

आधुनिक समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में अनेक वैज्ञानिक घटनाओं और प्रक्रियाओं का अनुभव करता है। इन घटनाओं का क्रमबद्ध अध्ययन, गहन चिंतन, सूक्ष्म अवलोकन तथा तार्किक विश्लेषण व्यक्ति को वास्तविक ज्ञान की ओर अग्रसर करता है। ज्ञान अर्जन की इसी प्रक्रिया के माध्यम से व्यक्ति में वैज्ञानिक अभियोग्यता का विकास होता है। वैज्ञानिक अभियोग्यता से अभिप्राय उस क्षमता से है, जिसके माध्यम से व्यक्ति विज्ञान विषय को समझने, वैज्ञानिक तथ्यों का विश्लेषण करने तथा भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्धियाँ प्राप्त करने में सक्षम बनता है। विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए केवल सामान्य बुद्धि पर्याप्त नहीं होती, बल्कि वैज्ञानिक अभियोग्यता का होना अत्यंत आवश्यक माना जाता है।

यदि अध्यापक की मनोवृत्ति सकारात्मक, प्रोत्साहनात्मक तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से युक्त होती है, तो विद्यार्थी विज्ञान विषय के प्रति अधिक रुचि विकसित करते हैं तथा उनकी वैज्ञानिक अभियोग्यता में वृद्धि होती है। इसके विपरीत नकारात्मक मनोवृत्ति विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा को प्रभावित कर सकती है। इसी प्रकार विद्यालयी वातावरण भी विद्यार्थियों के समग्र विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालयी वातावरण से आशय उन सभी भौतिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक परिस्थितियों से है, जो विद्यार्थियों के व्यवहार, व्यक्तित्व, विकास और अधिगम को प्रभावित करती हैं।

अनुकूल विद्यालयी वातावरण विद्यार्थियों को स्वतंत्र चिंतन, प्रयोग, खोज तथा नवाचार के अवसर प्रदान करता है, जिससे उनकी वैज्ञानिक अभियोग्यता का विकास होता है। दूसरी ओर, प्रतिकूल वातावरण विद्यार्थियों की जन्मजात क्षमताओं और संभावनाओं को बाधित कर सकता है। अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी उचित मार्गदर्शन, संसाधनों और प्रेरणादायक वातावरण के अभाव में अपनी क्षमताओं का पूर्ण विकास नहीं कर पाते। यदि उन्हें उपयुक्त शैक्षिक वातावरण, प्रेरणा तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से युक्त मार्गदर्शन प्राप्त हो, तो वे विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता वृद्धि में अध्यापक की मनोवृत्ति तथा विद्यालयी वातावरण दोनों का अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावशाली योगदान होता है।

प्रस्तुत शोध का महत्व :-

शिक्षा एक सतत सामाजिक प्रक्रिया है, जिसका प्रमुख उद्देश्य व्यक्ति के व्यवहार, विचार एवं व्यक्तित्व में ऐसे सकारात्मक परिवर्तन उत्पन्न करना है, जो न केवल उसके व्यक्तिगत विकास में सहायक हों, बल्कि समाज की उन्नति और प्रगति में भी योगदान प्रदान करें। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति ज्ञान, कौशल, मूल्यों तथा दृष्टिकोणों का विकास करता है, जिससे वह अपने जीवन को अधिक सार्थक एवं उपयोगी बना सकता है। किसी भी राष्ट्र

की प्रगति उसकी शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। यदि शिक्षा की प्रक्रिया प्रभावशाली, सुदृढ़ तथा उद्देश्यपरक हो, तो उसके माध्यम से विद्यार्थियों में अपेक्षित परिवर्तन सरलता से लाए जा सकते हैं। इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में यह आवश्यक हो जाता है कि शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, व्यवहारिक तथा वैज्ञानिक बनाया जाए। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए निरंतर अनुसंधान और अध्ययन की आवश्यकता होती है, जिससे शिक्षा के विभिन्न आयामों को समझा जा सके तथा उनमें सुधार किया जा सके।

वर्तमान समय विज्ञान एवं तकनीकी का युग है। आज के समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन तथा समस्या समाधान क्षमता का अत्यधिक महत्व है। विज्ञान शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य केवल वैज्ञानिक तथ्यों का ज्ञान प्रदान करना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अभियोग्यता का विकास करना भी है। वैज्ञानिक अभियोग्यता विज्ञान शिक्षण का अत्यंत महत्वपूर्ण परिणाम मानी जाती है, क्योंकि यह विद्यार्थियों को तार्किक एवं वस्तुनिष्ठ रूप से सोचने की क्षमता प्रदान करती है। वैज्ञानिक अभियोग्यता एक ऐसी संज्ञानात्मक अवधारणा है, जो व्यक्ति के मानसिक गुणों, आदतों और प्रवृत्तियों के समन्वय से निर्मित होती है। यह व्यक्ति को किसी समस्या या परिस्थिति के प्रति वैज्ञानिक ढंग से प्रतिक्रिया करने तथा उचित निष्कर्ष तक पहुँचने में सक्षम बनाती है।

वैज्ञानिक अभियोग्यता में अनेक महत्वपूर्ण गुण सम्मिलित होते हैं, जैसेकृसत्यता एवं सटीकता के प्रति निष्ठा, बौद्धिक ईमानदारी, स्वतंत्र चिंतन, तार्किक निर्णय क्षमता, आलोचनात्मक दृष्टिकोण, कारण एवं प्रभाव संबंधों की समझ तथा वैज्ञानिक तथ्यों के प्रति जिज्ञासा। ये गुण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास तथा उनके भविष्य के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशेष रूप से उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए वैज्ञानिक अभियोग्यता का विकास अत्यधिक आवश्यक है, क्योंकि यह अवस्था उनके बौद्धिक एवं व्यावसायिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जाती है। इसी स्तर पर विद्यार्थियों की रुचियाँ, क्षमताएँ और भविष्य की दिशा निर्धारित होने लगती है।

विद्यालयी वातावरण भी विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं वैज्ञानिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय का अनुकूल, प्रेरणादायक तथा सहयोगात्मक वातावरण विद्यार्थियों को स्वतंत्र चिंतन, प्रयोग एवं नवाचार के लिए प्रेरित करता है। दूसरी ओर प्रतिकूल वातावरण विद्यार्थियों की वैज्ञानिक क्षमता के विकास को सीमित कर सकता है। व्यवहारिक स्तर पर शोधकर्त्री ने यह अनुभव किया कि सभी विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अभियोग्यता समान रूप से विकसित नहीं होती। अनेक विद्यार्थी विज्ञान विषय के प्रति अनुकूल दृष्टिकोण नहीं रखते, जिसके कारण वे अपने शैक्षिक उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर पाते।

समस्या कथन –

"विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता वृद्वि में शिक्षकों की मनोवृत्ति एवं विद्यालयी वातावरण के प्रभावों का तुलनात्मक अध्ययन।"

अध्ययन में प्रस्तुत तकनीकी शब्दों की व्याख्या –

वैज्ञानिक अभियोग्यता – सामान्यतः वैज्ञानिक अभियोग्यता का अर्थ कुछ मानवीय गुणों से युक्त उस अभियोग्यता से लिया गया है जो लगभग सभी वैज्ञानिकों में पाया जाता है एवं जिसके द्वारा वे मानव कल्याण के लिये उपयोगी अनुसंधान कार्य में सतत् प्रयत्नशील रहते हैं। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि आमतौर

पर सभी वैज्ञानिक अपने शोध कार्य में समान रूप से सोचते हैं एवं कार्य करते हैं। उनके सोचने एवं कार्य करने की पद्धति में विश्वास को वैज्ञानिक अभियोग्यता कहते है। अर्थात् विज्ञान के प्रति सच्चा दृष्टिकोण वैज्ञानिक चिन्तन स्वतंत्र विचारण एंव अटूट विश्वास उत्पन्न होना ही वैज्ञानिक अभियोग्यता है।

मनोवृत्ति – मनोवृत्ति किसी व्यक्ति वस्तु या घटना के प्रति एक खास ढंग से कार्य करने की एक मानसिक अभियोग्यता होती है। मनोवृत्ति में व्यक्ति में अनुकूलन–प्रतिकूलन की दिशा पर किसी व्यक्ति, वस्तु या घटना के प्रति प्रतिक्रिया करने की इच्छा पायी जाती है। मनोवृत्ति की एक विशेष गुण, यह है कि मनोवृत्ति अर्जित होती है।

विद्यालयी वातावरण – विद्यालयी वातावरण वह वातावरण होता है जिसमें विद्यार्थियों के व्यवहार में परिवर्तन लाया जाता है जहाँ उसका सर्वांगींण विकास होता है साथ ही उसे विशिष्ट क्रियायों तथा ज्ञान से प्रशिक्षित किया जाता है। विद्यालयी वातावरण का तात्पर्य न केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित है बल्कि उन सभी प्रक्रियायों को समाहित किया जाता है जो बालक के सर्वांगींण विकास से जुड़ी होती है।

अध्ययन के उद्देश्य :–

(1) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता के घटक वैज्ञानिक रूचि के मध्य कोई सार्थक अंतर नहीं है।

(2) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के विद्यालय वातावरण का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :–

(1) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता के मध्य कोई सार्थक अंतर नहीं है।

(2) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के विद्यालय वातावरण के मध्य कोई सार्थक अंतर नहीं है।

न्यादर्श :– प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में श्री गंगानगर जिले के अंगेजी व हिन्दी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् 400 विद्यार्थियों को वर्गीकृत क्रम मे यादृच्छिक विधि के अन्तर्गत लाटरी विधि से चयनित किया गया है।

शोध में प्रयुक्त उपकरण :–

1. वैज्ञानिक अभियोग्यता अभिवृति (डॉ. नागाप्पा पी. एवं डॉ. सी. आर. राव)
2. विद्यालय वातावरण मापनी (स्वनिर्मित)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन –

(1) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता के मध्य कोई सार्थक अंतर नहीं है।

सारणी संख्या – 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मूल्य	सार्थकता का स्तर
अंग्रेजी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता	200	50.13	5.154	2.174	स्वीकृत
अंग्रेजी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता	200	52.84	4.869		

व्याख्या :– परिकल्पना संख्या 1 के अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता में अन्तर देखने हेतु विश्लेषित आकड़ों के आधार पर टी का मान ज्ञात किया गया जिसके अनुसार अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता के मध्यमान व प्रमाप विचलन के आधार पर प्राप्त टी मान सार्थकता के स्तर 0.01 के सारणी मान से कम है। अतः यहॉ पर निर्धारित परिकल्पना स्वीकृत की जाती है और निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के विद्यालय वातावरण में सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

(2) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के विद्यालय वातावरण के मध्य कोई सार्थक अंतर नहीं है।

सारणी संख्या – 2

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मूल्य	सार्थकता का स्तर
अंग्रेजी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का विद्यालय वातावरण	200	19.34	2.364	2.067	स्वीकृत
अंग्रेजी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का विद्यालय वातावरण	200	19.57	2.421		

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के विद्यालय वातावरण में अन्तर देखने हेतु विश्लेषित आकड़ों के आधार पर टी का मान ज्ञात किया गया जिसके अनुसार अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के विद्यालय वातावरण के मध्यमान व प्रमाप विचलन के आधार पर प्राप्त टी मान सार्थकता के स्तर 0.01 के सारणी मान से कम है। अतः यहॉ पर निर्धारित परिकल्पना स्वीकृत की जाती है और निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के विद्यालय वातावरण में सार्थक अन्तर पाया नहीं जाता है।

शैक्षिक सुझाव –

1. जब विद्यार्थी अपना विकास निश्चित वैज्ञानिक पद्धति से करेगें तो उनका भविष्य उज्जवल होगा क्योंकि वैज्ञानिक तरीके से निश्चित सत्य की प्राप्ति होगी।
2. जिज्ञासा व खोजपरक दृष्टिकोण का संवर्धन होगा।
3. विद्यार्थियों में तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच का विकास करना।
4. विज्ञान विषय के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बढ़ना।
5. समस्याओं को वैज्ञानिक ढंग से हल करने की क्षमता में वृद्धि होगी।

भावी शोध हेतु सुझाव –

1. प्रस्तुत शोध में मात्र 400 विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया है। इससे बड़ा न्यादर्श भी लेकर अध्ययन किया जा सकता है।
2. प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्त्री ने अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों व शिक्षकों को ही शामिल किया है। आगामी शोध के लिए अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों व शिक्षकों को लेकर शोध कार्य किया जा सकता है।
3. प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्त्री ने अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को ही शामिल किया है। आगामी शोध के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय, महाविद्यालय के विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभियोग्यता वृद्वि में शिक्षकों की मनोवृत्ति एवं विद्यालयी वातावरण के सम्बन्ध को लेकर भी लिया जा सकता है।

सन्दर्भ सूची :

1. कपिल, एच. के. (2006), सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
2. गुप्ता, मीरा (2010), उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शिक्षण में प्रभावी एव अप्रभावी अध्यापकों की मनोवृत्ति तथा व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन, पीएच डी. शोध, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. गुप्ता, एम.पी. (2007), धामिर्क अभिवृत्ति, वैज्ञानिक अभियोग्यता एवं शैक्षिक उपलब्धि के संदर्भ में किशोरों की पर्यावरणीय जागरूकता का अध्न, पीएच.डी. शोध, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।
4. डॉ. शर्मा, वी. एस. ''शिक्षा मनोविज्ञान'' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
5. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेष मारवाह (2005) ''शिक्षा मनोविज्ञान एवं सांख्यिकी'' शिक्षा प्रकाशन, जयपुर पृष्ठ संख्या (407–430)
6. डॉ. एम पन्नीर सेल्वम डॉ. एम मुतमीज सेल्वन, "वैज्ञानिक अभियोग्यता के संबंध में माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की विज्ञान में उपलब्धि स्तर मे अंतर का अध्ययन", जर्नल ऑफ रिसर्च एंड मेथडइन एजुकेशन, पृष्ठ संख्या 5–8.
7. सिंह, रामपाल और शर्मा, ओ.पी. (2008), शैक्षिक अनुसंधान एवं सांख्यिकीय, आगरा अग्रवाल पब्लिकेशन।
8. वर्मा, अरूण, मालवीय, डी.एस., निगम, भूपेन्द्र (2008), उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की विज्ञान में उपलब्धि पर पर्यावरण के प्रभाव का अध्ययन, भारतीय आधुनिक शिक्षा 2008, पृष्ठ संख्या 88–95

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
May 2026 Page No. : 138-144

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

Semi-Feudal Intermediaries and Rural Exploitation in British India

Naziya Kouser
Ph.D Research Scholar,
VBU, Hazaribag, Jharkhand, 825301

Abstract :

This article on Bengal's semi-feudal economy shows how agrarian institutions, colonial rules and socio-economic change interacted in a complex way. During this period, British colonial power strengthened, significantly replacing customary land ownership practices. With the establishment of the Permanent Settlement in 1793, a class of zamindars was established and acted as an intermediary between the peasants and the British administration. Although this system aimed to speed up revenue collection, farm labourers were often exploited and denied their rights.(1)

With increased power due to their high status, zamindars imposed high taxes on peasants, making them more vulnerable to fluctuations in the economy. The rigid land-ownership structure and lack of significant agricultural progress further entrenched poverty and indebtedness among the rural population. Despite these difficulties, this era also saw the rise of social mobilisation and resistance as several peasant movements began to oppose the exploitative tactics of the zamindars. In addition, new economic dynamism emerged in the second half of the 19th century, driven by growth in urban centres, the spread of cash crops, and the growing influence of European and local merchants. These changes gradually resulted in a more complex economic environment in which emerging capitalist practices and traditional feudal relations coexisted. This article looks at how Bengal's semi-feudal economy affected the way of life of rural communities and set the stage for subsequent socio-political conflicts.(2)

Keywords :

Zamindars, Permanent Settlement, Indigo, Indebtedness, Famine, Semi feudalism.

Introduction :

The term feudalism is derived from the Latin word "feudum", meaning a fief or piece of land

allotted by a lord to a vassal in exchange for specific obligations.

The essence of feudalism lies in the hierarchical structure of the relationship between lords and vassals. In this construct, lords would assign land or fiefs to vassals in exchange for loyalty, military service and other commitments. Vassals, in turn, could divide their land and grant it to sub-vassals or peasants, who would perform the same duties. (3)

Under the permanent settlement introduced by Lord Cornwallis, the landlords were made the owners of the land, who were working as feudal lords. For their own convenience, the big feudal lords appointed Pattanidars, Darpattanidars, small landlords, and prominent people of the village under them to collect land revenues, who represented those landlords and were working in the region of Bengal as semi-feudal lords. This was a link that was taking the form of middlemen. These people were profiteers. The common people were already troubled by the policies of the British era. On top of this, these usurers, profiteers, moneylenders, and moneylenders were actively playing their role in the entire region of Bengal as semi-feudal lords. They caused a lot of economic damage to the lives of the people of Bengal. (4)

Semi-feudalism has existed as an intermediary class in society. Semi-feudalism was the upper middle class of Bengal. It was in the form of landlords, moneylenders, middlemen, contractors etc. During the British period, they had control over not only Bengal but the entire Indian society. Unfortunately, most historians consider the British rule to be the cause of India's poverty, helplessness and indebtedness, which is not completely true. These semi-feudal lords have played a major role in bringing about helplessness, hunger and famine in India, or in making the economic condition of the society from bad to worse. When Lord Cornwallis implemented the Permanent Settlement, under this, the landlords started getting the right to own land, after which these landlords who were present in the form of feudal lords started keeping small traders, moneylenders, middlemen etc. under them to live a more luxurious life, who started causing economic damage not only to Bengal but to the entire Indian society like termites. (5)

Expansion of the Subject :

Therefore, we can analyse the semi-feudal economy in the following manner which is as follows:-

System of Land Revenue :-

Lord Cornwallis implemented the Permanent Settlement of 1793 with the intention of stabilizing income collection for the British Raj. Because it fixed land revenue payments, zamindars who raised more money than the allotted amount may keep the excess. Although at first this arrangement helped the British financially, it also created the conditions for zamindars to take advantage of peasants

in a semi-feudal system.

The Zamindars' role :-

Zamindars became a dominant class of landlords. Their symbiotic relationship with the colonial administration stemmed from their shared goals, which made exploitation easier. They frequently cared more about making as much money as possible than about the well-being of the peasantry, which resulted in harsh tactics like evictions and excessive rents.

- **Beginning of the Zamindari System in the Mughal Period :**

We get to see the Zamindari system only in the Mughal period. At that time, the Zamindars were given a piece of land from which they collected rent from the farmers. But this system was not fully developed and the power of the Zamindars was kept limited.

- **Farmers protest and demand for land reform :**

The farmers revolted against various types of exploitation by the landlords. Apart from this, during the independence of India, the farmers demanded land related reforms and also demanded the abolition of the Zamindari system.

- **Land reforms carried out after the independence of India :**

After the independence of India, the Government of India implemented land reforms. Under this, the Zamindari system was abolished and the land belonging to the Zamindars was acquired and the farmers were given ownership rights over their land.

Change in the role of landlords :

After the land reforms carried out by the Indian government, the power of the landlords was reduced considerably. Many landlords adopted modern methods of farming and started working in collaboration with the farmers.

Some landowners have even turned their lands into tourist spots. [6]

The Permanent Settlement :-

Lord Cornwallis considered the landlords as the owners of the land and in 1790 AD he made a 10-year arrangement. In 1793 AD he made this arrangement permanent. Under this arrangement, the landlords were given land for a fixed amount. After the death of the landlord, his descendants were made the heir. The landlords had to pay this amount before sunset at a fixed time. Otherwise, his land was auctioned. This was called the sunset method.

This arrangement had many far reaching consequences and through this, for the first time in India, official services were divided into three clear parts. Revenue, judicial and commercial services were separated. The Zamindari system was the gift of the British. It was created to fulfill economic objectives. This system was also known by the names Jagirdari, Malguzari, Biswedari etc.[7] The

company got many benefits from this system. Which are as follows.

1. This helped the company to receive a fixed amount on a fixed date. Hence, it was easy to prepare the company's budget.
2. Now the company was freed from the responsibility of collecting land revenue from every farmer. Now it started focusing on empire expansion and commerce trade.
3. Now the landlords became loyal to the company. Due to which whenever anti-British movements arose, the landlords supported it.
4. This increased the agricultural production. Due to which Bengal province now flourished and became a prosperous province.

There were many drawbacks of the permanent settlement :

1. The rate of revenue was so high that the peasants were not able to pay the tax on time, due to which they had to lose their farms. This led to public resentment.
2. Excess land went to city residents at the time of auction.
3. This system left the peasants at the mercy of the landlord. The landlord started exploiting the peasants intensely and the farmers' ownership rights over the land were snatched away.
4. This system increased the company's income. But the company had to spend a large part of its profit on salaries and other expenses. Hence, it was also going through financial crisis.
5. Due to having contact only with the landlord, the common farmers were not able to have any contact with the British, due to which they continued to be exploited. (8)

Displacement and indebtedness of farmers :-

In colonial Bengal, the peasants faced many problems due to semi-feudalism and the zamindari system. The biggest problem among these was the displacement of the peasants and the increasing indebtedness.

Displacement of farmers :

After the landlords got control over the land, they used to collect arbitrary taxes from the farmers, due to which many times the farmers were unable to pay the rent and were forced to leave their land. Apart from this, the landlords often used to collect many additional taxes from the farmers, such as forced labour, gifts etc. (9)

Indebtedness of farmers :

Due to the high rate of rent, farmers had to take loans from moneylenders to fulfill their needs and the moneylenders gave loans at very high interest rates, due to which the debt of the farmers increased instead of decreasing. Therefore, farmers, burdened with debt, took more loans, due to which they got trapped in the trap of indebtedness and finally, farmers had to sell their land when they

were unable to repay the loan.

Impact on agricultural production due to semi feudalism :

Semi-feudalism and the zamindari system in colonial Bengal not only affected the lives of the peasants but also had a significant impact on agricultural production. Due to high rent, the peasants did not have enough money for basic necessities like fertilizers, seeds and irrigation. Zamindars often forced the peasants to grow crops of their choice, which led to a shortage of food crops and reduced agricultural diversity. Apart from this, the lack of means of irrigation also created a situation of natural calamities like drought and floods, due to which the peasants had to face a lot of difficulties and the farmers were not able to get a fair price for their produce, because the landlords and traders used to levy many additional taxes from them and exploited them a lot.

The peasants were forced by the landlords to cultivate indigo, due to which they had to give up their food crops and cultivate indigo, which led to a shortage of food crops and the peasants had to depend on the markets for food supply. Apart from this, the soil was repeatedly treated with various types of chemicals for indigo cultivation, which reduced the fertility of the soil.

Hence, many revolts were carried out by the peasants against this, such as the Indigo Revolt of 1859-60.

Production of Agriculture :-

Bengal's agricultural output changed during colonial administration to produce cash crops for export, like jute and indigo. Farmers became more susceptible to market swings as a result of this change in consumption habits, since their income was now dependent on global commodity prices rather than local need. (10)

Employment and the Rural Economy :-

There were few options for alternate work in the mostly agrarian economy that the semi-feudal structure produced. On zamindar farms, a large number of laborers were seasonal laborers, which made their lives unstable. This dearth of work opportunities impeded economic mobility and prolonged poverty. (11)

Colonial Policies' Effects :-

Colonial policies frequently caused disruptions to customary farming methods, which in turn led to famines, most famously the 1943 Great Bengal Famine. Bengal's resilience was undermined by the emphasis on cash crops, insufficient infrastructure, and investments in regional agriculture.(12)

Class Relations and Caste :-

Due to the close ties between caste and labor and land ownership, the semi-feudal economy served to maintain the existing caste hierarchies. Because caste identities and socioeconomic position

were entwined, inflexible social structures were created, which prevented lower caste members from moving up the social ladder and continued inequality.

Peasant Movements and Resistance :-

Peasants developed a resistance mentality as a result of the harsh circumstances. A number of uprisings, including the Indigo Revolt (1859) and the Santhal Rebellion (1855–56), brought attention to the unhappiness with zamindars and colonial authorities. These movements had a major role in the peasantry's increasing consciousness of socio-political rights.

The rise of the middle class :-

Due to the shifts in the economy, a new middle class consisting of professionals with education, business owners, and merchants emerged. The basis for nationalist movements and calls for change was laid by this class, who started to question zamindari practices and colonial exploitation.

Conclusion :

From 1793 until 1905, colonial Bengal's semi-feudal economy was defined by the intricate interactions between social hierarchies, colonial regulations, and agricultural practices. The zamindari system, which gave landowners control over collecting land revenue and frequently resulted in the exploitation of peasant labor, was cemented in 1793 with the establishment of the Permanent Settlement. Small farmers and laborers, who faced mounting debt and hardship, were disenfranchised as a result of this system, which solidified a class of wealthy landowners.

The British colonial government exacerbated social unrest and economic inequality by placing a higher priority on revenue collection than on rural welfare. Consequently, there was a fall in agricultural output and a rise in rural misery, leading to an increasingly sluggish agrarian economy.

Referencing :

1. Mukherjee, Mriluda. Peasants in India's non Revolutions. New Delhi : Sage Publication, 2004.
2. Roy, Trithankar. The Economic History of India 1857-2010. New Delhi : Oxford University Press, 2020.
3. Bhattacharya, Sabyasachi. Economic History of Modern India 1850-1947. New Delhi : Rajkamal Publication Private Limited, 1990.
4. Sarkar, Samita. Agrarian Relations in Bengal 1765-92. Aligarh : Aligarh Muslim University, 1994-95.
5. Dutt, Rameshchandra. The Economic History of India, Volume 1. s.l. : Ministry of Information and Broadcasting Government of India, 2006.
6. Guha, Ranjit. Elementry Aspects of Peasant Emergency in Colonial India. Durham and London

: UK University Press, 1999.
7. Dube, Ishita Banerjee. A History of Modern India. New York : Cambridge University Press, 2014.
8. Stock, Eric. The Peasant and the Raj. Cambridge, UK : Cambridge University Press, 1978.
9. Patnaik, Utsa. Semi Feudalism in British Bengal. s.l. : Orient Longman, 1993.
10. Singh, Narendra Krishna. The Economic History of Bengal from Plassey to the Permanent Settlement Vol. 1. Kolkata : Farma K.L.M. Private Limited, 1965.
11. Datta, K.K. Unrest against British Rule in Bihar1831-1859. Bihar, Patna : Suprintendent Secretariat Press, 1957.
12. Sarkar, Sumit. Aadhunik Kaal Paryavaran, Arehvyavastha, Sanskriti Bharat 1880-1947 Bharat. New Delhi : Rajkamal Publications Private Limited, 2021.

Mob.- 7061939604
Email:- naziyakouser181996@gmail.com

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
May 2026 Page No. : 145-149

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

पर्यावरण चेतना और रमेश पोखरियाल निशंक का साहित्य

बिमला शर्मा
सहायक आचार्य, हिन्दी,
राजकीय महाविद्यालय जोगिन्दर नगर, मण्डी (हि.प्र.) 175015

बीज शब्द : मानव, प्रकृति, वृक्ष, पर्वत, वसुधा, क्षणिक, विनाश।

प्रस्तावना :

मानव के अस्तित्व के लिए प्राकृतिक परिवेश का विशेष महत्व है। वह प्रकृति ही है जो मां की भान्ति पोषण करती है। सृष्टि के प्रारम्भ से ही सबसे मानव इस धरती पर आया तभी से उसने स्वयं को प्रकृति की गोद में हो पाया है। जन्म होते ही जिस प्रकार एक शिशु स्तन्नों को खोजता है ठीक वैसे ही उसने जल, वायु, जीव, वनस्पति और खनिज आदि प्राकृतिक संसाधनों आदि में अपने लिए जीवन शक्ति की तलाश की। प्रकृति और मानव के मध्य सम्बन्ध सूत्रता हो जाने से ही संस्कृति का भी आविर्भाव हुआ है। प्रकृति में छिपे देवत्व के विषय में गोविन्द चातक ने लिखा है– 'प्रकृति के प्रति रहस्य और देवत्व का भाव आदि मानव की चेतना का मुख्य अंग था। प्रकृति का विराट, सुन्दर और वैभवशाली स्वरूप उसमें देवत्व का अनुमान कराता रहा है। मानव आकाश, जल, भूमि आदि में उसकी सत्ता की विद्यमानता महसूस करता है। प्रकृति का सौन्दर्य परम सुन्दर का ध्यान करवाने और सृष्टि के भीतर स्रष्टा को देखने, जानने का अवसर देता है।' इस आधार पर यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि मानव और प्रकृति का अन्योन्याश्रित संबंध है। किसी भी देश, प्रदेश की प्राकृतिक अवस्थाएं उस क्षेत्र के निवासियों की आवश्यकताओं का निर्धारण करती है, साथ ही उनके स्वभाव को विकसित करती हैं। ग्रह, नक्षत्र, पर्वत–पहाड़, नदी–नाले, वृक्ष, वन, जीव–जन्तु, वनस्पतियां आदि प्रकृति के अभिन्न अंग हैं। मानव का विकास इन्हीं प्राकृतिक वस्तुओं से हुआ है। प्रकृति के इन्ही अभिन्न अंगों से देश, प्रेम, की शुरूआत होती है। जो अपने आस–पास के प्राकृतिक परिवेश से प्रेम न करता हो वह अपने प्रदेश व देश से क्या ही प्रेम करेगा। प्रकृति प्रेम के अभाव में राष्ट्र प्रेम संभव नहीं।

इस विषय में आयार्च रामचन्द्र शुक्ल का कथन है– 'यदि किसी को अपने देश से प्रेम है तो उसे अपने देश के मनुष्य, पशु, लता, गुल्म, पत्ते, कण, पर्वत, नदी, निर्झर सबसे प्रेम होगा। सबको वह चाह भरी वे यदि दस दृष्टि से देखेगा। जो यह नहीं जानते कि कोयल किस चिड़िया का नाम है बने–ठने मित्रों के बीच प्रत्येक भारतवासी की औसत आमदनी का परता बताकर देश प्रेम का दावा करें तो उनसे पूछना चाहिए कि भाइयों बिना परिचय का यह प्रेम कैसा?' स्पष्ट है कि अपने देश, प्रदेश के प्रति प्रेम भाव महसूस करने का उत्कृष्ट उदाहरण यही है कि व्यक्ति अपने देश प्रेम में मानव व मानवेतर प्राणियों, वृक्षों, जल, जंगल जमीन, निर्झर, पर्वत पहाड़ आदि

से कितना परिचित है। अन्यथा राष्ट्रप्रेम का दावा एकदम निरर्थक है। मानव अपने प्रारम्भ से ही प्रकृति का सहघ्यात्री रहा है। प्रकृति ही वह साधन है जिसने मनुष्य की समस्त जरुरी आवश्यकताओं को पूरा किया है। इसलिए यह अति आवश्यक हो जाता है कि मनुष्य और प्रकृति के बीच गहरे संबंध में सन्तुलन बनाकर रखा जाए। पुराने समय में जब मनुष्य लगभग एकाकी जीवन व्यतीत करता था तथा तमाम् तरह के स्वार्थों से दूर था और उसके भीतर तेरे मेरे का भाव नहीं था तो यह सन्तुलन कायम था, परन्तु धीरे–धीरे जैसे जैसे मनुष्य विकास करता गया तो प्रकृति के साथ यह सन्तुलन भी बिगड़ता गया।

इसी बदलते, बिगड़ते सन्तुलन के मध्य प्रकृति और पर्यावरण के बचाव एवं संरक्षण का भाव 'निशंक' के साहित्य में के स्पष्टता देखने को मिलता है। क्योंकि रमेश पोखरियाल 'निशंक' का प्रकृति में गहरा संबंध रहा है। गढ़वाल क्षेत्र के 'पिनानी' गांव में जनमे पोखरियाल ने अपनी प्रथम सांस ही नगाधिराज हिमालय की गोद में ली है। इसी प्राकृतिक परिवेश का प्रभाव है कि लेखक प्रकृति के प्रति अत्यन्त संवेदनशील हो गया है। प्रकृति के प्रति जो सुकुमारता प्रसिद्ध छायावादी कवि सुमित्रानंदन पन्त में है ठीक वैसी ही सुकुमारता निशंक के प्राकृतिक वर्णन में मिलती है। इसी सुकुमारता और संवेदनशीलता को इनके साहित्य में स्पष्टतः देखा जा सकता है। प्रतिवर्ष जंगल आग की चपेट में आकर राख बनते जा रहे हैं। दावानल की इस बढ़ती समस्या से लेखक अत्यन्त दुखी है। अपनी कहानी 'अंतिम सांस तक' के पात्र चंदू के माध्यम से लेखक इसकी सुरक्षा की याचना करता है। इस विषय में आशुतोष द्विवेदी ने लिखा है– 'वह लोगों को पुकारता है, चीखता चिल्लाता है। जब कोई नहीं आता है तो वह स्वयं ही उस जंगल को जलने से बचाने के लिए कूद पड़ता है। यही भाव लेखक के करूण हृदय की मार्मिकता को बयां करता।'

जिन पर्वतों, पहाड़ों, घने जंगलो, पवित्र जल स्रोतों के कारण यह हिमालय भूमि देवत्व धारण किए हुए खड़ी हैं उन प्राकृतिक संसाधनों का विनाश करके हम देवभूमि के देवत्व को कैसे सुरक्षित रख पाएंगे। वर्तमान में यह भी एक बड़ा और महत्वपूर्ण प्रश्न है? लेखक इस विषय को लेकर भी चिन्तित दिखाई पड़ता है और इस सब को रोकने का प्रयत्न करता है। निम्न पंक्तियों के माध्यम से निशंक की चिन्ता देखी जा सकती है :

"प्रकृति की दुर्दशा को, देख मन टूट जाता है,
पलायन रोकने को पर्वतों से यत्न करता है,
सदा वसुधा का धानी रंग हो, यह कल्पना जिसकी,
रमा का ईश वह निशंक, कविता का विधाता है।"

स्पष्ट है कि निशंक अपनी जन्मभूमि के प्राकृतिक परिवेश की निरन्तर होती दुर्दशा के प्रति अत्यन्त चिन्तित रहते हैं जिसका प्रमाण ये पंक्तियां प्रस्तुत करती है। उत्सर्ग नामक कहानी में निशंक 'मेंढ़ापणी' नामक स्थान की प्राकृतिक सुन्दरता के विषय में लिखते हैं 'मेंढ़ापणी की खड़ी–चढ़ाई को पार करना मांउट एवरेस्ट पर फतह हासिल करने जैसा था। कमोवेश इन पहाड़ी पगडंडियों की चौड़ाई ज्यूरांगली की आत्मघाती हथेली की मानिन्द चौड़ाई लिए, नितांत संकरी व सर्पाकार गलियों से मेल खाती थी। अन्तर सिर्फ इतना था कि यहां बांज, बुरांस, अंय्यार के घने जंगलों की सूरज की किरणों भी भेद कर जमीन नहीं हूं पाती थी।' स्पष्ट है कि इस क्षेत्र में जंगल इतने विशाल और घने थे कि न सूर्य की रोशनी जमीन तक पहुंच पाती थी न ही एक छोर से दूसरा छोर ही दिखाई पड़ता था। परन्तु वर्तमान में निरन्तर होते कटान व आगजनी से जंगल खत्म किए जा रहे हैं।

साथ ही अवैध कब्जों और विकास के नाम पर हो रहे अवैध कटान से भी प्राकृतिक संपदा अपनी विलुप्ती के कगार पर खड़ी हो चुकी है।

निशंक अपने साहित्य के माध्यम से प्रकृति के विनाश की समस्या से शब्द दर शब्द चिन्तित प्रतीत है और अपने साहित्य के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास करते हैं। वनों के निरन्तर होते विनाश की पीड़ा को प्रदर्शित करते हुए तथा वृक्ष के दर्द को पूरी भावुकता से महसूस करते हुए 'वृक्ष की जुबानी कविता' में वे लिखते हैं –

"मैं वृक्ष होकर भी सदा
तुम्हारे लिए जीता रहा
तुम्हारे हर घात प्रतिघात
मूक बन सहता रहा
किन्तु तुम सर्वश्रेष्ठ घोषित होकर भी
तुच्छ ही रह गए।
हम बेजुबान होकर
तुम्हारा जुल्म सह गए।"

पर्यावरण चेतना की यह कविता एक उत्कृष्ट उदाहरण है। निरन्तर विनाश भी भूमि पर विचरण करते वृक्ष की वेदना को अत्यन्त मार्मिकता से प्रस्तुत किया गया है। यह एक संवेदनशील और प्रकृति प्रेमी व्यक्ति ही हर सकता है। जिस करूणा है संवेदना के घरातल पर जाकर इन्होंने प्रकृति का करूण गान किया है उसका सीधा प्रभाव मानव जीवन पर पड़ता है। क्योंकि मानव स्वयं ही प्रकृति के पांच तत्वों से निर्मित हुआ है। उसके जीवन को प्रकृति से अलग करके नहीं देखा जा सकता है। निशंक का साहित्य ग्रामीण अंचल और परिवेश के वर्णन से भरा पड़ा है। ये प्रकृतिपरक प्रभाव इसलिए भी हो सकता है कि इनका जन्म इन्हीं वनस्पतियों और पर्वत श्रृंखलाओं के सानिध्य में हुआ है। इसलिए ही वह प्रकृति के प्रति इतना संवेदनशील और चिन्तित है। यह चिन्ता स्वाभाविक भी प्रतीत होती है। क्योंकि प्राकृतिक परिवेश से परिपूर्ण प्रदेश से वे संबंध रखते हैं वहां के गांव पलायन और विस्थापन की समस्या से जूझ रहे हैं। जब पूरे गांव पलायन की चपेट में आकर खाली हो जाएंगे तो प्रकृति का संरक्षण कौन करेगा। यह पीड़ा भी इनके साहित्य में स्पष्ट परिलक्षित होती है। यथा :

"कहां रहे वे ग्राम निलय अब/तरूण जवानी कहां रही।
कहां गए वो बाग बगीचे/मोहक हरियाली कहां गई।
अब तो नन्ही किलकारी गुम कहीं शेष बूढ़ी लाठी
गांव गांव वीरान पड़े हैं/रोती धरती है मारी।
रोजगार पाने को जो भी गांव छोड़कर जाता है।
जन्मभूमि की ममता त्यज वह कहां लौटकर आता है।"

प्रकृति संरक्षण की चिन्ता और उसके निरन्तर विनाश की पीड़ा स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रही है। इनका साहित्य मानवीय जीवन में प्रकृति के महत्व को गहरे स्तर पर अभिव्यक्त करता है। मनुष्य जीवन में जो कुछ भी आनन्ददायी है वह प्रकृति ही है। उसने जो कुछ भी जीवन में प्राप्त किया है वह प्रकृति से ही सीखकर किया

है। क्योंकि प्रकृति तो पूर्णतः निरपेक्ष है वह मानव की सहचरी बनकर चलती रही है। लेकिन मानव जैसा बुद्धिशील प्राणी आज प्रकृति पर विजय प्राप्त करना चाहता है। इसलिए वह निरन्तर कभी विकास के नाम पर और कभी अपनी व्यक्तिगत स्वार्थलिप्सा के चलते उसका अत्यधिक दोहन कर रहा है। जो निरन्तर हमारे पर्यावरण को गहरे स्तर पर प्रभावित करता जा रहा है।

वर्तमान समय में आदमी अतिभौतिकतावादी और बाजारवादी बनता जा रहा है। वह अपने और केवल अपने नीजी हितों तक सीमित होता जा रहा है। जिसके कारण वह निरन्तर प्रकृति से दूर होता जा रहा है। प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति उसकी पीड़ा और संवेदना न के बराबर होती जा रही है। परिणाम ये होता जा रहा है कि वह दुख, बीमारी, मानसिक तनाव, जैसी विकृतियों का शिकार होता जा रहा है। प्रकृति के महत्व के विषय में स्वयं पोखरियाल ने लिखा है– 'मैंने यह महसूस किया है कि मनुष्य प्रकृति के जितना निकट रहेगा, जितना उसे आत्मसात् करेगा, उसे उतना ही धैर्य, पुरुषार्थ और ऊर्जा प्राप्त होती है। हमारी अनेक समस्याओं के समाधान के लिए प्रकृति हमें ताकत देती है। जब–जब मानव ने प्रकृति से अपनी दूरीयां बढ़ाई है तब–तब विकृति पैदा हुई है और विध्वंस का कारण बनी है।

स्पष्ट है कि स्वयं कवि, कथाकार निशंक प्रकृति के प्रति अत्यन्त सजग हैं वे इसके संवेदनशील और विध्वंसकारी दोनों रूपों से भली–भान्ति परिचित हैं। इसी परिचय का परिणाम है कि उसका साहित्य प्रकृति परक अधिक वन पड़ा है। अपनी कविता 'तुम आओ तो सही' के माध्यम से इन्होंने इस बात को स्पष्ट करने का प्रयास किया है कि यदि मनुष्य प्रकृति के समीप आएगा तो निश्चित तौर पर उसे, शान्ति सवर्गिक आनन्द और जीवन का नया लक्ष्य प्राप्त होगा। पंक्तियां है –

"तो आओ न!
तुम क्षणिक भौतिक सुखो को छोड़कर
कुछ देर प्रकृति के पास आओ
इसके सानिध्य में असीम शान्ति
अलौकिक सुख और जीवन के उद्देश्य को पाओ।"

स्पष्ट है कि निशंक अपने साहित्य के माध्यम से मानव जाति को प्रकृति के निकट लाने के लिए कटिबद्ध है ताकि हम अपने पर्यावरण को विनाश की वेदी पर चढ़ने से बचा सके। प्रकृति और मानव जीवन को जोड़ने का यह प्रयत्न निशंक जी का अपना वैशिष्टय है। इन्होंने प्राकृतिक परिवेश से प्राप्त विम्बों के द्वारा, नदी, निर्झर, जंगल, वृक्ष, वायु और ग्रामीण परिवेश को मानव जीवन के साथ संलग्न करते हुए अपने साहित्य में उजागर करने का प्रयत्न किया है। इन्होंने पर्यावरण और प्रकृति के से जुड़े तमाम प्रश्नों को मानव जीवन के एक व्यापक हिस्से की तरह सीमाहीन विस्तार प्रदान किया है। प्रकृति के लगभग समस्त उपादानों के प्रति उनका जिज्ञासु भाव स्पष्ट परिलक्षित होता है। वृक्षों, वनों की का मानवीकरण करते हुए, उनकी व्यथा और मनुष्य द्वारा उनके विनाश के विषय में इन्होंने अपनी कविता 'वृक्ष की कहानी, वृक्ष की जुबानी' में बड़ी ही मार्मिकता से उकेरा है।

"अपनी महत्वकांक्षाओं के लिए/तुमने हमारे सपने तोड़ दिए।
किसी को जड़ से लेल दिया।
कई को अधकटा छोड़ गए।

सुनो! हमने कभी हमारे लिए/जीवन को नहीं जीया।
तुमने ही अहर्निश/विष का घूंट भी पिया।
न खा सके हम कभी/आजीवन स्वयं के फल को/न पा सके वो ठंडी छांव।
कभी पल दो पल को।"

मनुष्य जाति ने किस हद तक प्रकृति का दोहन अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए किया है, यह वृक्षों और वनों की पीड़ा, उनकी व्यथा को स्पष्ट परिलक्षित करता है। अपनी इसी स्वार्थलिप्सा के कारण मानव जाति को प्रकृति के विकराल और विनाशकारी स्वरुप का सामना भी करना पड़ा है। रमेश पोखरियाल निशंक का सम्पूर्ण साहित्य प्राकृतिक दोहन की पीडा और उसके संरक्षण के प्रति चेतन से परिपूर्ण है। इन्होंने अपने साहित्य में प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण पलायन की समस्या, को सर्वाधिक महत्व प्रदान किया है। प्रकृति के समस्त उपादानों के संरक्षण और बचाव के प्रति इनकी चिन्ता, इनके साहित्य में स्पष्ट परिलक्षित होती है। ये सचमुच ही प्रकृति और पर्यावरण के चितेरे साहित्य सर्जक हैं।

ग्रन्थानुक्रमणिका :

1. गोविन्द चातक, संस्कृति समस्या और सम्भावना, दिल्ली तक्षशिला प्रकाशन, 1996, पृ. 01
2. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, कविता क्या है?, सरस्वती पत्रिका, 1909
3. पीयूष कुमार द्विवेदी, रमेश पोखरियाल निशंक का साहित्य विमर्श, कानपूर : अमन प्रकाशन, 2021, पृ. 13
4. पीयूष कुमार द्विवेदी, रमेश पोखरियाल निशंक का साहित्य विमर्श, कानपूर अमन प्रकाशन, 2021, पृ. 14
5. रमेश पोखरियाल निशंक, निशंक की लोकप्रिय कहानियां, दिल्ली प्रभाव प्रकाशन, 2022, पृ. 104
6. पीयूष कुमार द्विवेदी, रमेश पोखरियाल निशंक का साहित्य विमर्श, कानपूर अमन प्रकाशन, 2021, पृ. 16
7. वही, पृ. 23
8. रमेश पोखरियाल निशंक, हिमालय के आंचल में प्रकृति का स्पर्श, दिल्ली, प्रभात प्रकाशन, 2002, पृ. 22
9. वही, पृ. 33
10. वहीं, पृ. 57–58

मोबाईल नं– 8219230931

Gmail : bimlasharma30931@gmail.com

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
May 2026 Page No. : 150-155

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

प्राचीन भारतीय गणराज्यों में लोकतंत्र की अवधारणा के तत्त्व

प्रो. रचना सिंह, प्रोफेसर,
दिग्विजय सिंह, शोध छात्र,
मध्य कालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग, ईश्वर शरण डिग्री कालेज प्रयागराज।

सारांश :

वर्तमान विश्व में प्रचलित लोकतांत्रिक सिद्धांतों का विकास उत्तर पश्चिम विश्व की देन माना जाता है। अधिकांश विद्वानों का यह मानना है कि इन लोकतांत्रिक सिद्धांतों का विकास अमेरिकी और फ्रांसीसी क्रांति से हुआ। जहां अमेरिका ने अपने लोगों को मूल अधिकार प्रदान किए तो वहीं फ्रांसीसी क्रांति ने स्वतंत्रता, समानता और बंधुता का नारा दिया। स्वतंत्रता, समानता और बंधुता का नारा वास्तविक लोकतंत्र की पहचान है। भारत में स्वतंत्रता, समानता और बंधुता जैसे सिद्धांत प्राचीन समय से ही विद्यमान थे। प्राचीन भारतीय गणराज्य परंपरा लोकतंत्रात्मक शासन पद्धति की नींव थी। उस पद्धति में गणराज्य के प्रमुख का चयन सर्वसाधारण द्वारा चुनी गई परिषदों के माध्यम से होता था। वैदिक काल में सभा और समिति जैसी परिषदें राजा पर युक्तियुक्त नियंत्रण रखती थीं। राज्य में संचालित नीतियों के संबंध में लिए गए निर्णय सर्वसम्मति से पारित होते थे। किसी विवादित विषय पर मतदान जैसी प्रक्रिया का उपयोग भारतीय गणराज्यों में विद्यमान लोकतांत्रिक परंपरा में होता था। इन गणराज्यों में न्यायिक व्यवस्था भी लोकतांत्रिक पद्धति के आधार पर कार्य करती थी। इन गणराज्यों में नागरिक सेना की अवधारणा विद्यमान थी अर्थात् राज्य के नागरिक ही कृषि और व्यापार जैसे कार्य करने के साथ–साथ सैनिक के रूप में भी कार्य करते थे। राजा न्यायिक, प्रशासनिक और नैतिक रूप से प्रजा के प्रति उत्तरदायी होता था। यद्यपि उस समय वर्तमान जैसी मंत्रिमंडल की व्यवस्था विद्यमान नहीं थी और सभी लोगों को मतदान का भी अधिकार प्राप्त नहीं था। राज्यों में लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा विद्यमान थी जो लोकतांत्रिक शासन पद्धति की महत्वपूर्ण विशेषता है। इस शोध पत्र में प्राचीन भारत में विद्यमान लोकतांत्रिक सिद्धांतों के तत्वों को विश्लेषित करने का प्रयास किया गया है और साथ ही साथ भारतीय गणराज्य में विद्यमान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को उद्‌बोधित करने का प्रयास किया गया है।

प्रमुख शब्द – प्राचीन भारत, राजा, गणराज्य, लोकतंत्र, परिषद्, समिति।

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अनुसार, "लोकतंत्र का अर्थ, एक ऐसी जीवन पद्धति से है जिसमें स्वतंत्रता, समानता और बंधुता मूल सिद्धांत के रूप में होते हैं। अब्राहम लिंकन के अनुसार लोकतंत्र, "जनता का

जनता के द्वारा और जनता के लिए" स्थापित शासन प्रणाली है। यद्यपि कुछ विद्धानों ने आधुनिक लोकतंत्र की उत्पत्ति पश्चिम से मानी है परंतु भारतीय समाज में लोकतांत्रिक चेतना का विकास प्राचीन समय से ही विद्यमान था। ऋग्वेद से लेकर बौद्ध काल तक भारतीय समाज में संवाद, बहस, सामूहिक निर्णय, जनसुनवाई जैसे कार्यक्रम संपन्न होते थे। भारतीय राजनीतिक चिंतन में लोकतांत्रिक चेतना भारतीय समाज की सांस्कृतिक और सामाजिक विविधताओं एवं गौरवशाली परंपराओं के विकास पर आधारित है। जिसमें स्वतंत्रता, समानता, न्याय, बंधुता, सहभागिता और सहिष्णुता जैसे तत्व सम्मिलित रहे है। भारतीय लोकतांत्रिक परंपरा की जड़े वैदिक युग, बौद्ध–जैन परंपरा, मध्यकालीन संत साहित्य और आधुनिक राष्ट्रवादी आंदोलन तक फैली हुई है। लोकतंत्र को एक सामान्य शासन प्रणाली के रूप में देखा जाता है किंतु भारतीय परिपेक्ष्य में एक जीवनदृष्टि, सामाजिक नैतिकता और सांस्कृतिक स्वायत्तता का प्रतीक रहा है।[1] भारत की सामाजिक संरचना, दर्शन और ऐतिहासिक अनुभवों ने लोकतंत्र की अवधारणा को विशिष्ट स्वरूप प्रदान किया। भारतीय लोकतांत्रिक परंपरा के बीच प्राचीन भारतीय ग्रंथों और सामाजिक व्यवस्थाओं में गहराई से निहित है।वैदिक काल में सभा और समिति दो प्रमुख संस्थाएं थी, जिन्हें 'जनता की आवाज' और निर्णय लेने वाले निकाय के रूप में देखा जाता है। ऋग्वेद में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि राजा इन निकायों की मंत्रणा पर कार्य करता था। यह व्यवस्था इंगित करती है कि राज्य व्यवस्था निरंकुश नहीं थी बल्कि उस पर नियंत्रण रखने के लिए इन निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

गणराज्य परंपरा विशेष कर बौद्ध और जैन ग्रंथों से स्पष्ट होती है। 'दीघ निकाय' जैसे बौद्ध ग्रंथों में लिच्छवी, शाक्य और मल्ल जैसे गणराज्यों का वर्णन मिलता है, जहां सामूहिक नेतृत्व, प्रतिनिधियों का चयन और निर्णय हेतु बहस की परंपरा विद्यमान थी। यह उस काल की अत्यंत उन्नत राजनीतिक चेतना को दर्शाता है।[2] कौटिल्य के अर्थशास्त्र में वर्णित है कि इन गणराज्यों में निर्णय बहुमत से लिए जाते थे। यह सामूहिक नेतृत्व की अवधारणा आज के लोकतंत्र के 'पार्लियामेंट्री सिस्टम' के समान मानी जा सकती है। राजा न्यायिक, प्रशासनिक तथा नैतिक रूप से प्रजा के प्रति उत्तरदायी होता था।

प्राचीन भारत में विद्यमान लोकतांत्रिक अवधारणा :

ऋग्वेद में वर्णित सभा और समिति विभिन्न वर्गों की भागीदारी के साथ–साथ अनेक प्रकार की सामूहिक चर्चाओं का भी उल्लेख करती है। प्राचीन भारतीय गांव अक्सर पंचायतों, जमीनी स्तर की सभाओं द्वारा शासित होते थे जो निर्णय लेने और विवाद समाधान के लिए जिम्मेदार होते थे। यह परिषदें लोकतंत्र के सूक्ष्म जगत का प्रथम नेतृत्व करती थी, जहां स्थानीय मुद्दों को सामूहिक विचार–विमर्श के द्वारा सुलझाया जाता था। बौद्ध धर्म भारत के इन लोकतांत्रिक आदर्श को एशिया के विभिन्न हिस्सों में ले गया। बौद्ध मठ एवं सभाएं जहां सर्वसम्मति से निर्णय लिए जाते थे लोकतांत्रिक प्रथाओं को प्रतिबिंबित करती थी। एशिया के कई देशों जैसे श्रीलंका, तिब्बत और थाईलैंड की शासन प्रणालियों इन आदर्शों से प्रभावित हुई।[3] मौर्य शासको, विशेष रूप से सम्राट अशोक ने करुणा और सामान्य भलाई के लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ तालमेल रखते हुए अहिंसा और सामाजिक कल्याण के सिद्धांतों को अपनाया। इसके उपरांत यदि हम कौटिल्य द्वारा लिखित अर्थशास्त्र की राजव्यवस्था का अध्ययन करते हैं तो उसमें यह सर्वविदित तथ्य उपस्थित होता है कि कौटिल्य की राज व्यवस्था कल्याणकारी राज्य के बहुत निकट है जो लोकतंत्रात्मक अवधारणा का ही एक तत्व है।[4]

महाभारत का शांति पर्व राजनीतिक ज्ञान की दृष्टि से सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। शांति पर्व राजनीतिक

विचारधारा, सिद्धांतों, जीवन–दर्शन, अंतरराष्ट्रीय संबंधों के सूत्रों, आंतरिक तथा वाह्य राजनीतिक गतिविधियों के संचालन की कलाओं का सार संग्रह है। महाकाव्य महाभारत के शांति पर्व में अनेक ऐसी अवधारणा सूत्र मिलते हैं जो लोक कल्याणकारी राज्य स्थापित करने में महत्वपूर्ण हो सकते हैं। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है की महाकाव्य में लोकतंत्र शब्द का प्रयोग नहीं किया गया। इसमें लोकतंत्र के स्थान पर गणतंत्र शब्द का प्रयोग हुआ है। गण मूलतः स्थानीय स्तर पर होते हैं और गण से मिलकर संघ बनता है। संघबद्धता ही गणतंत्र का आधार बताई गई है।[5] इस व्यवस्था में राजा समस्त लोक (गण) के कल्याण हेतु निरंतर प्रयास करता है। इसी क्रम वाल्मीकि रामायण से भी लोकतंत्रात्मक अवधारणा की पुष्टि होती है। वस्तुतः रामायण काल, राजतंत्रों का काल था किंतु रामायण में परिषद, समिति तथा संसद तीन शब्दों का उल्लेख मिलता है। परिषद का उल्लेख अमात्य कांड तथा युद्ध कांड में है। समिति और संसद का उल्लेख केवल युद्ध कांड में है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये एक ही संस्था के नाम थे। इस परिषद के सदस्य प्रतिष्ठित एवं विद्वान होते थे तथा उनका चुनाव सामान्य नागरिकों में से किया जाता था। इन परिषदों में नगरों के व्यापारिक समूह और जनपदों के प्रतिनिधि सम्मिलित होते थे।[6] रामायण में परिषद एवं जनपदों के उल्लेख से प्रतीत होता है कि उस समय भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के तत्व मौजूद थे।

प्राचीन भारतीय गणराज्यों की प्रशासनिक व्यवस्था में मौजूद लोकतांत्रिक सिद्धांत :

प्राचीन साहित्य से प्राप्त तथ्यों के आधार पर स्पष्ट होता है की ईसा से लगभग छठवीं सदी पहले अर्थात बुद्धकालीन भारत में गंगा घाटी के मैदान में कई गणराज्य उपस्थित थे जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के सिद्धांतों का पालन करते थे। उस अवधि में यहां विभिन्न प्रकार की समितियां, सभाओं एवं गणों की चर्चा भी मिलती है। डायोडरस ने भी अपने ग्रंथ में भारत के उत्तर मध्य क्षेत्र में अनेक गणराज्य की उपस्थिति का उल्लेख किया है। इन गणराज्य में कपिलवस्तु के शाक्य, अलकप्प के बुलि, मिथिला के विदेह, पिप्पलिवन के मोरिय, कुशीनगर के मल्ल और वैशाली के लिच्छवी तथा अनेक छोटे–मोटे गणराज्य शामिल थे, जहां लोकतांत्रिक परंपरा स्थापित हो चुकी थी।[7] गणराज्यों से तात्पर्य उन राज्यों से है जिन में 'राजा' शब्द का प्रयोग गणराज्य अध्यक्ष के लिए किया जाता था। उस समय राजा का निर्वाचन करने वाले भी स्वयं को राजा कहते थे क्योंकि वे राजा का निर्वाचन करते थे और स्वयं भी उसे पद के लिए निर्वाचित हो सकते थे। महाभारत के शांति पर्व के अनुसार गणराज्य में प्रत्येक व्यक्ति जन्म से समान था और समस्त कालों में भी समानता होती थी। यद्यपि उच्च पदों पर राजवंश के लोग बैठते थे परंतु उनका दृष्टिकोण लोकतांत्रिक था। गणराज्य में नागरिकों की स्वतंत्रता और समानता की पूर्ण स्थापना की गई थी। गणराज्य में सरकारी पदों पर नियुक्ति योग्यता के आधार पर ही की जाती थी। गणराज्य में शासन और सत्ता के अधिकार किसी व्यक्ति विशेष के हाथों में केंद्रित नहीं थे, अभी तो वह एक गण या समूह या परिषद के हाथों में होते थे।[8]

प्रत्येक गणराज्य की एक व्यवस्थापिका सभा होती थी जिससे 'संस्थागार' कहते थे। संस्थागार राजवंश एवं अन्य वर्गों के प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व होता था और राज्य प्रशासन के नियमों के अनुसार अधिवेशन होता था। अधिवेशन तभी पूर्ण माना जाता था जब उसमें सदस्यों की निश्चित संख्या उपस्थित हो अर्थात गणपूर्ति का सिद्धांत लागू होता था। यदि विवादित विषय जिस पर संस्थागार निर्णय नहीं ले पाता था तो उस विषय को कुशल और अनुभवी सदस्यों की एक समिति को निर्णय हेतु सौंपा जाता था। विवादित विषय पर बहुमत से निर्णय होता था और इसके लिए मतदान प्रणाली का उपयोग किया जाता था जिसे 'येम्भूटयायिकेन' कहा जाता था।

मतदान की समस्त विधि को भली–भांति पूर्ण करने वाला अधिकारी 'शलाका ग्राहायक' कहलाता था। संस्थागार के अधिवेशन एवं बैठकों की सभी कार्रवाइयों को लिखा जाता था और इसके लिए अलग से कर्मचारी और अधिकारीगण नियुक्त होते थे। संस्थागार के अधिवेशन में आज के समान ही दर्शकों को सभा की कार्यवाही देखने की व्यवस्था भी थी। गणराज्य में आज के प्रशासन की भांति न्याय व्यवस्था भी प्रजातांत्रिक थी। न्याय व्यवस्था में अट्ठकुलक या आठ न्याय के अधिकारियों के सामूहिक निर्णय की व्यवस्था की गई थी।[9]

गणराज्यों की विशालता के कारण स्थानीय स्वशासन को प्रोत्साहित किया जाता था। विशाल नगरों में स्थानीय स्वशासन प्रणाली थी। प्रत्येक बड़े नगर में एक परिषद आधुनिक नगर पालिका के समान होती थी। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वशासन हेतु छोटे कस्बो एवं ग्रामों में आधुनिक ग्राम पंचायत के समान स्थानीय परिषद विद्यमान थी। नगर और ग्राम की संस्थाएं अपने आंतरिक कार्यों में लगभग स्वतंत्र रहती थीं। छोटे–छोटे गणराज्यों के संघ को 'संघात' कहते थे। इस संयुक्त संघ की एक सभा होती थी जिसे 'संघातगण' कहते थे। इस सभा में प्रत्येक गणराज्य के प्रतिनिधि होते थे। इस सभा का अध्यक्ष निर्वाचित होता था जिसे' संघ मुख्य' कहते थे। आंतरिक मामलों में 'संघात' के गणराज्य पूर्ण रूप से स्वतंत्र थे। गणराज्य और उनकी प्रजातांत्रिक शासन प्रणाली तत्कालीन राजनीतिक जागरूकता एवं अभिरुचि का घोतक है।[10]

बौद्ध काल में गणराज्यों में शासन व्यवस्था लोकतांत्रिक एवं विकेंद्रित थी। परंतु वर्तमान व्यवस्था के समान प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार नहीं था। शासन का संचालन विशिष्ट वर्ग के लोग करते थे जो क्षत्रिय होते थे। यद्यपि कुछ गणराज्य में शासन का संचालन ब्राह्मण या वैश्य भी करते थे। के.पी. जायसवाल प्राचीन समाजों को 'रिपब्लिक' या 'प्रजातंत्र' की संज्ञा दी है। इनका मानना था कि इन गणराज्य में नागरिक सेना की अवधारणा विद्यमान थी अर्थात कि राज्य में संपूर्ण जनता सशस्त्र थी। यही नागरिक खेती करते थे और उद्योग धंधे भी चलाते थे। इससे स्पष्ट है कि इन गणों में जनता से अलग सेना नहीं थी अर्थात जनता संप्रभु थी। इस क्रम में प्राचीन भारत के वैशाली में स्थित लिच्छवी गणराज्य का सर्वप्रथम उल्लेख किया जा सकता है जहां दुनिया का पहला गणतंत्र कायम हुआ था। वास्तव में विश्व को सर्वप्रथम लोकतंत्र का ज्ञान करने वाला स्थान वैशाली ही है। लिच्छवी गणतंत्र के संविधान से यह ज्ञात होता है कि आज जो लोकतांत्रिक प्रदेशों में दो सदनीय व्यवस्था है जिसमें जनता द्वारा चुने गए सांसद नीतियां बनाते हैं। ऐसी ही व्यवस्था वैशाली गणराज्य में विद्यमान थी। वहां उस समय छोटी–छोटी समितियां विद्यमान थीं जो गणराज्य के अंतर्गत आने वाली जनता के लिए नियम और नीतियां बनाती थी। लिच्छवी गणतंत्र में राज्य की समस्त शक्ति जनता में ही थी, राजा का अस्तित्व तथा परंतु उसकी स्थिति जनता के सेवक के रूप में मान्य थी।[11] यहां प्रजा की भलाई करना ही एकमात्र उद्देश्य था और शासक जनता के प्रतिनिधियों द्वारा चुना जाता था। राज्यशक्ति समूह में निहित थी और अनेक सदस्यों से बनी संस्था परिषद कहलाती थी। परिषद की कार्यवाही जिस भवन में होती थी उसे संस्थागार' कहा जाता था। इसे भारत की पहली एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण संसद माना जाता है जहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया द्वारा समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया जाता था।[12]

परिषद की बैठक के लिए गणपूर्ति की व्यवस्था थी। प्रायः प्रत्येक प्रस्ताव पर गहन वाद विवाद होता था तथा बहुमत या सर्वसम्मत से ही कोई ठोस निर्णय लिया जाता था। परिषद के अनुपस्थित सदस्यों को यह अधिकार था कि वह लिखकर अपना मत दे सकते थे। उनके मतों को गुप्त रखा जाता था। इस लिच्छवी गणतंत्र

में गुप्त मतदान पद्धति भी विद्यमान थी।[13] लिच्छवी गणतंत्र में न्यायालय की समुचित और श्रृंखलाबद्ध व्यवस्था थी। आधुनिक युग की तरह दीवानी,फौजदारी तथा राजस्व न्यायालय विद्यमान थे। अंतिम न्यायालय का नाम 'एटथाकुलाका' था। अंतिम न्यायालय की नजर में अगर कोई दोषी व्यक्ति निर्दोष पाया गया तो उसे रिहाई दे दी जाती थी, परंतु दोषी पाए गए व्यक्ति को कठोर सजा दी जाती थी।[14] इसके अतिरिक्त लिच्छवी गणतंत्र में स्थानीय स्वशासन की भी व्यवस्था थी। नगर की समुचित व्यवस्था तथा शांति रक्षा के लिए 'नगरतुलिक' का पद आरक्षित था। इस तरह लिच्छवी गणतंत्र आदर, मतैक्य, दृढ़ता, सहिष्णुता शांति सौहार्द जैसी विशेषताओं से परिपूर्ण था। भगवान बुद्ध ने भी वैशाली राज्य के सुंदर शासन व्यवस्था की प्रशंसा मुक्त कंठ से की थी।[15]

निष्कर्ष :

प्राचीन भारतीय गणराज्य में लोकतंत्रात्मक शासन पद्धति के गुण व्यापक रूप से विद्यमान थे। वस्तुतः वर्तमान में जिस प्रकार लोकतांत्रिक देश में राज्य प्रमुखों का चयन जनता के द्वारा किया जाता है। उसी प्रकार गणराज्य परंपरा में राज्य प्रमुख का चयन जनता द्वारा चुनी गई परिषदों द्वारा होता था। इन परिषदों के सदस्य स्वयं भी राजा बनने की योग्यता रखते थे। वस्तुत प्राचीन गणराज्य में राज्य प्रमुख की चयन प्रक्रिया सहभागितामूलक थी। वर्तमान लोकतांत्रिक प्रणाली में नीति संबंधित निर्णय बहुमत द्वारा लिए जाते हैं, इस प्रकार भारतीय गणराज्यों की परंपरा में भी नीति निर्धारण का कार्य बहुमत के माध्यम से होता था। गणराज्यों में लोक कल्याण की अवधारणा भी विद्यमान थी जिसका उल्लेख कौटिल्य और पाणिनि के ग्रंथों साथ–साथ जैन एवं बौद्ध ग्रंथों से भी मिलता है। वर्तमान लोकतांत्रिक पद्धति में लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक सिद्धांत है। प्राचीन भारतीय न्यायिक पद्धति में भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का समावेश था और निर्णय लेने के लिए समिति की व्यवस्था हुआ करती थी जिसे 'अट्ठकुलक' के नाम से जाना जाता था। नागरिकों में स्वतंत्रता, समानता और बंधुता की भावना भी विद्यमान थी। ग्राम स्तर पर एवं नगर स्तर पर सभी निर्णय लेने के लिए विभिन्न प्रकार की सभाएं और परिषदीय व्यवस्था होती थी। यद्यपि तत्कालीन गणराज्य व्यवस्था में वर्तमान लोकतांत्रिक पद्धति की तरह सार्वभौम मताधिकार की प्रक्रिया विद्यमान नहीं थी और मंत्रिमंडलीय अवधारणा का भी विकास नहीं हो पाया था। इस प्रकार प्राचीन गणतंत्रीय व्यवस्था में सामूहिक स्वशासन की अवधारणा विद्यमान थी और इस रूप में प्राचीन भारत की प्रशासनिक व्यवस्था लोकतांत्रिक एवं विकेंद्रीकृत थी।

संदर्भ सूची :

1. देव, अर्जुन, देव इंदिरा समकालीन विश्व का इतिहास 1890– 2009, ओरियंट ब्लैकस्वान पब्लिकेशन, 2009, दिल्ली, पृष्ठ संख्या 19
2. एल्डर्स, सैमुअल जे., सिटीजन एंड पॉलिटिक्स : मॉस पॉलीटिकल बिहेवियन इन इंडिया, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो प्रेस, शिकागो, 1978, पृष्ठ 121
3. कुमार, रियान,रिफ्लेक्शंस ऑफ बुद्धिस्म ऑन मॉडर्न डेमोक्रेसी : ए 21 सेंचुरी पर्सपेक्टिव, जर्नल ऑफ़ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस खंड–27, 2022, पृष्ठ 1–11
4. कु. प्रतिभा, प्राचीन भारत में लोकतंत्ररू संस्कृत साहित्य में लोकतांत्रिक प्रवृत्तियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एडवांस एंड अप्लाइड रिसर्च, खंड–11, नवंबर–दिसंबर 2023

5. व्यास, वेद महाभारत खंड–5 शांति पर्व (पाण्डे, रामनारायण, अनुवाद), गीता प्रेस गोरखपुर, 2020, पृष्ठ 337, 8
6. सिंघल, सुरेश चंद्र, प्राचीन भारतीय राजनीतिक, चिंतन लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाशन, आगरा, 2014, पृष्ठ 88
7. शुक्ल, वीरेंद्र, राजनीतिशास्त्र, भारती भवन, पटना 2012, पृष्ठ 03
8. लुणिया, बी. एन., प्राचीन भारतीय संस्कृति, लक्ष्मी नारायण प्रकाशन, आगरा, 2003 पृष्ठ 213
9. वही, पृष्ठ 220
10. वही, पृष्ठ 224
11. शुक्ल, वीरेंद्र, राजनीतिशास्त्र, भारती भवन, पटना, 2012 पृष्ठ 04
12. श्रीवास्तव, एल. पी., भारत में लोकतंत्र की यात्रा, प्रदीप (दैनिक हिंदी समाचार पत्र), पटना, 25 दिसंबर 1985
13. शुक्ल, वीरेंद्र, वही, पृष्ठ 04
14. सिंह, प्रभुनाथ प्रसाद, लोकतांत्रिक राजनीति, आलोक भारती प्रकाशन, पटना, 2018, पृष्ठ 13
15. श्रीवास्तव, एल.पी., वही।

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
May 2026 Page No. : 156-160

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

पर्यावरण संरक्षण में वृक्ष एवं वनस्पतियों का योगदान

सुनीता कलौनी
असिस्टेंट प्रोफेसर– संस्कृत
राजकीय महाविद्यालय, बलुवाकोट।

देवभूमि के गौरव से गौरवान्वित उत्तराखण्ड की संस्कृति को वैशिष्ट्य प्रदान करने में वृक्ष एवं वनस्पतियों का महत्वपूर्ण योगदान है। सभी धर्मों के मूल में प्रकृति के संरक्षण को विशेष महत्व दिया गया है, क्योंकि हमारा यह जीवन प्रकृति की ही अनुपम देन है। प्रकृति के दिए गए वरदानों में वृक्ष एवं वनस्पतियों को अत्यधिक सम्मान प्राप्त है। प्रकृति मानव जीवन की आधारशिला है। जैव विविधता जीवन को जीने के लिए अनिवार्य है। वृक्ष एवं वनस्पतियों को पृथ्वी के हरित फेफड़े कहा गया है। संस्कृत साहित्य मे प्रकृति एवं वृक्ष संरक्षण का विशेष महत्व रहा है। विशेष रूप से वृक्षों को जीवन का आधार माना गया है, मानव का प्राचीनकाल से ही प्रकृति के साथ अन्तरावलम्बित सम्बन्ध रहा है। क्योंकि प्रकृति ही मनुष्य की सबसे बड़ी शिक्षिका है। भारतीय संस्कृति ^Mवसुधैव कुटुम्बकम्** के सिद्धान्त को मानती है, जोकि विश्व बन्धुत्व की भावना राष्ट्र के प्रति भक्ति को भी प्रदर्शित करती है। वृक्ष एवं वनस्पतियों को भारतीय संस्कृति में केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि देवताओं के समान माना गया है। स्वच्छ पर्यावरण ही जीवन को स्वस्थ, सम्पन्न एवं आनन्दमय बनाता है। पर्यावरण के संतुलन में वृक्षों एवं वनस्पतियों का विशेष महत्व है, मत्स्य पुराण में कहा गया है –

"दशकूप समा वापी, दशवापी समोह्रदः। दशह्रद समः पुत्र, दशपुत्रसमो द्रुमः"।।

अर्थात् – दस कुओं के समान एक बावड़ी होती है, दस बावड़ियों के समान एक तालाब, दस तालाबों के समान एक पुत्र है, और दस पुत्रों के समान एक वृक्ष होता है।

वेद, उपनिषद, महाकाव्य तथा काव्य साहित्य में प्रकृति को माता, सहचरी, और जीवनदाता के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। इसीलिए संस्कृत साहित्य को मूल स्त्रोत माना गया है। संस्कृत साहित्य में केवल धार्मिक ग्रन्थ नहीं अपितु पर्यावरण के भी स्त्रोत है। इसमें प्रकृति को "माता" तथा मनुष्य को उसका पुत्र कहा गया है।

अथर्ववेद के "भूमि" सूक्त में पृथ्वी के प्रति श्रद्वा व्यक्त की गई है –

"माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः"।

पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वनस्पति एवं वृक्षारोपण को आवश्यक मानते हुये ऋग्वेद में वनस्पति आरोपण का स्पष्ट आदेश दिया गया है– वनस्पतिं वन आस्थापयध्वम्। वृक्ष एवं वनस्पतियों के बिना हम पृथ्वी में जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। "**माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्यां, वयं राष्ट्रे जागृयाम् पुरोहिता**" का शंखनाद करने वाली वैदिक संस्कृति प्राचीन काल से ही राष्ट्र की भावनात्मक एकता की दृढ़ स्थापना के लिये प्रबल रही हैं।

प्राचीन ऋषियों ने पर्यावरण की शुद्धता एवं पवित्रता बनाये रखने के लिए इसे यज्ञ व धर्म–कर्म से जोड़ा, जिसका अनुसरण करना भविष्य व भावी पीढ़ी के लिए अत्यन्त आवश्यक एवं उपयोगी है। क्योंकि यज्ञ के द्वारा अग्नि में प्रयोग की गई सामग्री, हवन के दौरान उठता हुआ धुँआ, जिसमें कि समस्त समिधाओं का प्रयोग किया जाता है, जोकि वातावरण को शुद्ध बनाने में सक्षम है, यह हवा में उडकर वायु, जल, पृथ्वी, अन्तरिक्ष सहित समस्त वातावरण को शुद्ध व जीवनोपयोगी बनाता हैं। और पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुपयोगी श्रोत है। भारतीय संस्कृति में राष्ट्र को आगे बढ़ाने, उन्नत एवं प्रगतिशील होने का संदेश दिया गया है– चरवैति–चरवैति। अर्थात्– उन्नति के पथ पर अग्रसर होने का भाव राष्ट्रीयता को अधिक शक्तिशाली बनाता है।

हमारे प्राचीन ग्रन्थों में पुत्रों से भी अधिक महत्व वृक्षों को दिया गया है– वैदिक एवं लौकिक संस्कृत में वेद, रामायण, महाभारत, एवं स्मृतियों में तथा अन्य वर्तमान ग्रन्थों में भी पर्यावरण की शुद्धता एवं संरक्षणता के विषय में प्रकाश डाला गया है। भारतीय संस्कृति में कविकुलगुरू की उपाधि से सुशोभत महाकवि कालिदास ने अपने प्रथम महाकाव्य कुमारसंभव् के प्रथम सर्ग के प्रथम श्लोक में हिमालय की प्रशंसा करते हुये देवात्मा कहकर हिमालय का गौरव बढ़ाया है। "अस्त्युत्तरस्यो दिशि देवात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः। पूर्वापरौ तोयनिधि वगाह्य स्थितः पृथिव्याः इव मानदण्डः"।। हिमालय पर्वत पर अनेक बहुमुल्य रत्न तथा दुर्लभ जड़ी–बुटियाँ पायी जाती हैं। यथा –

"यं सर्वशैलाः परिकल्प्य वत्सं मेरौ स्थिते दोग्धरि दोहदक्षे।
भास्वन्ति रत्नानि महौशधीश्च पृथपू दिष्टां दुदुहुर्धरित्रीम"।।

कालिदास युग में पर्यावरण के आठ देवता ही शिव में स्थापित हो गए –

"या सृष्टिः स्त्रृष्टुराद्या वहति विधिहुतं या हविः या च होत्री।
ये द्वे कालं विधत्तः श्रुतिविषयगुणा या स्थिता व्याप्तविश्वम्।।
यामाहुः सर्वबीजप्रकृतिरिति यया प्राणिनः प्राणवन्तः।
प्रत्यक्षाभिः प्रपन्नस्तनुभिरवतु वः ताभिरष्टाभिरीश":।।

इसी प्रकार रामायण में प्राकृतिक तत्वों को मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग माना है। प्रकृति को मानव के अत्यन्त समीप माना गया है, प्रकृति के दर्शन मात्र से ही मनुष्य हर्षित एवं आनन्दित होता था, क्योंकि वह व्यक्ति के सुख में सुखी तथा दुःख में दुःखी होती थी। 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक में यह बात पूर्णतया स्पष्ट हो जाती है, शकुन्तला की विदाई के समय वृक्ष लताएँ पशु–पक्षी भी वियोग (दुःख) का अनुभव करते है। यथा– **उद्गलितदर्भकवला मृग्याः परित्यक्तनर्तनाः। अपसृतपाण्डुपुत्रा मुच्यन्यश्रूणीव लताः।।** इसी प्रकार महर्षि कण्व वनस्पतियों को सम्बोधित करते हुये कहते है कि – **पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या, नादत्ते प्रिय मण्डनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम्। आद्ये वः कुसुमपृसूतिसमये यस्या भवत्युत्सवः, सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायतम्।।**

ऐसी मान्यता है कि वायुमंडल में शंख ध्वनि एवं हवन की सुगन्ध जहॉ तक फैलती है, वहॉ तक पर्यावरण शुद्ध हो जाता है। इस बात को विज्ञान भी सिद्ध कर चुका है कि ओ3म् की ध्वनि ब्रह्ममांड में स्वतः ही गुंजती रहती है। विज्ञान जिन–जिन चीजों की खोज कर रहा है, वे वैदिक काल से ही देखने को मिलती है, जैसे वर्तमान समय में विज्ञान ने ब्रह्माण्ड में नौ ग्रहों के होने की पुष्टि की है, उन नौ ग्रहों की पूजा सनातन धर्म में हजारो

वर्ष पूर्व से ही होती आ रही है। अन्य भी मांगलिक त्योहारों में भी सदैव शांति का पाठ किया जाता है, जो पर्यावरण के प्रति प्रेम का स्पष्ट निर्देशन है। सहस्त्रों वर्षो पूर्व यजुर्वेद के ऋषि द्वारा की गई इस शान्ति पाठ के प्रार्थना की गूंज हमारे पर्यावरण में फैले हुए प्रदुषणों को शान्त करें :

ऊँ द्यौः शान्तिरन्तरिक्षं शान्तिः

पृथ्वी शान्तिरापः शान्तिरोधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्वदेवाः शान्तिर्ब्रह्मा शान्तिः सर्व शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि।।

ऊँ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

इस श्लोक का प्रयोग पुरोहित किसी भी यज्ञ के समापन के समय हाथों में अर्घ्य लेकर उसमें पंचामृत एवं जल मिलाकर फूल या पत्तियों से सभी यजमानों पर छिड़कते हुए करते है।

मनुष्य अपने जीवन के निर्वाह हेतु वनस्पति जगत पर ही आश्रित है। भोजन, आवास, ईधन आदि अन्य कार्यों में वृक्ष एवं वनस्पतियों का अमूल्य योगदान है। वृक्ष एवं वनस्पतियाँ अपनी समृद्धता से प्रकृति की सुन्दरता के साथ–साथ दैनिक उपयोग की वस्तुएँ प्रदान कर मानव को जीवन व्यतीत करने में सहायता प्रदान करते हैं। जैसा कि प्राचीन काल से ही आयुर्वेदिक पद्धति रही है कि अधिकांशतः ऋषि–मुनि वनों में ही स्थापित आश्रमों एवं गुरूकुलों में निवास करते थे, तथा वहाँ पर रहकर जड़ी–बूटियों का अनुसंधान एवं उपयोग निरन्तर करते रहते थे। इन औषधियों से जन–जन की चिकित्सा की जाती थी, इनका प्रभाव भी चमत्कारिक होता था। आज भी रोग निवारण हेतु प्राकृतिक चिकित्सा का प्रचलन है, जिसमें व्यय भी कम आता है। तथा इसके द्वारा कोई गलत प्रभाव भी नहीं पड़ता है, ऐसी परिस्थितियों में वृक्ष एवं वनस्पतियों की जानकारी का महत्व एवं उपयोगिता और अधिक हो जाती है। प्रकृति के अन्तर्गत वृक्ष एवं वनस्पतियाँ हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ वरदान हैं जिसमें मनुष्य ऑक्सीजन (प्राणवायु) को श्वॉस द्वारा ग्रहण करके जीवित रहता है। वृक्ष एवं वनस्पतियाँ ही प्रकाश संश्लेषण की क्रिया में ऑक्सीजन छोड़ते हैं। इस तरह मानव के जीवन का आधार वृक्ष वनस्पतियों के द्वारा ही प्राप्त होता है। धर्मशास्त्रों में पीपल, बरगद, तुलसी, ऑवला, बेल पत्र, पय्या आदि वृक्ष एवं वनस्पतियों को देवताओं की तरह पूजा जाता है। तथा, देवदार, साल, शीशम, नीम, अशोक आदि वृक्ष वनस्पतियाँ पर्यावरण के संतुलन में महत्वपूर्ण योग दान देते हैं। हमारा देश एक विशाल देश है, यहाँ सब ऋतुएँ हैं, अतुल खनिज संपदा है, पहाड़, वन, नदी–नाले, झरने हैं, वन्य जीव विभिन्न जातियाँ, धर्म तथा भाषाएं हैं। अर्थात् प्रकृति का अतुल भण्डार है। भारत वर्ष एक ऐसा पुण्य देश है। जिसमें देवता भी बारम्बार जन्म लेना चाहते हैं। जिसका स्पष्ट उदाहरण विष्णु पुराण में दिया गया है। यथा–

गायन्ति देवाः किल गीतकानि धन्यास्तु ते भारतभूमिभागे।

स्वर्गापवर्गास्पदमार्गभूते भवन्ति भूयः पुरूषाः सुरत्वात्।।

वृक्ष मानव समाज के निए आवश्यक ईधन की आपूर्ति करते है, पंछियों के निवास, पथिकों के विश्राम एवं छाया तथा हवा के लिए भी वृक्षों का अत्यधिक महत्व है। इसके साथ–साथ पेड़ो के फल, छाल, पत्तों आदि से मनुष्यों को औषधियॉ भी प्राप्त होती है। मनुष्य को ईमारती लकड़ियॉ भी वृक्षों से प्राप्त होती है। संक्षेप में कहा जाए तो बिना वृक्षों के प्राणीमात्र के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पुराणों में वृक्षों को मनुष्य की संतान के समान बताते हुए कहा गया है कि जिस प्रकार एक अच्छा पुत्र अपने कुल का कल्याण करता है ठीक

उसी प्रकार वृक्ष भी अपने फल–फूल एवं अन्य गुणों के द्वारा अपने स्वामी के समस्त पापों को हर लेता है और दरिद्रता का नाश कर देता है –

एकेनापि सुपुत्रेण विद्यायुक्तेन साधुना। आह्लादितं कुलं सर्व यथा चन्द्रेण शर्वरी।।

वृक्ष एवं वनस्पतियों का महत्व –

ऋग्वेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद में वृक्ष वनस्पतियों के उपयोगिता के विषय में विस्तृत विवरण हमें प्राप्त होता है। वृक्ष वनस्पति केवल प्राणवायु के ही साधन नहीं है, अपितु इनका "पंच अंग" अर्थात् पॉचों अंग उपयोगी है। पॉचों अंगों का विवरण निम्न है –

1. मूल (जड़)
2. स्कन्ध शाखा (तना और शाखाएँ)
3. पत्र (पत्ते)
4. पुष्प (फूल)
5. फल

यजुर्वेद में कहा गया है कि वृक्ष प्रदूषण को दूर करते है, अतः उन्हें "शमिता" कहा गया है– "वनस्पति शमिता। वृक्ष एवं वनस्पतियॉ मनुष्य को प्राणवायु प्रदान करने वाली है। वृक्ष प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया द्वारा काबर्न डाइऑक्साइड ग्रहण करके ऑक्सीजन छोड़ते है। ऑक्सीजन हम सबके लिए अति आवश्यक है। यह वर्षा कराने में सहायक तथा भूमि संरक्षण हेतु वृक्षों के जड़े मिट्टी को मजबूति प्रदान करती है। वृक्ष एवं वनस्पतियों का मानव जीवन में एक और महत्वपूर्ण योगदान है कि इनसे हमें विभिन्न प्रकार की औषधियॉ प्राप्त होती है, जो कि आसानी से हमारे घर की रसोई में प्राप्त हो जाती है। जैसे नीम, तुलसी, अदरक, दालचीनी, लहसुन, लौंग, मैथी, करेला इत्यादि। इनके अलावा वृक्षों में पीपल, अशोक, गन्ना, हरण, गिलाये, क्वेराल इत्यादि अनेक वनस्पतियॉ औषधि निर्माण में सहायक होती है।

आज के समय में विकास के नाम पर निरंतर वृक्षों की कटाई, प्राकृतिक संसाधनों में अत्यधिक छेड़–छाड़ बहुत अधिक प्रदुषण ने पर्यावरण के संतुलन को नष्ट कर दिया है। आज के समय में जल संकट, भूमि का क्षरण तैसी समस्याएँ असंतुलन के कारण ही है। यदि समय रहते वृक्ष एवं वनस्पतियों की रक्षा नहीं की गई तो भविष्य में हमारा जीवन गंभीर संकट में पड़ सकता है। वर्तमान समय में अत्यधिक दूषित हो चुके पर्यावरण के प्रति सचेत करने हेतु हमें स्वयं भी सचेत होना होगा। जब तक हम स्वयं सचेत नहीं होगें तब तक हम पर्यावरण संरक्षण के प्रति दूसरों को सचेत नहीं कर पाएँगे। 5 जून को सारे विश्व में पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। वर्तमान सरकार द्वारा नमामि गंगे तथा स्वच्छ भारत योजनाएँ कियान्वित की जा रही है। जो कि इस ओर एक सराहनीय प्रयास है। इस समय आवश्यकता बस इस बात की है कि लोगों में आज पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी चेतना जगाना आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति एक वृक्ष लगाएँ, उसकी रक्षा तथा देख–रेख करें। कई पत्र–पत्रिकाएँ भी पर्यावरण सम्बन्धी साहित्य प्रकाशित कर अपना दायित्व निभा रही हैं। देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व को समझें। हमें वनों के दोहन को रोकना होगा अन्यथा हमारी भावी पीढ़ी के दुःख के जिम्मेदार हम स्वयं होगें।

अतः पर्यावरण शिक्षा जीवन–पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है, यह एक विशिष्ट शिक्षा है जो वर्तमान एवं

भविष्य में सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। ऐसे समय में संस्कृत साहित्य में वर्णित वृक्ष एवं वनस्पतियों की शीतल छाँव की महती आवश्यकता है। अन्त में पर्यावरण ही जीवन है, जीवन ही पर्यावरण है।

संदर्भ ग्रन्थ –

1. कुमारसंभव्– डॉ. रामचन्द्र वर्मा शास्त्री।
2. वेदों में पर्यावरण– दया देव।
3. संस्कृत साहित्य का इतिहास– डॉ प्रीतिप्रभा गोयल।
4. महाकवि कालिदास– डॉ रमाशंकर तिवारी।
5. विष्णु पुराण– 2/3/24
6. ऋग्वेद– 10/101/11
7. अभिज्ञानशाकुन्तलम्– श्रीकृष्णमणि त्रिपाठी।
8. वेदों में विज्ञान– डॉ0 कपिलदेव द्विवेदी।
9. यजुर्वेद–29/34

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
May 2026 Page No. : 161-165

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

विभिन्न भारतीय दर्शनों में कर्म, अकर्म एवं विकर्म का शास्त्रीय एवं दार्शनिक विवेचन

RAJENDRA PRASAD

Assistant Professor, संहिता एवं संस्कृति विभाग

देशभगत विश्वविद्यालय, मण्डी गोविन्दगढ, जिला – फतेहगढ साहिब (पंजाब)

1. कर्म की व्युत्पत्ति एवं परिभाषा :

"कर्म" शब्द "कृञ् करणे" धातु से बना है।

व्याकरण के अनुसार – क्रियते इति कर्म।

अर्थात् जो किया जाए वही कर्म है।

पाणिनीय व्याकरण में भी "कर्म" को क्रिया के फल का आश्रय माना गया है।

गीता में कर्म की दार्शनिक परिभाषा :

भगवान श्रीकृष्ण कर्म को केवल शारीरिक क्रिया नहीं मानते, बल्कि मानसिक संकल्प, इच्छा और भावनात्मक प्रवृत्ति को भी कर्म का कारण बताते हैं।

2. कर्म के अन्य भेद :

गीता तथा धर्मशास्त्रों में कर्म के अनेक भेद बताए गए हैं –

(क) नित्य कर्म :

प्रतिदिन किए जाने वाले अनिवार्य कर्म।

जैसे – संध्या, जप, देवपूजा।

(ख) नैमित्तिक कर्म :

विशेष निमित्त पर किए जाने वाले कर्म।

जैसे – श्राद्ध, ग्रहणस्नान, यज्ञ।

(ग) काम्य कर्म :

फल की इच्छा से किए जाने वाले कर्म।

जैसे – पुत्रेष्टि यज्ञ, स्वर्गकामना हेतु कर्म।

(घ) निषिद्ध कर्म :

शास्त्र द्वारा निषिद्ध कर्म।

जैसे– हिंसा, चोरी, मिथ्याचार।

3. कर्म और पुनर्जन्म :

भारतीय दर्शन में कर्म और पुनर्जन्म का अत्यन्त गहरा सम्बन्ध माना गया है।

गीता का प्रमाण

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा–
न्यन्यानि संयाति नवानि देही।। – गीता 2/22

जैसे मनुष्य पुराने वस्त्र त्यागकर नए धारण करता है, वैसे ही जीवात्मा पुराने शरीर त्यागकर नए शरीर धारण करती है।

यह पुनर्जन्म कर्मफल सिद्धान्त का आधार है।

4. कर्म और बन्धन का दार्शनिक विश्लेषण :

भारतीय दर्शन के अनुसार कर्म स्वयं बन्धन नहीं है, बल्कि –

कर्मफलासक्ति, अहंकार, ममता अविद्या।

–ये बन्धन के कारण हैं।

गीता का प्रमाण :

ध्यायतो विषयान्पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते।
सङ्गात्सञ्जायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते।। –गीता 2/62
क्रोधाद्भवति सम्मोहः सम्मोहात्स्मृतिविभ्रमः।
स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।। –गीता 2/63

5. कर्मयोग और भक्तियोग का सम्बन्ध :

गीता में कर्मयोग और भक्तियोग का अद्भुत समन्वय है।

श्लोक –

यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत्।
यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरूष्व मदर्पणम्।। –गीता 9/27

जो कुछ तुम करते हो, खाते हो, दान देते हो या तप करते हो – सब मुझे अर्पण करो।

6. कर्मयोग और ज्ञानयोग का समन्वय :

गीता में कर्म और ज्ञान विरोधी नहीं, पूरक हैं।

सांख्ययोगौ पृथग्बालाः प्रवदन्ति न पण्डिताः।
एकमप्यास्थितः सम्यगुभयोर्विन्दते फलम्।। –गीता 5/4

7. महाभारत में कर्मसिद्धान्त :

महाभारत में कहा गया है–

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।

तथा–

यथा कर्म तथा फलम्।

अर्थात् जैसा कर्म होगा वैसा ही फल प्राप्त होगा।

8. **मनुस्मृति में कर्म :**

मनुस्मृति में धर्मयुक्त कर्म को जीवन का आधार माना गया है।

श्लोक :

मनसा वाचा कर्मणा

नित्यमाचारयेद् बुधः।

अर्थ – बुद्धिमान पुरुष मन, वचन और कर्म से सदाचार करे।

9. **कर्म और पुरूषार्थ :**

भारतीय दर्शन में चार पुरुषार्थ बताए गए हैं –

धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष।

इन चारों की प्राप्ति कर्म के द्वारा ही होती है।

10. **अद्वैत वेदान्त में अकर्म –**

आदि शंकराचार्य के अनुसार –

आत्मा वास्तव में अकर्ता है।

कर्म केवल शरीर, मन और इन्द्रियों के स्तर पर होता है।

गीता प्रमाण –

नैव किंचित्करोमीति युक्तो मन्येत तत्त्ववित्।

पश्यञ्शृण्वन्स्पृशञ्जिघ्रन्नश्नन्गच्छन्स्वपन्श्वसन्।। **– गीता 5/8**

11. **विशिष्टाद्वैत में कर्म –**

रामानुजाचार्य के अनुसार –

- ईश्वरार्पित कर्म ही कर्मयोग है।
- भक्ति सहित कर्म मोक्ष का साधन है।

12. **द्वैत वेदान्त में कर्म –**

मध्वाचार्य के अनुसार –

- जीव और ईश्वर भिन्न हैं।
- ईश्वरभक्ति सहित कर्म से मोक्ष प्राप्त होता है।

13. **बौद्ध दर्शन में कर्म का गहन विवेचन –**

बुद्ध ने कर्म का आधार "चेतना" माना।

- पाली वचन
- चेतनाहं भिक्खवे कर्मं वदामि।

बौद्ध दर्शन में कर्म के कारण–

- तृष्णा
- अविद्या
- उपादान

बताए गए हैं।

14. जैन दर्शन में कर्म का वैज्ञानिक विवेचन –

जैन दर्शन कर्म को सूक्ष्म पुद्गल मानता है।

कर्म के आठ भेद –

- ज्ञानावरणीय
- दर्शनावरणीय
- वेदनीय
- मोहनीय
- आयु
- नाम
- गोत्र
- अन्तराय।

यह भाग जोड़ने से आपका लेख अत्यन्त उच्चस्तरीय हो जाएगा।

15. आधुनिक सन्दर्भ में कर्मयोग –

आज के युग में–

- तनाव
- प्रतियोगिता
- स्वार्थ
- मानसिक अशान्ति

–के समाधान हेतु गीता का निष्काम कर्मयोग अत्यन्त उपयोगी है।

यदि व्यक्ति –

- कर्तव्यनिष्ठ हो,
- ईमानदार हो,
- फलासक्ति कम करे,
- समाजहित को महत्व दे,

तो उसका जीवन अधिक संतुलित बन सकता है।

अत्यन्त महत्त्वपूर्ण अतिरिक्त श्लोक –

कर्मयोग का सार –

तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर।
असक्तो ह्याचरन्कर्म परमाप्नोति पूरूषः।। – गीता 3/19

ईश्वरार्पण बुद्धि–

मयि सर्वाणि कर्माणि संन्यस्याध्यात्मचेतसा।

निराशीर्निर्ममो भूत्वा युध्यस्व विगतज्वरः।। **–गीता 3/30**

कर्मयोगी श्रेष्ठ है –

तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः।

कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन।। **–गीता 6/46**

विस्तृत निष्कर्ष –

अन्ततः यह स्पष्ट होता है कि भारतीय दर्शन में कर्म केवल बाह्य क्रिया नहीं, बल्कि सम्पूर्ण नैतिक, आध्यात्मिक तथा दार्शनिक जीवन का आधार है। गीता का निष्काम कर्मयोग कर्म, ज्ञान और भक्ति कृ तीनों का अद्‌भुत समन्वय प्रस्तुत करता है।

कर्म मनुष्य को बन्धन में भी डाल सकता है और मोक्ष का साधन भी बन सकता है।

जब कर्म –

- स्वार्थयुक्त,
- अहंकारपूर्ण,
- फलासक्त।

होता है, तब वह "विकर्म" बनकर बन्धन देता है।

किन्तु वही कर्म जब–

- निष्काम,
- ईश्वरार्पित,
- लोकसंग्रहार्थ,
- समत्वबुद्धियुक्त।

हो जाता है, तब वही "अकर्म" रूप में मोक्ष का साधन बन जाता है।

इसीलिए गीता का यह सिद्धान्त सम्पूर्ण भारतीय दर्शन का सार कहा जा सकता है–

''योगः कर्मसु कौशलम्''। **–गीता 2/50**

अर्थात् समत्व, बुद्धि और निष्काम भाव से कर्म करना ही वास्तविक योग है।

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
May 2026 Page No. : 166-172

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

Bridging the Rural–Urban Digital Divide in Education : Issues and Solutions

Dr. Praveen Sharma
Assistant Professor, Department of Education
IASE (Deemed to be University)
Gandhi Vidya Mandir, Sardarshahar (Rajasthan)

Abstract :

The rapid growth of digital technology has transformed the education system across the world. Online learning platforms, smart classrooms, educational applications, and virtual teaching methods have created new opportunities for effective learning. However, unequal access to digital resources has widened the gap between rural and urban education systems. This difference, commonly known as the rural–urban digital divide, affects students' access to quality education, digital literacy, technological skills, and learning opportunities. Rural students often face problems such as poor internet connectivity, lack of digital devices, inadequate infrastructure, shortage of trained teachers, and low digital awareness. In contrast, urban students generally have better access to technology and educational resources.

This paper discusses the concept of the rural–urban digital divide in education, its causes, challenges, impacts, and possible solutions. The study emphasizes the need for government support, digital infrastructure development, teacher training, affordable internet services, and inclusive educational policies to reduce digital inequality. Bridging the digital divide is essential for ensuring equal educational opportunities and promoting social and economic development in the modern digital era.

Keywords : Digital Divide, Rural Education, Urban Education, Educational Technology, Digital Learning, ICT, Online Education, Inclusive Education

Introduction :

Education is one of the most powerful tools for social, economic, and national development. In the twenty-first century, digital technology has become an essential part of the educational process.

Schools and educational institutions are increasingly using computers, smart boards, online learning platforms, educational software, and Artificial Intelligence-based tools to improve teaching and learning. Digital education provides flexibility, accessibility, interactive learning experiences, and personalized instruction.

However, the benefits of digital education are not equally available to all learners. A significant gap exists between rural and urban areas regarding access to technology and digital learning resources. Urban schools generally possess better internet connectivity, modern infrastructure, digital devices, and trained teachers, while many rural schools still struggle with limited technological facilities and poor digital awareness. This unequal distribution of digital opportunities creates a rural–urban digital divide in education.

The COVID-19 pandemic exposed this inequality more clearly when schools shifted to online learning. Students from urban areas could continue their education through digital platforms, whereas many rural students faced serious difficulties due to lack of smartphones, internet access, electricity, and technical support. As a result, educational inequality increased significantly.

Therefore, bridging the rural–urban digital divide has become one of the major challenges of the contemporary education system. Ensuring equal access to digital education is necessary for educational justice, social inclusion, and national progress.

Meaning of Digital Divide :

The digital divide refers to the gap between individuals or communities that have access to digital technologies and those that do not. In education, it means unequal access to computers, internet facilities, digital devices, online learning platforms, and technological skills required for modern learning.

The rural–urban digital divide specifically refers to the inequality between rural and urban populations in terms of technological infrastructure, digital literacy, and access to online educational resources.

Concept of Rural–Urban Digital Divide in Education :

The rural–urban digital divide in education represents the unequal availability and use of digital technologies among students, teachers, and educational institutions located in rural and urban areas. This divide affects students' learning opportunities, academic achievement, technological competence, and future career prospects.

The divide is not limited only to access to devices and internet services; it also includes differences in digital skills, technological awareness, teacher preparedness, educational infrastructure, and socio-economic conditions.

Objectives of the Study :

The major objectives of this study are —

- To understand the concept of the rural–urban digital divide in education.
- To identify the major causes of digital inequality between rural and urban areas.
- To examine the impact of the digital divide on students and educational systems.
- To analyze the challenges faced in digital education in rural areas.
- To suggest effective measures for bridging the digital divide in education.

Causes of the Rural–Urban Digital Divide :

1. **Lack of Internet Connectivity :** Many rural areas still suffer from poor internet connectivity and weak network coverage, making online education difficult.
2. **Limited Access to Digital Devices :** Students in rural communities often lack access to smartphones, laptops, computers, and tablets due to financial constraints.
3. **Inadequate Educational Infrastructure :** Many rural schools do not have smart classrooms, computer laboratories, electricity supply, or ICT facilities.
4. **Economic Inequality :** Low family income prevents rural students from purchasing digital devices and internet services.
5. **Lack of Digital Literacy :** Students, parents, and teachers in rural areas may have limited knowledge and skills related to digital technology.
6. **Shortage of Trained Teachers :** Many rural teachers do not receive proper training in online teaching methods and educational technology.
7. **Language and Cultural Barriers :** Most digital educational content is available in English or urban-oriented languages, which creates difficulties for rural learners.

Impact of the Digital Divide on Education :

1. **Unequal Learning Opportunities :** Urban students receive better access to digital resources, while rural students remain deprived of quality learning experiences.
2. **Educational Inequality :** The digital divide widens the educational gap between rural and urban students in terms of achievement and skill development.
3. **Learning Loss :** Students without access to online education may experience interruptions in learning and academic progress.
4. **Reduced Digital Skills :** Rural students may fail to develop essential digital literacy and technological competencies required in modern society.
5. **Increased Dropout Rates :** Lack of digital access may discourage students from continuing education, especially during emergencies like pandemics.

6. **Social and Economic Exclusion :** Students without digital knowledge face difficulties in employment opportunities and participation in the digital economy.

Challenges in Bridging the Digital Divide :

1. **Financial Constraints :** Developing digital infrastructure in rural areas requires large investments and government funding.
2. **Poor Technological Infrastructure :** Lack of electricity, internet towers, and technical facilities creates major barriers in rural education.
3. **Resistance to Technological Change :** Some teachers and communities prefer traditional teaching methods and hesitate to adopt digital learning.
4. **Lack of Awareness :** Parents and local communities may not fully understand the importance of digital education.
5. **Maintenance and Technical Support Issues :** Rural schools often lack technical experts for maintaining digital devices and ICT equipment.
6. **Gender Inequality :** In some rural regions, girls may receive fewer opportunities to access digital technologies compared to boys.

Solutions to Bridge the Rural–Urban Digital Divide :

1. **Expansion of Internet Connectivity :** Governments and private organizations should improve internet services and broadband connectivity in rural areas.
2. **Affordable Digital Devices :** Low-cost smartphones, tablets, and laptops should be provided to economically weaker students.
3. **Development of ICT Infrastructure :** Rural schools should be equipped with smart classrooms, computer labs, electricity, and digital learning facilities.
4. **Digital Literacy Programs :** Training programs should be organized for students, teachers, and parents to improve digital awareness and technological skills.
5. **Teacher Training and Professional Development :** Teachers should receive proper training in online teaching, ICT integration, and digital pedagogy.
6. **Multilingual Digital Content :** Educational content should be prepared in regional and local languages for better understanding.
7. **Government Policies and Initiatives :** Governments should implement inclusive educational policies and digital learning schemes for rural communities.
8. **Public–Private Partnerships :** Collaboration between government agencies, NGOs, and technology companies can improve digital access in rural education.

Role of Government in Reducing the Digital Divide :

Governments play an essential role in promoting digital equality through policies, funding, and infrastructure development. Various initiatives such as Digital India, PM eVIDYA, SWAYAM, DIKSHA, and National Digital Education programs aim to improve digital learning opportunities across India.

The government can help bridge the divide by —

- Expanding internet services in rural regions
- Providing free or subsidized digital devices
- Establishing smart schools and ICT labs
- Organizing teacher training programs
- Promoting digital literacy campaigns
- Ensuring inclusive and equitable educational policies

Importance of Bridging the Digital Divide :

Bridging the rural–urban digital divide is essential because it—

- Ensures equal educational opportunities for all students
- Promotes inclusive and equitable education
- Enhances digital literacy and technological skills
- Reduces educational inequality
- Supports economic and social development
- Prepares students for future employment opportunities
- Strengthens national progress in the digital era

Findings of the Study :

The study reveals that—

- The rural–urban digital divide remains a major challenge in modern education.
- Rural students face difficulties related to internet access, digital devices, and technological awareness.
- Teacher preparedness and digital literacy are essential for effective digital education.
- Government initiatives and infrastructure development can significantly reduce digital inequality.
- Inclusive educational policies and community participation are necessary for long-term improvement.

Suggestions :

- Improve digital infrastructure in rural schools.

- Provide affordable internet and digital devices to students.
- Conduct regular digital literacy and ICT training programs.
- Encourage the use of regional-language educational content.
- Strengthen teacher training in educational technology.
- Increase public awareness regarding the importance of digital education.
- Promote collaboration between government and private sectors.

Conclusion :

The rural–urban digital divide is one of the most significant challenges facing the modern education system. While digital technology has created new opportunities for learning and educational development, unequal access to technological resources has increased educational inequality between rural and urban communities. Rural students often face barriers such as poor connectivity, lack of devices, limited infrastructure, inadequate digital literacy, and shortage of trained teachers.

Bridging this divide is essential for ensuring educational equity, social inclusion, and national development. Governments, educational institutions, teachers, communities, and technology providers must work together to create an inclusive digital education system that reaches every learner, regardless of geographical or economic background.

Therefore, strengthening digital infrastructure, promoting digital literacy, improving teacher preparedness, and implementing inclusive educational policies are necessary steps toward reducing the rural–urban digital divide and building a more equitable and technology-enabled education system for the future.

Bibliography :

- Agarwal, J. C. Essentials of Educational Technology and Management. Vikas Publishing House, 2019
- NCERT. National Education Policy 2020. Ministry of Education, Government of India, 2020
- Ministry of Education. Digital Education Initiatives in India. Government of India, 2021
- NITI Aayog. Strategy for New India @75. Government of India, 2018
- Mangal, S. K.. Essentials of Educational Technology. PHI Learning Pvt. Ltd., 2018
- UGC. Higher Education and Digital Learning in India. UGC Publications, 2021
- Ministry of Electronics and Information Technology. Digital India Programme: Transforming India into a Digitally Empowered Society. Government of India, 2020
- AICTE. ICT and Online Education in India. AICTE Publications, 2021
- Bhatnagar, R. P.. Educational Technology and ICT. Surya Publications, 2017

- UNESCO New Delhi. State of the Education Report for India: Digital Learning and Education. UNESCO, 2021
- DIKSHA. Digital Infrastructure for Knowledge Sharing. Ministry of Education, Government of India, 2022
- SWAYAM. SWAYAM: Study Webs of Active Learning for Young Aspiring Minds. Government of India, 2021
- Sharma, R. A.. Technology in Teaching and Learning. Loyal Book Depot, 2016
- National Institute of Open Schooling. Online and Distance Learning in India. NIOS Publications, 2020
- Ministry of Rural Development. Rural Connectivity and Digital Inclusion Report. Government of India, 2021

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
May 2026 Page No. : 173-179

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

भारतीय ज्ञान परंपरा एवं हिन्दी संस्मरण साहित्य : एक आलोचनात्मक अध्ययन

रामानंदी अंजना आशारामभाइ

हिन्दी विभाग, क्रांतिगुरु श्यामजी कृष्ण वर्मा कच्छ यूनिवर्सिटी।

सारांश (Abstract) :

भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व की प्राचीनतम एवं समन्वयात्मक ज्ञान–व्यवस्थाओं में से एक है, जिसका मूलाधार आध्यात्मिकता, नैतिकता, समन्वय वाद, अनुभवपरकता तथा लोकमंगल की भावना है। इसकी जड़ें वेद, उपनिषद, भगवद् गीता तथा भारतीय दार्शनिक परंपराओं में निहित हैं। दूसरी ओर, हिन्दी संस्मरण साहित्य आधुनिक गद्य–विधा के रूप में व्यक्तिगत अनुभवों, सांस्कृतिक स्मृतियों और सामाजिक यथार्थ को अभिव्यक्त करता है।

प्रस्तुत शोध–पत्र का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा और हिन्दी संस्मरण साहित्य के अंतर्संबंधों का आलोचनात्मक विश्लेषण करना है। अध्ययन से स्पष्ट होता है कि संस्मरण साहित्य में आत्मानुभूति, कर्मयोग, गुरु–शिष्य परंपरा, लोक–संस्कृति, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना के तत्व सशक्त रूप में विद्यमान हैं। यह साहित्य अतीत और वर्तमान के मध्य संवाद स्थापित करता है तथा सांस्कृतिक निरंतरता को बनाए रखने में सहायक सिद्ध होता है।

अतः निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि हिन्दी संस्मरण साहित्य भारतीय ज्ञान–परंपरा का आधुनिक अनुभवपरक विस्तार है, जो शास्त्रीय दर्शन को जीवन–व्यवहार में रूपांतरित करता है।

मुख्य शब्द : भारतीय ज्ञान परंपरा, हिन्दी संस्मरण साहित्य, आत्मानुभूति और उपनिषद्–परंपरा, कर्मयोग और जीवन–संघर्ष, गुरु–शिष्य परंपरा का पुनर्पाठ, लोक–संस्कृति और सामूहिक स्मृति, नैतिकता और मानवीय मूल्य।

प्रस्तावना :

भारतीय ज्ञान परंपरा केवल दार्शनिक चिंतन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन–व्यवहार से जुड़ी हुई परंपरा है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' जैसे सूत्र भारतीय संस्कृति की सार्वभौमिक दृष्टि को अभिव्यक्त करते हैं। हिन्दी संस्मरण साहित्य इस सांस्कृतिक दृष्टि को व्यक्तिगत अनुभवों के माध्यम से साकार करता है। संस्मरण केवल स्मृति–लेखन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुर्नस्मरण की प्रक्रिया है।

1. भारतीय ज्ञान परंपरा : दार्शनिक आधार

1.1 आत्मा और ब्रह्म की अवधारणा :

उपनिषदों में प्रतिपादित 'अहं ब्रह्मास्मि' और 'तत्त्वमसि' जैसे महावाक्य आत्मबोध को ज्ञान का लक्ष्य मानते

हैं। इस तथ्य को प्रतिपादित करते हैं कि आत्मा और ब्रह्म में मूलतः कोई भेद नहीं है। यह अद्वैत वेदान्त का केंद्रीय सिद्धांत है, जिसे आदि शंकराचार्य ने दार्शनिक रूप से व्यवस्थित किया। भारतीय दर्शन में आत्मा–ब्रह्म की अवधारणा केवल आध्यात्मिक चिंतन नहीं, बल्कि जीवन–व्यवहार का आधार भी है। यह व्यक्ति को बाह्य भौतिकता से ऊपर उठाकर आत्मानुशासन और आंतरिक शांति की ओर ले जाती है।

आधुनिक समय में जब व्यक्ति अस्तित्वगत संकट और मूल्यहीनता से जूझ रहा है, तब आत्मा और ब्रह्म की यह अवधारणा उसे सार्वभौमिक चेतना और नैतिक उत्तरदायित्व का बोध कराती है।

1.2 कर्मयोग का सिद्धांत :

भारतीय ज्ञान परंपरा में 'कर्म' केवल क्रिया नहीं, बल्कि नैतिक उत्तरदायित्व और धर्मानुकूल आचरण का द्योतक है। 'कर्मयोग' इस कर्म को आध्यात्मिक साधना के रूप में देखने की दृष्टि है। इसका सर्वाधिक सुसंगठित प्रतिपादन भगवद्गीता में मिलता है, जहाँ कर्म को जीवन के केंद्र में स्थापित करते हुए उसे मोक्ष का साधन माना गया है।

भारतीय दर्शन में कर्म का सिद्धांत वेदकालीन चिंतन से विकसित हुआ। वेद में यज्ञ और कर्तव्य–पालन के माध्यम से जीवन को संतुलित रखने की अवधारणा मिलती है। बाद में उपनिषदों में कर्म के साथ ज्ञान का समन्वय हुआ। गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्मयोग का उपदेश देते हुए कहते हैं –

"कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।।"[1]

अर्थात् मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल में नहीं।

1.3 समन्वय और सह-अस्तित्व :

भारतीय ज्ञान परंपरा बहुलतावादी है। यहाँ विभिन्न दर्शनों और विचारधाराओं का समन्वय मिलता है। भारतीय ज्ञान परंपरा की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक है – समन्वय (Synthesis) और सह–अस्तित्व (Co-existence)। यह परंपरा किसी एकांगी विचारधारा पर आधारित नहीं है, बल्कि विविध मतों, दर्शनों, आस्थाओं और जीवन–शैलियों को स्वीकार करने वाली उदार दृष्टि का प्रतिनिधित्व करती है।

भारतीय चिंतन का मूल सूत्र "एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति" (सत्य एक है, ज्ञानी उसे अनेक रूपों में कहते हैं) इसी समन्वयात्मक प्रवृत्ति को व्यक्त करता है। यह वाक्य ऋग्वेद में मिलता है और भारतीय बहुलतावाद की दार्शनिक नींव को स्पष्ट करता है।

2. हिन्दी संस्मरण साहित्य : स्वरूप एवं विशेषताएँ :

'संस्मरण' शब्द की उत्पत्ति सम–स्मृ–ल्युट (अण) से हुई है जिसका अर्थ है सम्यक स्मरण। संस्मरण शब्द सम् उपसर्ग तथा स्मरण शब्द के संयोग से बना है। यह शब्द अपनी सरल, सजीव और मनोरंजक शब्दावली के कारण सबसे ज्यादा लोकप्रिय हो गया है। संस्मरण साहित्य आत्मीयता और अनुभव की प्रामाणिकता पर आधारित होता है। यह विधा व्यक्ति, समाज और समय के संबंधों का सजीव चित्र प्रस्तुत करती है। संस्मरण की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं –

- संस्मरण में किसी स्मरणीय व्यक्ति, वस्तु, पशु–पक्षी, दृश्य या घटना का भावात्मक कथात्मक वर्णन होता है, जिससे उसमें कहानी का गुण दिखाई पड़ता है।[2]

- संस्मरण रचनाकार के जीवन के अनुभूत सत्यों पर आधारित है।[3]
- संस्मरण लेखक द्वारा लिखी गई यादों को लिखकर अपने जीवन की कहानियों को कैद करना है।[4]
- संस्मरण में लेखक अपने आस–पास के समाज, परिस्थितियों एवं अन्य घटनाओं के बारे में लिखता है जिससे उनको क्या–क्या सबक मिले, क्या–क्या सीखने को मिला।[5]
- संस्मरण का आधार स्मृति है।[6]
- संस्मरण में सजीव पक्षों के बाहरी रूप के साथ–साथ आन्तरिक जीवन चरित्र का भी वर्णन रहता है।[7]

प्रमुख संस्मरणकार :–

महादेवी वर्मा, श्रीराम शर्मा, हरिवंश राय बच्चन, शिवपुजन सहाय, रामवृक्ष बेनीपुरी, डॉ. रामविलास शर्मा, काशीनाथ सिंह, फनिश्वरनाथ रेणु, कृष्ण सोबती, कमलेश्वर, भीष्म साहनी, अमृतलाल नागर।

3) हिन्दी संस्मरण साहित्य में भारतीय ज्ञान परंपरा : आलोचनात्मक विश्लेषण :

भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल स्वर आत्मबोध, नैतिक संतुलन और लोकमंगल है। यह स्वर हिन्दी संस्मरण साहित्य में केवल सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव–सत्य के रूप में उपस्थित है। संस्मरणों में स्मृति के माध्यम से जो जीवन–दृष्टि व्यक्त होती है, वह भारतीय ज्ञान–परंपरा की ही व्यावहारिक परिणति है।

3.1 आत्मानुभूति और उपनिषद्-परंपरा :

संस्मरण साहित्य मूलतः यादों के ताने बाने से बुना जाता हैं, लेकिन जब इसमें आत्मानुभूति का तत्व घुल जाता है तब वह केवल एक बीती हुई याद या घटना न रह कर एक दार्शनिक और आध्यात्मिक ऊँचाई को छूने वाला दस्तावेज बन जाता है। हिन्दी संस्मरण साहित्य में वह आत्मानुभूति या आध्यात्मिक ऊँचाई हमें विशेषकर महादेवी वर्मा, अज्ञेय और श्री राम शर्मा के संस्मरणो में देखने को मिलती है। इसी आत्मानुभूति का गहरा संबंध प्राचीन भारतीय उपनिषद परंपरा से है।

उपनिषद का मूल दर्शन एकात्मता, अद्वैत और सर्वभूतहित है। उपनिषद का महाकाव्य है – तत् त्वम् असि जिसका अर्थ है 'वह तुम ही हो' अर्थात जो चेतना मुझमें है वह सामने वाले में भी है। संस्मरण साहित्य में जब साहित्यकार किसी गरीब, उपेक्षित या समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के बारे में लिखता है तब उसका लेखन सहानुभूति दिखाने वाला नहीं होता किन्तु वह सामने वाले के सुख–दुःख से एकाकार हो जाता है। महादेवी जब 'भक्तिन' या 'घीसा' का संस्मरण लिखती है तब उसे वह पराया नहीं मानती बल्कि अपनी आत्मा का विस्तार मानती है। वह इन पात्रों से जुड़ जाती है। वे खुद में जो चेतना थी वह भक्तिन में भी देखती है। एक क्षण के लिए भी वह भक्तिन को नौकरानी नहीं समझती बल्कि उसके दुःख में एकाकार हो जाती है। उपनिषदों की परंपरा केवल मनुष्य तक सीमित नहीं है, वह पूरी सृष्टि को सम्मिलित करती है।

''ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्''।[8]

अर्थात्, संसार के सभी जीव में ईश्वर व्याप्त है। संस्मरण साहित्य में जब संस्मरणकार पशु पक्षियों या प्रकृति साथ बिताए गए क्षणों का वर्णन करता है तब उपनिषदों की सर्वभूतेषु अर्थात सभी जीवों के समान आत्मा की दृष्टि दिखाई देती है। महादेवी वर्मा का 'मेरा परिवार' के संस्मरण तथा श्रीराम शर्मा के शिकार संस्मरणो में यही सर्वभूतेषु की भावना देखने को मिलती है। महादेवी जी का गिलहरी गिल्लू के साथ एक ही थाली में भोजन

करना यही सर्वभूतेषु की भावना को दर्शाता है।

उपनिषद परंपरा व्यष्टि और समष्टि का समन्वय में मानती है। अर्थात व्यक्ति समाज ब्रह्माण्ड का ही हिस्सा है यही भावना हमें संस्मरण साहित्य में भी देखने को मिलती है, संस्मरण साहित्य में जब किसी व्यक्ति पर संस्मरण लिखा जाता है तब वह एक व्यक्ति की कहानी ना रह कर पूरे समाज, युग एवं और समुचि मानवता की कहानी बन जाती है। अज्ञेय के संस्मरण 'पथ के साथी' में जब वे समकालीन साहित्यकार या मित्र का संस्मरण लिखते है तब वह व्यक्ति के माध्यम से पूरे युग की आत्मा एवं सामूहिक चेतना का साक्षात्कार कराते है।

3.2 कर्मयोग और जीवन–संघर्ष :

भगवद्गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं –

''कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।''(9)

अर्थात् मनुष्य का अधिकार केवल कर्म पर है, फल पर नहीं। यह कर्मयोग का सिद्धांत हिन्दी संस्मरण साहित्य में जीवन–संघर्ष और आत्मनिर्माण के रूप में अभिव्यक्त होता है। महादेवी वर्मा ने अपने संस्मरण संग्रह 'पथ के साथी' और 'अतीत के चलचित्र' में ऐसे पात्रों का वर्णन किया हैं जो अभावों में जीकर भी दूसरों की सेवा में लगे रहे। यह उनके 'कर्मयोग' का साक्षात् उदाहरण है। 'सेवक धर्म में हनुमान जी से स्पर्धा करने वाली भक्तिन किसी अंजना की पुत्री न होकर एक अनाम धन्या गोपालिका की कन्या है– नाम है लछमिन अर्थात लक्ष्मी।'(10) इसके अलावा महादेवी वर्मा स्मृति की रेखाएँ में बिबिया की माई के जीवन संघर्ष का वर्णन करती हैं – 'अपने जीवन वृत के विषय में बिबिया की माई ने कभी कुछ बताया नहीं, किंतु उसके मुख पर अंकित विवशता की भंगिमा, हाथों पर चोट के निशान, पैर का अस्वाभाविक लँगडापन देखकर अनुमान होता था कि उसका जीवन पथ सुगम नहीं रहा।'(11) हरिवंश राय बच्चन की आत्मकथात्मक कृतियों में जीवन के संघर्षों का वर्णन करते हुए एक सक्रिय, कर्मशील व्यक्तित्व का निर्माण दिखाई देता है। वे विपरीत परिस्थितियों में भी निरंतर कर्मरत रहते हैं।

बहुत से लेखकों ने अपनी गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक बहिष्कार के दौर को संस्मरणों में पिरोया है। इसके अलावा अज्ञेय, निराला और प्रेमचंद जैसे रचनाकारों के बारे में लिखे गए संस्मरण बताते हैं कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी लेखन को एक 'तपस्या' की तरह जिया। उनके लिए लिखना केवल शौक नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व था। बनारसीदास चतुर्वेदी के संस्मरणों में कर्मयोग का वह रूप दिखता है जहाँ व्यक्ति अपने सिद्धांतों के लिए सुख–सुविधाओं का त्याग कर देता है। मुक्तिबोध के जीवन पर लिखे गए संस्मरणों में उनके भयंकर आर्थिक अभाव और उनके फक्कड़पन के बीच के संघर्ष एवं कर्म परायणता को देखा जा सकता है – 'मुक्तिबोध की आर्थिक दुर्दशा किसी से छिपी नहीं थी। उन्हें और तरह के क्लेश भी थे। भयंकर तनाव में वे जीते थे। पर फिर भी बेहद उदार, बेहद भावुक आदमी थे। उनके स्वभाव के कुछ विचित्र विरोधाभास थे। पैसे–पैसे की तंगी में जीने वाला यह आदमी पैसे को लात भी मारता था। वे पैसा देने वाली पत्रिकाओं में लिखकर आमदनी बढ़ा सकते थे, पर लिखते नहीं थे।'(12) शिवपूजन के 'वे दिन वे लोग' पुराने समय के संघर्षशील जीवन और सादगी का चित्रण है तो रामवृक्ष बेनीपुरी के 'माटी की मूरतें' में ग्रामीण जीवन के सामान्य लोगो का अद्भुत जीवन संघर्ष हैं।

आलोचनात्मक रूप से कहा जा सकता है कि बच्चन का आत्मकथात्मक लेखन भारतीय कर्मयोग की

आधुनिक व्याख्या है। यहाँ कर्म केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि आत्मनिर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व का माध्यम है।

3.3 गुरू–शिष्य परंपरा का पुनर्पाठ :

भारतीय ज्ञान–परंपरा में गुरु को ब्रह्म के समान माना गया है। प्रसिद्ध उक्ति है –

''गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णुः गुरूर्देवो महेश्वरः।''(13)

संस्मरण साहित्य में गुरु के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा की अभिव्यक्ति बार–बार मिलती है। कई संस्मरणकार अपने शिक्षकों और मार्गदर्शकों को जीवन–निर्माण का आधार मानते हैं। रामविलास शर्मा के संस्मरणों में वैचारिक मार्गदर्शन और बौद्धिक अनुशासन की चर्चा मिलती है। यह गुरु–शिष्य परंपरा का आधुनिक शैक्षिक रूप है।

काशीनाथ सिंह ने अपने संस्मरणात्मक पुस्तक 'याद हो कि न याद हो' में हजारी प्रसाद द्विवेदी, डॉ. नामवर सिंह, विजयदेव नारायण साही, त्रिलोचन शास्त्री आदी गुरुतुल्य व्यक्तित्व एवं संग्रह में मुख्य बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) के उन आचार्यों का जिक्र है, जो विद्वत्ता के शिखर पर होने के बावजूद अपनी सादगी और फक्कड़पन के लिए जाने जाते थे। जो केवल कक्षा में नहीं पढ़ाते, बल्कि अपने उठने–बैठने, बोलने और व्यवहार से शिक्षा देते हैं। अपने गुरु हजारी प्रसाद द्विवेदी की लोकप्रियता के संदर्भ में वे अपने संस्मरण में लिखते हैं कि – 'सात वर्षों बाद आ रहे हैं पण्डित जी हिन्दी विभागाध्यक्ष होकर। कला, समाज विज्ञान, कृषि, विधि, चिकित्सा, इंजीनियरिंग सभी कॉलेजों के विद्यार्थी बेचौन हैं। इतने महान और इतने सरल व्यक्तित्व की झलक पाने के लिए लोगों का उल्लास देखने लायक है। हर आँख में चमक, हर चेहरे पर पुलक, अधर–अधर पर पण्डित जी! कोई ऐसा जलसा नहीं जिसमें पंडित जी न हों और जिसमें पंडित जी हो उसमें भीड़ के उपद्रव से बचने के लिए प्रेक्षागृहों और हॉलों के बाहर स्पीकर न लगाने पड़े। अजीब दीवानगी का माहौल था, उन्हें देखने–सुनने के लिए।'(14) काशीनाथ सिंह गुरु समान अपने भाई नामवार सिंह को याद करते लिखते है कि – 'वे मेरे बड़े भाई ही नहीं, कथागुरु भी हैं। मुझमें जो भी थोड़ा–बहुत कथा विवेक है, उन्हीं से अर्जित है। अगर मैं कहानी से संस्मरण की तरफ गया और फिर संस्मरण से कथा रिपोर्ताज की ओर–तो इसके पीछे कहीं–न–कहीं वे भी हैं।'(15)

आलोचनात्मक दृष्टि से देखें तो संस्मरणों में गुरु–शिष्य संबंध केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि बौद्धिक विकास का आधार है। भारतीय ज्ञान–परंपरा की यह विशेषता आधुनिक शिक्षा–प्रणाली में भी प्रासंगिक दिखाई देती है।

3.4 लोक-संस्कृति और सामूहिक स्मृति :

भारतीय ज्ञान–परंपरा केवल शास्त्रीय ग्रंथों तक सीमित नहीं है, वह लोक–जीवन में भी जीवित है। संस्मरण साहित्य में लोक–जीवन, पर्व–त्योहार, ग्रामीण परिवेश और पारिवारिक संस्कारों का चित्रण मिलता है। अमृतलाल नागर के संस्मरणों में लोकजीवन का जीवंत चित्रण भारतीय सांस्कृतिक निरंतरता को अभिव्यक्त करता है। फणीश्वरनाथ रेणु के संस्मरणों में बिहार के पूर्णिया अंचल की लोक–धुनों, खेतों, खलिहानों और लोक–कथाओं का ऐसा चित्रण है कि पाठक स्वयं को उस लोक का हिस्सा समझने लगता है। 'धरती के सच और इतिहास की चेतना को फणीश्वर नाथ रेणु ने एक साथ आत्मसात किया था। उनकी रचनाएँ इसका प्रमाण है गाँव के खेत–खलिहान, पर्व–त्यौहार, गीत, कथा, रीति–रिवाज, टोन, भाषा–बोली, मुहावरे, मिजाज, तेवर, सोच, मानसिकता,

क्रिया–प्रतिक्रिया, जाति–गठन, सामाजिक बनावट, शक्ति–संतुलन, धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक यथार्थ, निरंतर होने वाला परिवर्तन जनित दबाव, इन सब की आपसी अनावश्यक टकराहटें, व्यक्ति समूह और समाज के आपसी बनते–बिगड़ते रिश्ते, प्रकृति के विभिन्न रूप, प्रकृति और मनुष्य का अंतर्संबंध सब एक जादुई संतुलन में बँधे रेणु के कथा विधान में इस तरह उतरते हैं जैसे साक्षात् एक स्थान (गाँव, कस्बा, शहर) अपने सारे कार्य–व्यापारों और धड़कनों के साथ वह मूर्त हो रहा हो।'[16]

संस्मरणकार अक्सर अपनी स्मृतियों को व्यक्त करने के लिए उसी लोक–बोली का उपयोग करते हैं, जो उस संस्कृति की पहचान है। यह भाषा को मिट्टी की सोंधी खुशबू से भर देता है। शिवपूजन सहाय की रचनाओं में पुराने समय के विवाह–उत्सवों, लोक–गीतों और सामुदायिक भोजों का विस्तृत वर्णन मिलता है, जो लोक–संस्कृति के विभिन्न रंगों को संजोए हुए हैं।

भीष्म साहनी, कृष्णा सोबती और कमलेश्वर के संस्मरणों में विभाजन की वह सामूहिक त्रासदी दर्ज है – 'कमलेश्वर सामान्य जनता के कथाकार रहे है। एक ओर जहाँ उन्होंने कस्बों और महानगरों में रहने वाले मध्यवर्ग की दुनिया चित्रित की है। वहीं दूसरी और विभाजन का दर्द भोगते लोगों की कहानी कही है।'[17] यह केवल उनका व्यक्तिगत दुख नहीं, बल्कि पूरे उप महाद्वीप की 'सामूहिक स्मृति' है। बहुत से संस्मरणों में उन परंपराओं का रोना या याद करना मिलता है जो अब लुप्त हो रही हैं, जैसे संयुक्त परिवार की रस्में या चौपालों पर होने वाली चर्चाएँ।

यहाँ आलोचनात्मक रूप से कहा जा सकता है कि संस्मरण साहित्य भारतीय ज्ञान–परंपरा के लोकाधारित स्वरूप को संरक्षित करता है। स्मृति के माध्यम से लोक–ज्ञान अगली पीढ़ियों तक पहुँचता है।

3.5 नैतिकता और मानवीय मूल्य :

भारतीय ज्ञान–परंपरा में सत्य और करुणा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। महादेवी वर्मा के संस्मरणों में पशु–पक्षियों के प्रति करुणा का भाव भारतीय 'अहिंसा' परंपरा का विस्तार है। महादेवी वर्मा ने 'अतीत के चलचित्र' में रामा और बिंदु जैसे पात्रों के माध्यम से यह दिखाया है कि अभाव में जीने वाले लोग भी अपने कर्तव्यों के प्रति कितने सजग और अडिग रहते हैं। अर्थात महादेवी के संस्मरणो के पात्र कर्तव्यपरायण दिखाई देते हैं जो एक नैतिक गुण हैं।

महादेवी वर्मा के संस्मरण मानवीय मूल्यों की पराकाष्ठा हैं। उन्होंने न केवल मनुष्यों बल्कि पशु–पक्षियों (जैसे 'नीलकंठ' और 'गिल्लू') के प्रति भी जो संवेदनशीलता दिखाई है, वह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के मूल्य को पुष्ट करती है। रामवृक्ष बेनीपुरी की 'माटी की मूरतें' में ग्रामीण जीवन के उन पात्रों का वर्णन है जो स्वयं भूखे रहकर भी दूसरों का पेट भरते हैं। यह निस्वार्थ सेवा का सर्वोच्च मानवीय मूल्य है।

आलोचनात्मक रूप से देखा जाए तो संस्मरण साहित्य भारतीय नैतिकता को आधुनिक संदर्भों में पुनर्परिभाषित करता है। यह नैतिकता केवल धार्मिक आदेश नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का स्वाभाविक विस्तार है।

निष्कर्ष :

भारतीय ज्ञान परंपरा और हिन्दी संस्मरण साहित्य का संबंध अत्यंत घनिष्ठ है। संस्मरण साहित्य भारतीय जीवन–दर्शन का अनुभवात्मक दस्तावेज है। यह साहित्य शास्त्रीय चिंतन को व्यावहारिक जीवन में रूपांतरित करता है तथा सांस्कृतिक निरंतरता को सुदृढ़ बनाता है।

संदर्भ सूची :

1. श्रीमद्भगवद्गीता, गीता प्रेस, गोरखपुर, 1923, पृष्ठ सं – 31
2. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी संस्मरण साहित्य, विकास प्रकाशन, कानपुर, पृष्ठ सं – 22
3. वही, पृष्ठ सं – 22
4. वही, पृष्ठ सं – 22
5. वही, पृष्ठ सं – 22
6. वही, पृष्ठ सं – 23
7. वही, पृष्ठ सं – 23
8. ईशादि नौ उपनिषद् (सटीक), गीता प्रेस, गोरखपुर, 2025, पृष्ठ सं – 2
9. श्रीमद्भगवद्गीता, गीता प्रेस, गोरखपुर, 1923, पृष्ठ सं – 31
10. स्मृति की रेखाए, लोकभारती प्रकाशन, 1943, पृष्ठ सं – 9
11. वही, पृष्ठ सं – 84
12. हिन्दी संस्मरणो का अनुशीलन, वन्या पब्लिकेशन, कानपुर, 2023, पृष्ठ सं – 63
13. नित्यकर्म–पूजा–प्रकाश, गीता प्रेस, गोरखपुर, 1960, पृष्ठ सं – 25,
14. याद हो कि न याद हो, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 1992, पृष्ठ सं –19
15. घर का जोगी जोगड़ा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2006, पृष्ठ सं – 9
16. हिन्दी संस्मरणो का अनुशीलन, वन्या पब्लिकेशन, कानपुर, 2023, पृष्ठ सं – 228
17. हिन्दी संस्मरणो का अनुशीलन, वन्या पब्लिकेशन, कानपुर, 2023, पृष्ठ सं – 162

ई–मेल : anjanaramanandi676@gmail.com

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
May 2026 Page No. : 180-184

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

भारत में महिलाओं के अधिकार तथा आरक्षण

शिवानी, शोध छात्रा,
राजनीति विज्ञान विभाग, एल.एस. एम. परिसर, पिथौरागढ़
डॉ. मंजू आर्या, शोध निर्देशक,
राजनीति विज्ञान विभाग, राजकीय महाविद्यालय, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल।

शोध सारांश :

भारत में महिलाओं की स्थिति कभी भी एक समान नहीं रही है। भारत में महिलाओं का इतिहास काफी गतिशील रहा है। प्राचीन काल में जहाँ मनुस्मृति के श्लोक 'यत्र नारीयस्तु पूज्यते रमन्ते तत्र देवता' के आधार पर गरिमामयी स्थान प्रदान किया गया था। वहीं मध्यकाल में महिलाओं की स्थिति में गिरावट आयी। सती प्रथा, पर्दा प्रथा, बाल विवाह, विधवा पुनर्विवाह पर रोक जैसी कुरीतियाँ उनके सामाजिक जीवन का हिस्सा बन गयी 19वीं. शताब्दी के पूर्वार्द्ध में समाज सेवियों ने इन कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठायी जिसका परिणाम 'सती प्रथा अधिनियम 1829, विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856, सिविल मैरिज एक्ट (नेटिव मैरिज एक्ट) 1872, सम्मति आयु अधिनियम 1891 तथा बाल–विवाह निरोधक अधिनियम (शारदा एक्ट) 1929 के रूप में सामने आया। इन सभी अधिनियमों ने समाज में महिलाओं की स्थिति को सुधारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रस्तुत शोध पत्र के अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों का वर्णन करते हुए वर्तमान समय में महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं का अध्ययन किया गया है। साथ ही वर्तमान समय में अधिकारों की वास्तविक प्रासंगिकता का वर्णन किया गया है।

कुंजी शब्द – अधिकार, मौलिक अधिकार, संवैधानिक, नीति निर्देशक तत्व, सहदायक, वैधानिक अधिनियम, आरक्षण।

भारत में महिलाओं के अधिकार –

स्वतंत्रता के बाद हमारे संविधान द्वारा गणतंत्र की शुरुआत से ही महिलाओं तथा पुरुषों को समान अधिकार प्रदान किये हैं। लैंगिक समानता के सिद्धांत को हमारे संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा राज्य के नीति–निर्देशक तत्वों में प्रतिपादित किया गया है। संविधान न केवल मौलिक अधिकारों के तहत महिलाओं को पुरुषों के समान समानता प्रदान करता है बल्कि राज्य को नीति–निर्देशक तत्वों के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी देता है।

महिलाओं के मौलिक अधिकार :

1. **समता का अधिकार :** भारतीय संविधान के 14 से लेकर 18 तक के अनुच्छेद, समानता का अधिकार

प्रदान करते हैं। अनुच्छेद 14–विधि के समक्ष समानता, अनुच्छेद 15–लिंग के आधार पर भेदभाव निषेध, अनुच्छेद 15(3)–राज्य को महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान करने का अधिकार देता है तथा अनुच्छेद 16–महिलाओं को पुरुषों के समान अवसरों की समानता प्रदान करता है।

2. **स्वतंत्रता का अधिकार** – भारतीय संविधान के 19 से लेकर 22 तक के अनुच्छेदों में महिलाओं को, पुरुषों के समान स्वतंत्रता प्रदान की गयी है। जिसमें से प्रमुख अनुच्छेद 19(1) वाक् अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अनुच्छेद (21) जीवन जीने का अधिकार (प्राण व दैहिक स्वतंत्रता), अनुच्छेद 21 (क) महिलाओं को पुरुषों के समान शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है।

3. **शोषण के विरूद्ध अधिकार** – अनुच्छेद (23) मानव के दुर्व्यापार और बलात्श्रम का प्रतिषेध करता है तथा अनुच्छेद (24) कारखानों आदि में बालश्रम को प्रतिबंधित करता है।

4. **धार्मिक स्वंतंत्रता का अधिकार** – भारतीय संविधान के अनुच्छेद (25) से अनुच्छेद (28) तक में नागरिकों धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान की गयी है जिसमें अन्तःकरण की, किसी भी धर्म को मानने तथा धार्मिक कार्यों का प्रबंधन करने की स्वतंत्रता प्रदान की गयी है।

5. **संस्कृति एवं शिक्षा सम्बन्धी अधिकार** – अनुच्छेद (29) तथा अनुच्छेद (30) में इसका प्रावधान है।

6. **संवैधानिक उपचारों का अधिकार** – अनुच्छेद (32) के तहत अगर किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर सकता है।

मौलिक अधिकारों के साथ–साथ राज्य के नीति–निर्देशक तत्वों के तहत राज्य को महिलाओं के हित में कार्य करने हेतु निर्देश दिए गये है जैसे अनुच्छेद 39(क) के अनुसार राज्य अपनी नीति का संचालन इस प्रकार करेगा कि 'पुरुष और स्त्री सभी नागरिकों को समान रूप से जीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार हो' तथा अनुच्छेद 39 (घ) के अनुसार राज्य अपनी नीति का संचालन इस प्रकार करेगा कि 'पुरुषों और स्त्रियों दोनों का समान कार्य के लिये समान वेतन हो'। इन सब के साथदृसाथ महिलाओं को पुरुषों के समान अन्य वैधानिक अधिकार भी प्रदान किये गये हैं जिसमें से कुछ वैधानिक अधिकारों का वर्णन निम्न है :–

- **मत देने का अधिकार** – अनुच्छेद 325 तथा अनुच्छेद 326 बिना किसी लैंगिक भेदभाव के महिलाओं तथा पुरुषों को सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार प्रदान करता है।
- **संपत्ति का अधिकार** – पहले यह मौलिक अधिकार हुआ करता था, मगर '44 वें संविधान संसोधन अधिनियम 1978' के द्वारा इसे विधिक अधिकार बना दिया गया। 1978 से पूर्व सम्पत्ति के अधिकार के मौलिक अधिकार होने के बाबजूद 'हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम–1956' तथा हिन्दू महिला सम्पत्ति का अधिकार अधिनियम–1937', हिन्दू महिलाओं के सम्पत्ति में अधिकार को नियंत्रित करते थे परन्तु सितम्बर 2005 में 'हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956' को संशोधित कर संपत्ति विभाजन के मामले में महिला को भी सहदायक के रूप में मान्यता प्रदान की गयी अर्थात पुत्री को भी पुत्र के समान अधिकार और देनदारी दी गयी है।

महिलाओं की सुरक्षा तथा संरक्षण हेतु सरकार तथा राज्य सरकार के द्वारा अनेक अधिनियम बनाये गये हैं, जिसमें से कुछ का वर्णन निम्न है।

- **प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961** – इसके अनुसार 'काम काजी महिला प्रसूति से पहले पूरे वेतन पर

6 हफ्ते की छुट्टी और प्रसूति के बाद 6 हफ्ते की छुट्टी पाने की अधिकारी है वह सारी 12 हफ्ते की छुट्टी प्रसूति के बाद एक साथ भी ले सकती है'। संसद के द्वारा वर्ष 2017 में इस अधिनियम संसोधित कर प्रसूति प्रसुविधा (संसोधन) अधिनियम, 2017 पारित किया, जिसके अनुसार पहले दो बच्चों पर कामकाजी महिलाओं के लिए प्रसूति अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया गया हैं मगर दो बच्चों के बाद यदि बच्चा होता है तो उसके लिए यह 12 सप्ताह ही होगा।

- **दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961** – इसके तहत दहेज को परिभाषित करते हुये दहेज को देने, लेने या दहेज देने व देने के लिए प्रेरित करने वाले व्यक्ति के लिए कम से कम 5 वर्ष के कारावास तथा कम से कम 15000 रूपये के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।
- **सती (निवारण) अधिनियम, 1987** – इसके अनुसार सती कर्म के संदर्भ में किसी भी प्रकार का अनुष्ठान करना, जुलूस निकालना, इसकी किसी भी रीति का समर्थन करना या उसका प्रचार करना दंडनीय अपराध होगा।
- **राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम 1990** – महिलाओं के सन्दर्भ में संविधान में उपलब्ध कानूनों का अध्ययन और जाँच करके उनके कार्यान्वयन की सिफारिश करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम 1990 के तहत 31 जनवरी 1992 को एक विधिक निकाय के रूप में राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन किया गया।
- **घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम (2005)** – घरेलु हिंसा से महिलाओं को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से इस अधिनियम को बनाया गया था। इस अधिनियम के अनुसार घरेलू हिंसा के अंतर्गत वे सभी कृत्य शामिल हैं जिनके द्वारा महिला को शारीरिक तथा मानसिक चोट पहुँचती है।
- **बाल विवाह निषेध अधिनियम (2006)** – भारत में सर्वप्रथम बाल विवाह पर रोक लगाने हेतु 1928 में शारदा एक्ट बनाया गया जिसे 1929 में पारित किया गया। वर्ष 1949, 1978 और 2006 में इसमें संसोधन किया गया और वर्त्तमान समय में यह अधिनियम बाल विवाह निषेध अधिनियम (2006) के रूप लागू है जिसके अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र के विवाह को बाल विवाह माना जाता है, इससे कम उम्र में विवाह पर प्रतिबन्ध है। अगर कोई व्यक्ति इसके तहत दोषी पाया जाता है तो उसे इसके तहत दंड का प्रावधान है।
- **पोक्सो एक्ट (2012)** – इसे यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है। इसे 1992 में संयुक्त राष्ट्र के बाल अधिकारों के अधिसमय के समर्थन में भारत सरकार द्वारा 14 नवम्बर 2012 को लागू किया गया। इसमें बालक तथा बालिका दोनों के साथ होने वाले यौन शोषण को अपराध की श्रेणी में रखा गया है।
- **कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और शिकायत निपटान) अधिनियम, 2013** – यह अधिनियम 9 दिसंबर 2013 से लागू हुआ। इसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित तथा संरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है।
- **आपराधिक कानून संसोधन अधिनियम (2018)** – यह अधिनियम 12 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों के साथ दुष्कर्म करने पर अपराधी के लिए मृत्युदंड सहित अन्य कठोर दंडात्मक कारवाही करने का प्रावधान

करता है।

- **भारतीय राजनीति में महिला आरक्षण –**

सर्व प्रथम भारतीय राजनीति में महिलाओं के आरक्षण का मुद्दा स्वतंत्रता आन्दोलन के समय सामने आया जब बेगम शाह नवाज, सरोजनी नायडू तथा तीन महिला निकायों के द्वारा 1931 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री को नए संविधान में महिलाओं की स्थिति पर एक संयुक्त रूप से अधिकाधिक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। मगर सर्वप्रथम संसद में महिलाओं के लिए प्रतिनिधित्व सम्बन्धी मुद्दा 1974 में 'आकलन सम्बन्धी समिती को रिपोर्ट' में उठाया गया था। इसके पश्चात 73वें संविधान संसोधन अधिनियम 1992 के तहत अनुच्छेद 243 (घ)(2) के अनुसार पंचायत स्तर पर महिलाओं के लिए एक तिहाई (33%) सीटें आरक्षित की गयी तथा इसी तरह नगर पालिका स्तर पर भी महिलाओं के लिए 74वें संविधान संसोधन अधिनियम 1992 के तहत अनुच्छेद 243(न)(3) के अनुसार नगर पालिका स्तर पर भी महिलाओं के लिए एक तिहाई (33%) सीटें आरक्षित की गयी।

इन प्रावधानों के उपरांत लोक सभा तथा राज्य सभा में महिलाओं को आरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से सर्वप्रथम 1996 में लोकसभा में H. D. देवगौंडा की सरकार 81वाँ. संविधान संसोधन विधेयक लेकर आयी। मगर भारी विरोध के चलते इस विधेयक यह विधेयक पारित नहीं हो सका। वर्ष 2008 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 'लोक सभा तथा राज्य सभा पर 33% महिला आरक्षण' से सम्बन्धी 108वाँ. संविधान संसोधन विधेयक राज्य सभा में प्रस्तुत किया जिसे 2 साल बाद वर्ष 2010 में राज्य सभा के द्वारा पारित कर दिया, मगर यह सरकार भी इस विधेयक को लोकसभा में पास नही करा पायी और आज तक ऐसा को भी अधिनियम नहीं बना पाया जो लोक सभा तथा राज्य सभा में महिलाओं को आरक्षण प्रदान करता हो।

सरकार के लिए महिला सशक्तिकरण हेतु बनाये गये अधिनियमों तथा योजनाओं के पश्चात भी भारतीय राजनीति में महिलाओं का स्तर बहुत कम है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये नवीनतम आँकड़ों के अनुसार Oct. 2021 में संसद में कुल मात्र 10.5% महिलाएँ प्रतिनिधित्व कर रही थी वही राज्यविधान सभा में भी महिलाओं के प्रतिनिधित्व का औसत मात्र 9% था। वही अगर हम भारत में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का अंतराष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन करें तो Inter Parliamentary Union (IPU) द्वारा जारी किये गये आंकड़ों के अनुसार विश्व स्तर पर भारत वर्ष 2014 में 117वें स्थान पर था मगर वर्ष 2020 में 26 अंक गिरकर 143वें स्थान पर आ गया। जब की वही IPU की सूची पाकिस्तान (106वें.), बांग्लादेश (98वें.) और नेपाल (43वें.) स्थान पर आकर महिला प्रतिनिधत्व के सन्दर्भ में भारत से आगे हैं।

निष्कर्ष :

महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा महिलाओं के अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिये भारतीय संविधान में अनेक प्रावधान किये गये हैं। संविधान महिलाओं को भी पुरुषों के समान आर्थिक भौतिक संसाधन उपलब्ध कराने तथा स्त्री व पुरुष दोनों को समान कार्य हेतु समान वेतन देने के लिए आवश्यक उपबन्ध करने हेतु राज्य को निर्देश देता है। इन निर्देशों का पालन करते हुए केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार दोनों के द्वारा अनेक योजनाओं का निर्माण किया गया है जिसके हमें सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनों प्रभाव देखने को मिले हैं एक तरफ जहाँ 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि' जैसी योजनाओं से बाल लिंगानुपात वर्ष 2020 में 16 अंकों की बढ़ोत्तरी के साथ 918/1000 से बढ़कर 934/1000 हो गया है। महिलाओं के खिलाफ होने

वाले अपराध की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुयी है। 'National Crime Record Bureau (NCRB)' द्वारा जारी की गयी 'Crime in India Report 2021' के अनुसार वर्ष 2021 में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध के मामलों की संख्या 4,28,278 थी जब की वही 2020 में मामलों की संख्या 3,71,563 थी अर्थात वर्ष 2021 में महिला के खिलाफ हो रहे अपराधों की संख्या में 2020 की अपेक्षा 15.3% की बढ़ोत्तरी हुयी। इनमें सबसे रोचक बात यह थी की 31.8% मामलों में महिलाएँ घरेलु हिंसा की शिकार हुयी थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संसद में प्रस्तुत किये आकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 से वर्ष 2021 के मध्य 18 वर्ष से अधिक उम्र की 10,61,648 महिलाएँ तथा 18 वर्ष से कम उम्र की 2,51,430 लड़कियाँ लापता हुईं हैं।

केंद्र सरकार व राज्य सरकार के द्वारा बनाये गये उनके लिए बनाये गये विधिक अधिनियमों के उपरांत भी महिलाओं की स्थिति में सुधार का प्रगति स्तर बहुत कम है। इस प्रगति स्तर में तीव्रता लाने के उद्देश्य से महिला सशक्तिकरण को लेकर बनाये गये प्रावधानों को और अधिक कठोरता से लागू करने की आवश्यकता हैं ताकि संविधान में वर्णित लैंगिक समानता के सिद्धांत को वास्तविक रूप प्रदान किया जा सके।

सन्दर्भ ग्रन्थ :

